

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन-जन की आवाज़

लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 106 शुक्रवार, 29 मई 2026 ज्येष्ठ शुक्ल त्रियोदशी विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 12 मूल्य : 05 रुपया



**एक नजर**



## एक जून को भारत आएगा अमेरिकी डेलिगेशन

**दिल्ली।** अंतरिम व्यापार समझौते के ब्योरे को अंतिम रूप देने और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिकी दल एक जून को चार दिवसीय यात्रा पर भारत आ रहा है। दोनों देशों की इस बातचीत में अंतरिम समझौते के ब्योरे को अंतिम रूप देने और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत बाजार पहुंच, गैर-शुल्क उपाय, सीमा शुल्क और व्यापार सुविधा, निवेश प्रोत्साहन जैसे कई क्षेत्रों पर बातचीत को आगे बढ़ाने का प्रस्ताव है।



## मशहूर शायर डॉ. बशीर बद्र का 91 वर्ष की उम्र में निधन

**मुंबई।** उर्दू अदब व गजल की दुनिया के मशहूर शायर और पद्मश्री सम्मानित साहित्यकार डॉ. बशीर बद्र का गुरुवार को भोपाल में निधन हो गया। 91 साल की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर सामने आते ही शोक की लहर दौड़ गई। सोशल मीडिया पर लोग उनके मशहूर शेर साझा कर उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, डॉ. बशीर बद्र लंबे समय से डिमेंशिया जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। उनकी याददाश्त जा चुकी थी। परिवार के करीबी लोगों के अनुसार, पिछले कुछ समय से वे लोगों को पहचान भी नहीं पा रहे थे। उम्र से जुड़ी दूसरी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी लगातार बढ़ती जा रही थीं, जिसके चलते गुरुवार को उनका निधन हो गया। परिवार की ओर से अभी अंतिम संस्कार के समय को लेकर आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

## भाजपा ने 4 राज्यों के नए प्रदेश अध्यक्ष का किया ऐलान, हर्ष मल्होत्रा को मिली दिल्ली की कमान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को चार राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा की है। पार्टी ने वीरेंद्र सचदेवा के स्थान पर दिल्ली की कमान केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा को सौंपी है। इसके अलावा भाजपा ने पंजाब, हरियाणा और त्रिपुरा के नए प्रदेश अध्यक्ष के नामों का ऐलान किया है। इस संबंध में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने अधिसूचना जारी की है।

अरुण सिंह ने अधिसूचना जारी करते हुए बताया, ''भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, भारतीय जनता



पार्टी दिल्ली प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उपरोक्त नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।'' केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा को दिल्ली का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। डॉ. अर्चना गुप्ता को हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी गई है जबकि सरदार केवल सिंह ढिल्लो को पंजाब और अभिषेक देबरॉय को त्रिपुरा के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हर्ष मल्होत्रा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली से सांसद हैं। वे केंद्र सरकार में मंत्री पद संभाल रहे हैं। लंबे समय से संगठनात्मक राजनीति में सक्रिय मल्होत्रा ने दिल्ली भाजपा में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। वे जनसंपर्क, संगठन क्षमता और विकास से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका के लिए जाने जाते हैं।

## आतंक के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंड नहीं होने चाहिए : डोभाल

एजेंसी

**दिल्ली।** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने गुरुवार को मॉस्को में आयोजित पहले अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मंच को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आतंकवाद वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है।

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनसए) अजीत डोभाल ने गुरुवार को कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में किसी भी तरह के दोहरे मापदंड नहीं होने चाहिए और सभी देशों को इस खतरे के खिलाफ एकजुट होकर कार्रवाई करनी चाहिए। डोभाल ने मॉस्को में आयोजित पहले अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मंच को



संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के समर्थकों, वित्तपोषकों और उसे बढ़ावा देने वाले नेटवर्क के खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है।

उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के आतंकवाद को उचित नहीं ठहराया जा सकता और इस मुद्दे पर चयन कर के कार्रवाई करने का रवैया वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरनाक है। डोभाल ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ साझा और समन्वित रणनीति अपनाने की जरूरत है। एनएसए डोभाल ने साइबर सुरक्षा, कट्टरपंथ और उभरते सुरक्षा खतरों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि नई तकनीकों और डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल आतंकवादी संगठन अपने नेटवर्क फैलाने और युवाओं को प्रभावित करने के लिए कर रहे हैं, जिससे देशों के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। डोभाल की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब भारत लगातार सीमा पार आतंकवाद और आतंकवादी ढांचे के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सख्त रुख अपनाने की वकालत करता रहा है। इस मंच में अलग-अलग देशों के सुरक्षा सलाहकारों, खुफिया एजेंसियों के अधिकारियों और रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में वैश्विक सुरक्षा, आतंकवाद-रोधी सहयोग और बहुपक्षीय समन्वय जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई।

# ईरान ने शुरू किया जवाबी हमला अमेरिकी बेस को बनाया निशाना

एजेंसी

**तेहरान:** अमेरिका की मिलिट्री स्ट्राइक के बाद ईरान ने अमेरिकी ठिकानों पर जवाबी हमले शुरू किए हैं। ईरान की तस्नीम न्यूज ने बताया कि रिवोल्यूशनरी गार्ड (IRGC) ने अमेरिकी एयरबेस को निशाना बनाया है। IRGC ने कहा कि यह हमला पोर्ट सिटी बंदर अब्बास के पास गुरुवार सुबह तड़के हुए हवाई हमले के जवाब किया गया है। ईरानी बल ने यह नहीं बताया कि जिस अमेरिकी बेस पर हमला किया गया वह कहां स्थित है।

इस बीच कुवैत के ऊपर भी मिसाइल और ड्रोन हमले होने की जानकारी सामने आई है। समाचार एजेंसी AFP के अनुसार, कुवैत की सेना ने कहा है कि वह मिसाइल और ड्रोन हमलों का जवाब दे रही है। कुवैती सेना ने X पर एक पोस्ट में कहा, "कुवैत की हवाई सुरक्षा प्रणाली इस समय दुश्मन की मिसाइल और ड्रोन हमलों का मुकाबला कर रही है।"

ईरान की IRGC ने कहा कि दुश्मन की किसी भी आक्रामकता का जवाब





जरूर दिया जाएगा और यह भी जोड़ा कि आगे कोई सैन्य कार्रवाई होती है तो और भी अधिक निर्णायक जवाब दिया जाएगा।

आज सुबह हमलावर अमेरिकी सेना ने हवाई मिसाइलों का इस्तेमाल करते हुए बंदर अब्बास हवाई अड्डे के बाहरी इलाके में एक जगह पर हमला किया था। इसके जवाब में सुबह 4:50 बजे उस अमेरिकी बेस को निशाना बनाया गया, जिसकी पहचान हमले के स्रोत के रूप में हुई थी। सीबीएस न्यूज के हवाले से सन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि अमेरिका ने इन हमलों को 'रक्षात्मक कार्रवाई' बताया और कहा कि उनके बीच जो युद्धविराम है, वह अभी लागू माना जा रहा है। इस बीच, ईरानी समाचार एजेंसी 'फार्स' ने ईरान के बंदर अब्बास पोर्ट शहर के पूर्वी इलाके में गुरुवार तड़के करीब 1:30 बजे (2200 जीएमटी बुधवार) तीन धमाकों की आवाज सुनी गई। यह शहर होर्मुज स्ट्रेट के पास स्थित है। रिपोर्ट के मुताबिक, एयर डिफेंस सिस्टम तुरंत सक्रिय कर दिए गए और अधिकारी यह पता लगाने में जुट गए कि धमाकों की आवाज कहां से आई। इससे पहले बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह मध्यावधि चुनावों के राजनीतिक दबाव की वजह से ईरान के साथ किसी समझौते में जल्दबाजी नहीं करेंगे।

### अमेरिका का ईरान पर हवाई हमला

इससे पहले अमेरिकी सेना ने ईरान में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात हमले कए। इस दौरान एक सैन्य ठिकाने को निशाना बनाया गया, जिसे वॉशिंगटन ने अमेरिका की सेना और क्षेत्र में चल रहे वाणिज्यिक जहाजों के लिए खतरा बताया। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ये कार्रवाई अमेरिकी बलों तथा समुद्री व्यापार मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए की गई। सीबीएस न्यूज ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से बताया कि अमेरिकी सेना ने ईरान की तरफ से छोड़े गए ड्रोन भी हवा में ही मार गिराया।


## केन्या के गर्ल्स स्कूल की डॉर्मिटरी में लगी भीषण आग, 16 छात्राओं की दर्दनाक मौत

एजेंसी

**नैरोबी।** केन्या में लड़कियों के एक स्कूल के हॉस्टल में भीषण आग लगने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई है। AFP ने बताया कि मरने वालों में ज्यादातर बच्चे शामिल थे और 73 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रेड क्रॉस ने AFP को बताया कि यह आग रात में नकुरू काउंटी के एक बोर्डिंग स्कूल, उतुमिषी गर्ल्स एकेडमी में लगी थी। हालांकि उन्होंने हताहतों की संख्या नहीं बताई। केन्याई रेड क्रॉस ने कहा कि आग गिलगिल इलाके में स्थित उतुमिषी गर्ल्स एकेडमी सीनियर स्कूल में रात करीब 1 बजे लगी थी लेकिन इसकी सूचना दो घंटे से भी ज्यादा समय बाद मिली।

रेड क्रॉस के एक प्रवक्ता ने AFP को बताया "आपातकालीन बचाव दल, एम्बुलेंस कर्मी और हमारे सहायक कर्मचारी इस समय घटनास्थल पर मौजूद हैं।" आग लगने का कारण तत्काल पता नहीं चल पाया है। DW ने बताया कि अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि आग पर काबू पा लिया गया है।

काउंटी पुलिस अधिकारी मसूद म्विन्यी ने स्कूल के बाहर मौजूद परेशान माता-पिता से बात की और कहा "यह



एक दुखद और दिल दहला देने वाली स्थिति है।" म्विन्यी ने पत्रकारों को बताया कि लगभग 50 अधिकारी स्कूल के आस-पास के इलाकों में उन छात्रों की तलाश कर रहे हैं जो आग लगने पर शायद वहां से भाग गई होंगी। आपको बता दें कि केन्या में दशकों से स्कूलों में आग लगने की घटनाएं एक बार-बार होने वाली और जानलेवा समस्या बनी हुई हैं। अधिकारी अक्सर इन घटनाओं को आगजनी, खराब इंफ्रास्ट्रक्चर, हॉस्टलों में ज्यादा भीड़, बिजली की खराबी और सख्त अनुशासन के साथ साथ रहने की खराब स्थितियों को लेकर छात्रों के असंतोष से जोड़ते हैं।

देश में स्कूल में आग लगने की सबसे जानलेवा घटना 2001 में माचाकोस काउंटी के क्यंगुली सेकेंडरी स्कूल में हुई थी जहां स्कूल की नीतियों के विरोध में कथित तौर पर दो छात्रों द्वारा एक हॉस्टल में आग लगा दिए जाने के बाद 67 छात्रों की मौत हो गई थी। 2017 में नैरोबी के मोई गर्ल्स हाई स्कूल में लगी आग में 10 छात्रों की जान चली गई थी। बाद में हुई जांच में यह निष्कर्ष निकला कि एक छात्र ने जान-बूझकर आग लगाई थी। केन्या में 2018 में स्कूलों में आगजनी के 60 से ज्यादा मामले भी सामने आए जिससे बोर्डिंग स्कूलों में इस संकट की गंभीरता उजागर हुई।

## सिद्धारमैया ने राज्यपाल के सचिव को इस्तीफा सौंपा, कांग्रेस विधायक दल की बैठक कल

एजेंसी

**बंगलूरू।** कर्नाटक में सत्ताधारी कांग्रेस सरकार में आज बड़ा बदलाव हो गया है। सीएम सिद्धारमैया ने आज सीएम पद से इस्तीफा दे दिया हैं और उनकी जगह डीके शिवकुमार को अगला सीएम बनना तय माना जा रहा है। सिद्धारमैया ने राज्यपाल कार्यालय पहुंचकर अपना इस्तीफा दिया। अब कल कांग्रेस विधायक दल की बैठक में अगले सीएम के चुनाव की औपचारिकता होगी।

सिद्धारमैया ने कहा, कर्नाटक के अभिनेता राजकुमार ने कहा कि उनके दर्शक उनके लिए भगवान हैं। मेरे लिए हमारा संविधान हमारा धर्म है और मतदाता ही हमारे भगवान हैं। सिद्धारमैया ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को धन्यवाद दिया और कहा, 'जब साल 2006 में वे कांग्रेस में शामिल हुए, तब से ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं, नेताओं ने मुझे पूरा समर्थन दिया और मैं आज सभी को



धन्यवाद देता हूं। मैं दो बार मुख्यमंत्री रहा। इस दौरान मेरे सहयोगियों से मुझे पूरा सहयोग मिला, उसके लिए उन सभी का धन्यवाद।' इस्तीफे के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सिद्धारमैया ने बताया कि उन्होंने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया है। राज्यपाल बंगलूरू में नहीं है इसलिए उन्होंने राज्यपाल के सचिव को अपना इस्तीफा सौंपा है। सिद्धारमैया ने कहा, 'मैंने पहले भी कहा था कि जब भी पार्टी आलाकमान उन्हें कहेगा, वे अपना इस्तीफा दे देंगे। अब पार्टी आलाकमान ने मुझे इस्तीफा देने को कहा तो इसलिए आज मैंने अपना इस्तीफा दे दिया। राज्यपाल जब बंगलूरू आएंगे, तब वे उनके इस्तीफा को स्वीकार करेंगे। संविधान के अनुसार, राज्यपाल को मेरा इस्तीफा स्वीकार करना जरूरी है।' सिद्धारमैया ने लोक भवन जाकर सीएम पद से इस्तीफा दे दिया है। सिद्धारमैया ने राज्यपाल कार्यालय को अपना इस्तीफा सौंपा।

## नीट पेपर लीक मामले में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर उच्च स्तरीय बैठक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) पेपर लीक होने के मामले में देशभर में मचे हंगामे के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर गुरुवार को एक उच्च-स्तरीय बैठक हुई जिसमें परीक्षा कराने को लेकर व्यापक चर्चा की गयी।

सूत्रों के अनुसार बैठक में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी के महानिदेशक अभिषेक सिंह और प्रधानमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बताया जा रहा है कि बैठक में करीब 40 मिनट तक आगामी नीट परीक्षा को लेकर गहन मंथन किया गया। सूत्रों ने बताया कि बैठक का मुख्य मकसद नीट परीक्षा के अचानक रद्द होने के बाद छात्रों और अभिभावकों के बीच पैदा हुई चिंताओं को दूर करना और परीक्षा प्रक्रिया की विश्वसनीयता को फिर से बहाल करने की दिशा में काम करना



था। माना जा रहा है कि अधिकारी इस कथित लीक के मामले में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने पर भी विचार कर रहे हैं। देशभर के लाखों मेडिकल उम्मीदवारों को प्रभावित करने वाले इस मामले में राष्ट्रीय जांच एजेन्सी ने 3 मई को आयोजित परीक्षा रद्द कर दी थी। यह पहली बार है जब राष्ट्रीय मेडिकल प्रवेश परीक्षा को उसके मौजूदा स्वरूप में पूरे देश में रद्द किया गया है। एजेंसी ने घोषणा की थी कि केंद्रीय एजेंसियों से मिले इनपुट और कानून प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा साझा की गई जांच रिपोर्ट की समीक्षा करने के बाद यह परीक्षा 21 जून को फिर से आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

## मुंबई के कल्याण में बकरीद पर बवाल, नमाज के विरोध में शिवसेना के दोनों गुटों ने की महाआरती

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मुंबई के कल्याण में बकरीद के बीच भारी बवाल देखने को मिला है। कल्याण के दुर्गाड़ी किले में प्रवेश को लेकर शिवसेना के उद्धव ठाकरे और शिंदे गुट ने प्रदर्शन किया। शिवसेना ने बकरीद की नमाज के बीच विरोध करते हुए महाआरती भी की। पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। पुलिस ने एक नेता को भी हिरासत में लिया है। बकरीद की नमाज के दौरान करीब 30 मिनट तक मंदिर बंद रहा था। इसी को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

बता दें कि दुर्गाड़ी किले में जहां नमाज अदा होती है, उसी के दूसरी ओर एक मंदिर भी है। हर साल ईद की नमाज के दौरान मंदिर को बंद किया जाता है। वहीं किले के रास्ते पर नमाज अदा होती है। लेकिन इस साल शिवसेना ने इसका विरोध किया और मंदिर जाने की बात कही थी। इसी दौरान दुर्गाड़ी किला



परिसर में प्रवेश करने की मांग को लेकर शिवसेना (उद्धव ठाकरे) गुट आक्रामक दिखा। लाल चौकी इलाके में ठाकरे गुट के उपनेता विजय साल्वी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया और इस दौरान महाआरती भी की गई। इस दौरान भारी संख्या में शिवसैनिक मौके पर पहुंचे। लोगों के हाथ में घंटे और भगवा झंडे थे। हंगामे के दौरान मीडिया से बात करते हुए ठाकरे गुट के नेता विजय साल्वी ने इस संवेदनशील मुद्दे को लेकर राज्य सरकार, मुख्यमंत्री और प्रशासन पर हमला बोला। वहीं पुलिस ने भाजपा नगरसेवक महेश पाटिल को घर से ही हिरासत में ले लिया गया। बीजेपी नगरसेवक महेश पाटिल ने प्रशासन को चेतावनी दी थी कि सड़कों पर नमाज पढ़ना बंद कराया जाए और हिंदुओं को किले के मंदिर में प्रवेश दिया जाए। उन्होंने ऐलान किया था कि अगर प्रवेश नहीं मिला, तो भाजपा की ओर से वहां हनुमान चालीसा और दुर्गा स्तोत्र का पाठ किया जाएगा, जिसके बाद पुलिस ने बीजेपी नगरसेवक को हिरासत में लिया।

## डीजल की कमी से गर्भवती के लिए नहीं पहुंच पाई एंबुलेंस, इलाज में देरी की वजह से बच्चे की मौत

एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के हिंगोली में परिवार ने आरोप लगाया कि एम्बुलेंस में डीजल न होने से देरी हुई और गर्भ में बच्चे की मौत हो गई। स्वास्थ्य मंत्री ने जांच के आदेश दिए हैं।

महाराष्ट्र के हिंगोली जिले से एक बेहद दर्दनाक और गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक परिवार ने आरोप लगाया है कि सरकारी एम्बुलेंस समय पर न मिलने और कथित तौर पर डीजल की कमी के कारण गर्भ में ही बच्चे की मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, महिला को प्रसव पीड़ा होने के बाद उन्होंने 108 और 102 एम्बुलेंस सेवाओं पर संपर्क किया। आरोप है कि करीब दो घंटे तक एम्बुलेंस नहीं मिली और स्टाफ ने यह कहकर मदद देने से इनकार कर दिया कि वाहन में डीजल नहीं है। परिवार का कहना है कि जब हालत बिगड़ती गई तो उन्होंने किसी तरह पैसे जुटाकर निजी वाहन की व्यवस्था की और महिला को सरकारी



मेडिकल कॉलेज, हिंगोली पहुंचाया। परिजनों ने दावा किया कि अस्पताल में डॉक्टरों ने सिजेरियन डिलीवरी की, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी और नवजात को बचाया नहीं जा सका। इस घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है और ग्रामीणों में गुस्सा भी देखा जा रहा है। महाराष्ट्र के सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर ने मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केवल आरोपों के आधार पर निष्कर्ष निकालना सही नहीं होगा। उन्होंने कहा कि यदि ऐसी कोई लापरवाही हुई है तो पूरे मामले की जांच कराई जाएगी और जिम्मेदार पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

**योजना** देश की पहली हाइड्रोजन फ्यूल सेल अब पटरियों पर दौड़ने के लिए तैयार

## गैस लीक का खतरा नहीं ! खुद रुक जाएगी हाइड्रोजन ट्रेन

एजेंसी

**दिल्ली।** रेलवे ने साल 2030 तक नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन हासिल करने का बड़ा लक्ष्य तय किया है। इसी दिशा में रेलवे तेजी से ग्रीन और क्लीन एनर्जी आधारित तकनीकों को अपनाने पर काम कर रहा है। इस पहल के तहत रेलवे ने हाइड्रोजन फॉर हेरिटेज प्रोजेक्ट शुरू किया है। इस महत्वाकांक्षी योजना के जरिए देश के ऐतिहासिक, हेरिटेज और पहाड़ी रूटों पर 35 हाइड्रोजन ट्रेनों का संचालन करने की तैयारी की जा रही है।

देश की पहली हाइड्रोजन फ्यूल सेल आधारित ट्रेन अब पटरियों पर दौड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। रेलवे बोर्ड ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को संचालन की मंजूरी दे दी है। यह ट्रेन हरियाणा के जींद-सोनीपत रूट पर चलाई जाएगी, जहां इसके सफल ट्रायल पहले ही पूरे किए जा चुके हैं। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, ट्रेन को सुरक्षा, विश्वसनीयता



और भारतीय रेलवे ट्रैक के साथ अनुकूलता जैसे कई सख्त मानकों पर परखा गया। सभी परीक्षणों में सफल रहने के बाद ही इसे अंतिम हरी झंडी दी गई है। इस अत्याधुनिक ट्रेन का निर्माण चेन्नई स्थित में किया गया है। हाइड्रोजन तकनीक पर आधारित यह ट्रेन पर्यावरण के अनुकूल मानी जा रही है, क्योंकि इसके संचालन के दौरान धुआं या कार्बन उत्सर्जन नहीं होता और केवल पानी की भाप निकलती है। भारतीय रेलवे का यह कदम देश को ग्रीन और सस्टेनेबल ट्रांसपोर्ट सिस्टम की दिशा में आगे बढ़ाने वाला माना जा रहा है। इस उपलब्धि के साथ भारत हाइड्रोजन आधारित रेल तकनीक अपनाने वाले चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है। भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन कई मायनों में बेहद खास और अनोखी मानी जा रही है। इसे दुनिया की सबसे लंबी ब्रॉड-गेज हाइड्रोजन ट्रेन बताया जा रहा है। यह आधुनिक ट्रेन करीब 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकेगी। रेलवे ने इसके संचालन के लिए उत्तर रेलवे के जींद-सोनीपत रूट को चुना है। यह ट्रैक अपेक्षाकृत कम भीड़भाड़ वाला माना जाता है और तकनीकी परीक्षणों के लिहाज से काफी उपयुक्त है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस रूट पर ट्रेनों की आवाजाही और स्थानीय आबादी पर जोखिम कम होने के कारण हाइड्रोजन ट्रेन की शुरुआत यहीं से करने का फैसला लिया गया। हाइड्रोजन आधारित इस परियोजना को सफल बनाने के लिए जींद के पास देश का पहला हाइड्रोजन प्लांट भी स्थापित किया जा रहा है। चूंकि हाइड्रोजन अत्यधिक ज्वलनशील गैस होती है, इसलिए ट्रेन संचालन और ईंधन भंडारण को लेकर विशेष सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन अत्याधुनिक तकनीक और हाई सेफ्टी फीचर्स से लैस होगी। इस ट्रेन में कुल 10 कोच लगाए गए हैं, जिनमें 2 ड्राइविंग पावर कार और 8 यात्री कोच शामिल हैं। ट्रेन की कुल पावर क्षमता 2400 किलोवाट रखी गई है। इसमें प्रत्येक ड्राइविंग पावर कार 1200 किलोवाट की क्षमता से लैस होगी।

## लापरवाही पाए जाने पर किसी को नहीं बख्शूंगा : धर्मेंद्र प्रधान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली को लेकर चल रहे विवाद के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को आश्वासन दिया कि यदि इस प्रक्रिया में कोई जानबूझकर की गई लापरवाही या गड़बड़ी पाई जाती है, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने लगभग 40 करोड़ स्कैन किए गए पन्नों से जुड़ा एक बड़ा डिजिटल मूल्यांकन अभियान चलाया है। उन्होंने कहा, "परीक्षा में शामिल हुए 17 लाख छात्रों में से सीबीएसई ने करीब 98 लाख उत्तर पुस्तिकाओं को सुरक्षित रखा है। प्रत्येक उत्तर पुस्तिका में लगभग 40 पन्ने होते हैं यानी कुल मिलाकर करीब 40 करोड़ स्कैन किए गए पेज। पहली बार सीबीएसई ने ऑन-स्क्रीन मार्किंग के जरिए मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी की है।"



ओएसएम को एक प्रगतिशील और छात्र-हितैषी पहल बताते हुए धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि दुनियाभर के कई विश्वविद्यालय और शिक्षण संस्थान छात्रों के लिए पारदर्शिता और पहुंच में आसानी सुनिश्चित करने के लिए इसी तरह की प्रणालियां अपना रहे हैं। उन्होंने कहा, "यह प्रणाली छात्रों को अपनी उत्तर पुस्तिकाएं देखने और अपने अंकों से जुड़े किसी भी संदेह को दूर करने में मदद करती है। ओएसएम को छात्रों के हितों को ध्यान में रखकर शुरू किया गया है। हालांकि, कुछ कमियां सामने आई हैं और मैं उनकी जिम्मेदारी लेता हूं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी छात्र के सवालों का जवाब मिले बिना न रहे।"

# हर सीएचसी पर खुलेगा कॉल सेंटर, गर्भवतियों और नवजातों की होगी फोन पर निगरानी



- एएनसी जांच, संस्थागत प्रसव और टीकाकरण बढ़ाने को स्वास्थ्य विभाग की नई पहल
- नवजातों के नियमित टीकाकरण के लिए परिजनों को पहले से किया जाएगा अलर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप स्वास्थ्य विभाग अब गर्भवती महिलाओं और नवजात बच्चों की सेहत को लेकर हाईटेक निगरानी सिस्टम शुरू करने जा रहा है। जिले की सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर जल्द ही हेल्थ मॉनिटरिंग कॉल सेंटर खोले जाएंगे, जहां से गर्भवतियों और नवजातों की फोन के जरिए नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। विभाग का दावा है कि इस नई व्यवस्था से एएनसी जांच, संस्थागत प्रसव और बच्चों के टीकाकरण में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा। नई व्यवस्था के तहत कॉल सेंटर से गर्भवती महिलाओं को समय-समय पर फोन कर जांच की तारीख, जरूरी दवाओं और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों की जानकारी दी जाएगी। सिर्फ सलाह ही नहीं, बल्कि महिलाओं के वजन, ब्लड प्रेशर और उनकी स्वास्थ्य स्थिति का भी अपडेट लिया जाएगा, ताकि किसी भी खतरे को समय रहते पहचाना जा सके। स्वास्थ्य विभाग की इस पहल का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी गर्भवती महिला एएनसी जांच या अस्पताल में प्रसव से वंचित न रह जाए। कॉल सेंटर के माध्यम से गर्भवती महिलाओं का पूरा रिकॉर्ड अपडेट रखा जाएगा और जरूरत पड़ने पर उन्हें तुरंत स्वास्थ्य केंद्र से जोड़ा जाएगा। नवजात बच्चों के नियमित टीकाकरण को लेकर भी विभाग अब अलर्ट मोड में रहेगा। वैक्सीनेशन की ड्यू डेट आने से पहले ही परिवारों को फोन कर जानकारी दी जाएगी, ताकि कोई भी बच्चा टीके से वंचित न रहे। स्वास्थ्य कर्मी परिवारों को टीकाकरण की तारीख और समय की याद दिलाएंगे।

**मातृ-शिशु मृत्यु दर कम करने पर फोकस**

स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि कई बार जानकारी के अभाव या लापरवाही के कारण गर्भवती महिलाएं जांच नहीं करा पातीं और बच्चों का समय पर टीकाकरण नहीं हो पाता। ऐसे में कॉल सेंटर आधारित यह व्यवस्था मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करने में अहम भूमिका निभा सकती है।यह व्यवस्था खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए राहत भरी मानी जा रही है, जहां कई परिवार स्वास्थ्य सेवाओं से समय पर नहीं जुड़ पाते। अब सीएचसी स्तर से सीधे फोन कर लोगों को जागरूक किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर तत्काल अस्पताल पहुंचने की सलाह भी दी जाएगी। सीएमओ डॉ विश्राम सिंह ने बताया कि यह पहल मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम साबित होगी।

# ईद-उल-अज़हा पर बरेली में दिखा भाईचारे का रंग

## काज़ी-ए-हिंदुस्तान मुफ्ती असजद मियां ने अदा कराई नमाज़, कुर्बानी और दावतों का सिलसिला शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर भर में ईद-उल-अज़हा का त्योहार गुरुवार को पूरी अकीदत, अमन-ओ-सुकून और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह होते ही ईदगाह समेत शहर की छोटी-बड़ी मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नमाज़ के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी, जबकि मुल्क में अमन, खुशहाली और भाईचारे के लिए खास दुआएं मांगी गईं। इसके साथ ही सुन्नते इब्राहीमी यानी कुर्बानी का सिलसिला भी शुरू हो गया, जो 30 मई की शाम तक जारी रहेगा।



नमाज अदा करते नामाजी। -जागरण मोर्चा

शहर की मुख्य नमाज़ बाकरगंज स्थित ईदगाह में सुबह 10 बजे अदा की गई, जहां काज़ी-ए-हिंदुस्तान मुफ्ती असजद रज़ा कादरी उर्फ असजद मियां ने ईद की नमाज़ पढ़ाई। नमाज़ के बाद खुत्बा हुआ और फिर मुल्क की तरक्की, अमन और इंसानियत के लिए खुसूसी दुआ की गई। नमाज़ के बाद ईदगाह में लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

इस मौके पर जमात रज़ा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान हसन खान उर्फ फरमान मियां ने लोगों को ईद की मुबारकबाद देते हुए अपील की कि कुर्बानी के दौरान हमवतन भाइयों की भावनाओं का ख्याल रखा जाए और खुले में कुर्बानी न की जाए। उन्होंने साफ-सफाई बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया। ईदगाह कमेटी के सदर खलील अहमद ने भी लोगों को गले मिलकर मुबारकबाद दी।शहर की मस्जिदों और दरगाहों में इमामों ने हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम और हजरत इस्माईल अलैहिस्सलाम की कुर्बानी का मशहूर वाकया बयान किया। उलेमाओं ने कहा कि मुसलमानों को जरूरत पड़ने पर अल्लाह की राह में अपनी सबसे प्यारी चीज कुर्बान करने से पीछे नहीं हटना चाहिए।

**सुबह 5:40 बजे शुरू हुआ नमाज़ का सिलसिला**

सबसे पहले बाजार संदल स्थित दरगाह वली मियां की चांद मस्जिद और जखीरा की दुलिया वाली मस्जिद में सुबह 5:40 बजे नमाज़ अदा की गई। इसके बाद शहर की अलग-अलग मस्जिदों और दरगाहों में अलग-अलग समय पर ईद की नमाज़ हुई।दरगाह ताजुश्शरिया पर सुबह 6:30 बजे, दरगाह शाह शराफत अली मियां में 6:45 बजे, खानकाह-ए-वामिकिया निशातिया में 7:30 बजे, खानकाह-ए-नियाजिया, दरगाह बशीर मियां और दरगाह रफीकुल औलिया में साढ़े आठ बजे नमाज़ अदा की गई। वहीं किला की जामा मस्जिद, नौमहला मस्जिद और दरगाह शाहदाना वली पर सुबह 9 बजे नमाज़ हुई।गढ़ी चौकी स्थित गढ़ी मस्जिद में नमाज़ दो शिफ्टों में अदा की गई। यहां पहली जमात सुबह 7 बजे और दूसरी 7:30 बजे हुई।दरगाह आला हजरत मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि सबसे आखिर में दरगाह आला हजरत स्थित रज़ा मस्जिद में सुबह 10:30 बजे मुफ्ती ज़ईम रज़ा ने नमाज़ अदा कराई। यहां अल्लामा तौसीफ रज़ा खान उर्फ तौसीफ मियां ने खास दुआ कराई। इस दौरान दरगाह प्रमुख हजरत सुब्हानी मियां, सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां समेत खानदान के बुजुर्ग और बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

**घरों में सजी दावतें, देर रात तक चला पकवानों का दौर**

कुर्बानी के बाद घरों में दावतों और मेहमाननवाजी का सिलसिला शुरू हो गया। शहरभर में सेवइयों के साथ तरह-तरह के पकवान तैयार किए गए। रिश्तेदारों और दोस्तों का एक-दूसरे के घर आने-जाने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा और पूरा शहर ईद की खुशियों में डूबा नजर आया।

# बरेली में दहेज की भूख ने उजाड़ दी बेटी की जिंदगी

- बरेली में बहू की मौत पर सास को 7 साल की जेल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** दहेज उत्पीड़न और दहेज हत्या के मामले में बरेली की अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए दोषी सास को सात साल की कैद की सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार यादव की अदालत ने बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव मकोही निवासी राजवंत उर्फ राजदीप कौर को दोषी मानते हुए 21 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

मामला उत्तराखंड के चमोली जिले के पाखरी थाना क्षेत्र के गांव सलना निवासी विजेंद्र शाह की ओर से दर्ज कराया गया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी बहन राजेश्वरी की शादी सितंबर 2017 में सिमरनजीत के साथ हुई थी। शादी के बाद पति, सास राजदीप कौर और परिवार के अन्य लोग दहेज की मांग को लेकर राजेश्वरी को प्रताड़ित करने लगे थे। वादी के मुताबिक 27 अप्रैल 2020 को उनकी बहन की हत्या कर दी गई। मामले की विवेचना के बाद पुलिस ने मृतका की सास राजदीप कौर के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।अदालत में सुनवाई के दौरान यह भी सामने आया कि पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था और मृतका को दहेज के लिए परेशान किया जाता था। अभियोजन पक्ष अदालत में आरोप साबित करने में सफल रहा। इसके बाद कोर्ट ने राजदीप कौर को दोषी करार देते हुए सात साल की सजा और जुर्माना लगाया।

**शहर में बवाल के आरोपी को मिली अग्रिम जमानत**

वहीं, शहर में हुए बवाल के एक मामले में अपर सत्र न्यायाधीश अमृता शुक्ला की अदालत ने बारादरी थाना क्षेत्र के चक महमूद निवासी वलीउद्दीन की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर कर ली। कोर्ट ने आरोपी को एक लाख रुपये के बंधपत्र पर रिहा करने का आदेश दिया है।

## सार संक्षेप

### यक्ष एप और सीसीटीवी ने खोल दी जेबकतरों की पोल,दो आरोपी गिरफ्तार, गए जेल

**बरेली।** बारादरी थाना पुलिस ने यक्ष एप और सीसीटीवी कैमरों की मदद से जेबकतरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए शाहजहांपुर के दो शातिरों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी राहगीरों, खासकर बुजुर्गों को निशाना बनाकर जेब काटते थे और रुपये लेकर बाइक से फरार हो जाते थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। वहीं, गिरोह का तीसरा साथी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। भुता क्षेत्र के डडिया नवाजिश अली निवासी सलीम बेग ने 31 मार्च को बारादरी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि वह किसी काम से शहर आए थे और सेटेलाइट बस स्टैंड के पास किसी ने उनकी जेब काटकर 50 हजार रुपये निकाल लिए। मामले में पुलिस ने दो अज्ञात जेबकतरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।घटना को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी अनुराग आर्य ने खुलासे के लिए टीम गठित करने के निर्देश दिए। सीओ तृतीय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और यक्ष एप की मदद से संदिग्धों की पहचान शुरू की। काफी जांच-पड़ताल के बाद पुलिस ने एक संदिग्ध को चिन्हित किया। 27 मई को मुखबिर से सूचना मिली कि मुकदमे से जुड़े तीन संदिग्ध सेटेलाइट से कैंट जाने वाले रास्ते पर खड़े हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने दबिश दी और शाहजहांपुर के थाना कोतवाली क्षेत्र की गिहार बस्ती निवासी रिंकू और सोनू को गिरफ्तार कर लिया। जबकि फर्रुखाबाद के कमालगंज क्षेत्र के महरूपुर रावी निवासी अरुण मौके से फरार हो गया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से 4150 रुपये बरामद किए हैं। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे टेंपो और बस स्टैंड के आसपास आने-जाने वाले लोगों की जेब काटते थे। खासतौर पर बुजुर्गों को आसान निशाना मानकर उन्हें टारगेट करते थे। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उनका तीसरा साथी बाइक से पीछे चलता था। जेब काटने के बाद दोनों आरोपी तुरंत बाइक पर बैठकर फरार हो जाते थे और बाद में आपस में रुपये बांट लेते थे। पुलिस अब फरार आरोपी अरुण की तलाश में दबिश दे रही है।

### पेड़ छाप नवाब दूल्हा खां की नकल बेचने वालों पर कोर्ट सख्त, अब नहीं बिकेगा नकली तंबाकू

**बरेली।** मशहूर तंबाकू ब्रांड पेड़ छाप नवाब दूल्हा खां की हूबहू पैकिंग और डिजाइन कॉपी कर बाजार में नकली उत्पाद बेचने वालों पर वाणिज्यिक न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाया है। बरेली के वाणिज्यिक न्यायालय के पीठासीन अधिकारी शाहिद रजा (एचजेएस) ने मंगलवार को प्रतिवादियों के खिलाफ स्थायी निषेधाज्ञा जारी करते हुए ब्रांड नाम, रंग, डिजाइन और पैकिंग के इस्तेमाल पर पूरी तरह रोक लगा दी। मामला मेसर्स ताज मोहम्मद खान की ओर से साझेदार मोहम्मद इमरान खान और मुनीज फात्मा द्वारा अदालत में दायर किया गया था। वादी पक्ष ने कोर्ट को बताया कि उनका तंबाकू ब्रांड पेड़ छाप नवाब दूल्हा खां लंबे समय से बाजार में पहचान रखता है, लेकिन कुछ लोग उसी नाम और मिलती-जुलती पैकिंग का इस्तेमाल कर नकली तंबाकू बेच रहे हैं। इससे ग्राहकों में भ्रम पैदा हो रहा है और ब्रांड की साख को नुकसान पहुंच रहा है। मुकदमे में इसरार मोहम्मद खां, अवैश खां, सुएब खां, सुहैल खां और रियाज अहमद को प्रतिवादी बनाया गया था। वादी पक्ष का आरोप था कि प्रतिवादी तंबाकू के पाउच, रंग, डिजाइन और ट्रेडमार्क की लगभग हूबहू नकल कर उत्पाद बाजार में उतार रहे थे।सुनवाई के दौरान प्रतिवादी पक्ष ने अदालत में दावा किया कि उनका परिवार वर्ष 1970 से नवाब दूल्हा खां नाम से तंबाकू का व्यापार करता आ रहा है और वादी पक्ष ने तथ्यों को छिपाया है। हालांकि अदालत में वे अपने दावों के समर्थन में कोई ठोस और विश्वसनीय साक्ष्य पेश नहीं कर सके। वादी पक्ष की ओर से ट्रेडमार्क और उपयोग से जुड़े कई दस्तावेज अदालत में पेश किए गए। सुनवाई के बाद अदालत ने माना कि पेड़ छाप नवाब दूल्हा खां ट्रेडमार्क का वास्तविक और पूर्व उपयोगकर्ता वादी पक्ष ही है। अदालत ने प्रतिवादियों को आदेश दिया कि वे अब पेड़ छाप नवाब दूल्हा खां नाम, उससे मिलते-जुलते चिह्न, डिजाइन, रंग और पैकिंग का इस्तेमाल किसी भी तंबाकू उत्पाद के निर्माण, बिक्री, वितरण, प्रचार और विज्ञापन में नहीं करेंगे। कोर्ट के इस फैसले को तंबाकू कारोबार में ट्रेडमार्क सुरक्षा के लिहाज से अहम माना जा रहा है।



# रामगंगा किनारे कब्जा करने वालों की अब खैर नहीं

- 166 गांवों में खिंचेगी सरकार की लक्ष्मण रेखा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** रामगंगा नदी के किनारे अवैध कब्जों और पक्के निर्माण पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने बड़ा अभियान शुरू कर दिया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को चिह्नित कर सीमांकन कराया जा रहा है, जिसके तहत रामगंगा के दोनों किनारों पर पिलर लगाए जाएंगे। जिले के 166 गांव फ्लड प्लेन जोन की सीमा में शामिल किए गए हैं। प्रशासन का मानना है कि नदी की जमीन पर लगातार बढ़ते कब्जों की वजह से हर साल बाढ़ का खतरा और तबाही बढ़ रही है।

सिंचाई विभाग और बाढ़ खंड मुरादाबाद की देखरेख में चल रही इस योजना के लिए 2.24 करोड़ रुपये का बजट मंजूर किया गया है। हालांकि पिलर लगाने के लिए निकाले गए पहले टेंडर में कोई ठेकेदार सामने नहीं आया। अब विभाग ने री-टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि टेंडर फाइनल होते ही मौके पर सीमांकन और पिलर लगाने का काम तेजी से शुरू कराया जाएगा।रामगंगा नदी में बरसात के दौरान हर साल जलस्तर बढ़ने से तटवर्ती गांवों में बाढ़ की स्थिति बनती है। कई गांवों में खेत पानी में समा जाते हैं और मकानों तक में पानी घुस जाता है। विशेषज्ञों की रिपोर्ट में सामने आया कि नदी की भूमि पर अवैध निर्माण और अतिक्रमण के कारण पानी का प्राकृतिक बहाव प्रभावित हो रहा है। इसी को देखते हुए नदी के दोनों किनारों को फ्लड प्लेन जोन घोषित किया गया है।

**166 गांव आए फ्लड प्लेन जोन में**

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी की ओर से कराए गए सर्वे में जिले के 166 गांवों को चिन्हित किया गया है। इनमें सदर तहसील के 52 गांव, आंवला के 43, फरीदपुर के 28 और मीरगंज तहसील के 43 गांव शामिल हैं। इन गांवों में नदी के दोनों ओर पिलर लगाकर स्पष्ट सीमा तय की जाएगी ताकि भविष्य में कोई निर्माण या कब्जा न हो सके। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता अमित किशोर ने बताया कि पिलर लगाने के लिए टेंडर प्रक्रिया दोबारा कराई जा रही है।

# मोबाइल को लेकर मंडप में विवाद पांच लोगों पर मारपीट का मुकदमा

**दातागंज।** थाना क्षेत्र के गांव सिसैड्या गोशाई में मंडप कार्यक्रम के दौरान मोबाइल को लेकर हुए विवाद में पांच लोगों पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया गया है। गांव निवासी इकरार अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 25 मई की रात गांव के जाहिद के मंडप में जीशान अपने मोबाइल के बारे में इशुव से पूछ रहा था। इसी बात पर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि आविद अली, जहीर, साधु शाह और दिलशाद ने एक राय होकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में शाहरुख, इशुव और इकरार अली घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# पढ़ाई छोड़ भूसा जुटाएंगे शिक्षकों के वायरल आदेश ने खड़ा किया बड़ा विवाद

- शिक्षक संगठनों में भारी नाराजगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** पहले जनगणना, फिर चुनाव ड्यूटी और अब गोशालाओं के लिए भूसा जुटाने की जिम्मेदारी। बरेली जिले के प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों पर लगातार बढ़ते गैर-शैक्षणिक कार्यों को लेकर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक आदेश ने शिक्षा विभाग और शिक्षक संगठनों के बीच नई बहस छेड़ दी है। वायरल आदेश में शिक्षकों को 46 किलो भूसा जुटाकर ब्लॉक स्तर पर जमा कराने और उसकी रसीद अधिकारियों को उपलब्ध कराने की बात कही गई है।

आदेश सामने आने के बाद शिक्षक संगठनों ने नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि शिक्षकों को पढ़ाई छोड़ लगातार दूसरे कार्यों में लगाया जा रहा है, जिससे शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है। कई शिक्षकों ने सोशल मीडिया पर सवाल उठाया कि क्या अब स्कूलों में पढ़ाने के बजाय भूसा ढोना भी उनकी जिम्मेदारी बन गई है। सोशल मीडिया पर वायरल हुई आदेश की कॉपी में शिक्षकों को भूसा जमा कराने से जुड़ा निर्देश दिखने के बाद जिले भर में चर्चा तेज हो गई। लोगों ने इसे लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दीं। कुछ ने इसे गोशालाओं की मदद के लिए सामूहिक प्रयास बताया तो कई लोगों ने इसे शिक्षकों पर अनावश्यक दबाव करार दिया।

**बीएसए बोलीं- गलत तरीके से किया जा रहा प्रचार**

मामले में बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. विनीता ने सफाई देते हुए कहा कि जिस तरह से आदेश का प्रचार किया जा रहा है, वास्तविक स्थिति वैसी नहीं है। उनका कहना है कि खंड शिक्षा अधिकारियों को सिर्फ इतना निर्देश दिया गया है कि वे अपने क्षेत्र के संपन्न लोगों को गोशालाओं के लिए भूसा दान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि शिक्षकों को व्यक्तिगत रूप से भूसा खरीदने या जमा कराने के लिए बाध्य नहीं किया गया है। भीषण गर्मी और हरे चारे की कमी को देखते हुए गोशालाओं में चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक सहयोग का प्रयास किया जा रहा है।

**जिले में 1500 क्विंटल भूसा जुटाने का लक्ष्य**

जानकारी के मुताबिक हर ब्लॉक में करीब 100 क्विंटल भूसा जुटाने का लक्ष्य तय किया गया है। जिले के कुल ब्लॉकों के हिसाब से लगभग 1500 क्विंटल भूसा गोशालाओं में पहुंचाने की तैयारी है। प्रशासन का मानना है कि गर्मी के मौसम में गोवंश के लिए चारे की समस्या गंभीर हो जाती है, इसलिए सामाजिक सहभागिता के जरिए राहत पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। हालांकि शिक्षक संगठनों का कहना है कि आदेश चाहे किसी भी मंशा से जारी हुआ हो, लेकिन इसका दबाव अंततः शिक्षकों पर ही पड़ता है। उनका कहना है कि पहले ही शिक्षकों को जनगणना, सर्वे, चुनाव और अन्य सरकारी कामों में लगाया जा चुका है। ऐसे में अब भूसा संग्रह अभियान जोड़ने से शिक्षकों में असंतोष बढ़ रहा है।

**वारदात** | हमलावरों की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी पुलिस, घायल कपड़ा व्यापारी होने की वजह से व्यापारियों में आक्रोश

# चेयरमैन के मामा पर हमलावरों ने दिनदहाड़े बरसाईं ताबड़तोड़ गोलियां, मौत

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बिलसंडा।** नगर के व्यस्ततम बडा बस स्टैंड तिराहे पर स्थित एक कपड़ा व्यापारी पर दिनदहाड़े सशस्त्र हमलावरो ने जान लेने की नीयत से ताबड़तोड़ कई गोलियां बरसाई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना से नगर में सनसनी फैल गई।

उधर घायल व्यापारी को गंभीर हालत में उपचार के लिए बरेली ले जाते वक्त रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। घायल व्यापारी नगर पंचायत चेयरमैन डीके गुप्ता के मामा हैं। उधर इस घटना से नगर में सनसनी फैल गई। उधर युवा व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष देवदत्त सक्सेना ने पुलिस से घटना का जल्द ही वर्कआउट करने और हमलावरों को गिरफ्तार करने की मांग के साथ ही यह चेतावनी भी दी है, कि अगर घटना में ढिलाई बरती गई तो व्यापारी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। हालांकि समाचार फाइल किए जाने तक पुलिस एक भी हमलावर को पकड़ पाने में कामयाब नहीं हो पाई यह अलग बात है कि पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए आसपास के प्रतिष्ठानों पर लगे कैमरों की फुटेज की छानबीन कर रही है।



बस स्टैंड तिराहे पर घटना के बाद मौजूद पुलिस फोर्स व मृतक का फाइल फोटो।

बता दें कि नगर पंचायत चेयरमैन डीके गुप्ता के मामा पप्पू गुप्ता की नगर के ही बंडा बस स्टैंड के समीप मनीष गुप्ता की बिल्डिंग में कपड़े की दुकान है। बृहस्पतिवार को अपराह्न करीब साढे चार बजे पप्पू गुप्ता दुकान के बाहर खड़े हुए थे। बताते हैं कि इसी बीच बाइक पर सवार हमलावरों ने अचानक उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसानी शुरू कर दीं । घटनास्थल पर मौजूद लोग कुछ समझ पाते ,इससे पहले ही हमलावर बमरौली की ओर फरार होने हो गए। बताते हैं कि पप्पू गुप्ता के सीने में कई गोलियां लगने की वजह से वह मौके पर ही गिरकर काफी देर तक तड़पते रहे हालांकि कुछ देर में ही सूचना पाकर पहुंचे परिजन उन्हें नगर के एक निजी अस्पताल लेकर गए, जहां से उन्हें स्तरीय उपचार के लिए बरेली रेफर कर दिया गया है। लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गई।

उधर घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने हमलावरों की घेराबंदी भी की लेकिन तब तक वह फरार हो चुके थे। व्यापारी के साथ हुई घटना की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष सिद्धांत शर्मा ने सर्किल के कई थानों की पुलिस फोर्स बुला ली। उधर पुलिस क्षेत्राधिकारी ने भी मौके पर आकर घटना का जायजा लिया। बताते हैं कि पुलिस ने आज पड़ोस के प्रतिष्ठानों में लगे कैमरों की फुटेज को भी तलाशना शुरू कर दिया। जिसके सहारे हमलावरों तक पहुंचा जा सके। हमला बरौनी कपड़ा व्यापारी की जान लेने की नीयत से क्यों गोली बसाई पुलिस इसकी छानबीन में जुटी है। यह अलग बात है कि दिनदहाड़े हुई इस घटना से नगर में दहशत व्याप्त हो गई। उधर तिराहे पर लगने वाली पुलिस की पिकेड भी सवालों के घेरे में आ गई, कि आखिर व्यस्तम तिराहे पर पुलिस की मौजूदगी क्यों नहीं थी। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का कहना है कि अगर मौके पर पुलिस की मौजूदगी होती, तो शायद हमलावर घटना को अंजाम देने का साहस नहीं कर पाते और घटना टल सकती थी।

> नगर में दिनदहाड़े हमलावरों द्वारा गोलियां बरसा कर व्यापारी की हत्या की घटना बेहद निंदनीय है ।घटनास्थल पर अगर पुलिस की मौजूदगी होती, तो वारदात को टाला जा सकता था, लेकिन ऐसा न होने की वजह से ही व्यापारी की जान गई है ।अब पुलिस की जिम्मेदारी है कि घटना का जल्द पर्दाफाश कर हमलावरों को गिरफ्तार करे। जल्द गिरफ्तारी न होने की दशा में व्यापारी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। **-अवनीश जायसवाल, जिला महामंत्री व्यापार मंडल**






### आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर–

7906815587, 9758444242


## सोने का सामान चोरी करने में तीन महिलाओं सहित चार को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### टांडा पुलिस ने किया खुलासा, कोर्ट में पेश करने के बाद भेजा जेल



थाना टांडा में पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** ज्वैलर्स की दुकान से सोने कुंडल सहित सामान चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन महिलाओं सहित चार लोगों को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से चारों आरोपी जेल चले गए। पुलिस को एक कार भी मिली।

टांडा थाना क्षेत्र में स्थित ज्वैलर्स की दुकान से अज्ञात चोरों द्वारा एक जोड़ी सोने के कुंडल व 1 नोजपिन चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। जिसके बाद पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी थी।विवचेना के बाद साक्ष्य संकलन के आधार पर पुलिस ने आरोपी ऋषभ पुत्र लोकेश कुमार निवासी मोहल्ला जवाहर नगर थाना गजरौला जिला अमरोहा, सुरेन्द्र सिंह पुत्र फकीर चन्द निवासी ग्राम लम्बिया थाना स्योहारा जनपद बिजनौर,अर्जुन सिंह पुत्र कोमल निवासी मोहल्ला दुर्गेश नगर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद, संजीव कुमार उर्फ सोनू पुत्र गोवर्धन निवासी ग्राम बजा वाला थाना काशीपुर जनपद उधम सिंह नगर एवं 3 महिला के नाम प्रकाश में आए।

जिसके बाद पुलिस ने चेकिंग के दौरान आरोपी ऋषभ एवं 3 महिलाओं को भगतपुर तिराहा से चोरी के माल एक जोड़ी कानों की बाली पीली धातु, एक नोज पिन पीली धातु व दो जोडी बिछुए सफेद धातु एवं 1 सफेद रंग की बिना नम्बर प्लेट बलेनो कार के साथ गिरफ्तार किया। कार को धारा 207 एमबी एक्ट में सीज किया गया। उसके बाद पुलिस ने चारों को कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल चले गए।

### चोरी के सामान के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर।** 29 दिसंबर 2025 खजुरिया के ग्राम खण्डिया के देव स्थान से दानपात्र चोरी करने के सम्बन्ध में थाना खजुरिया पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया था। विवेचना के क्रम में आीरोपी बाबूशाह पुत्र असगर शाह निवासी ग्राम जौरासी थाना खजुरिया का नाम प्रकाश में आया था ।जिसके बाद बुधवार रात को थाना खजुरिया पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर आरोपी बाबूशाह को बेगमाबाद खजुरिया रोड पर ग्राम जौरासी वाले मोड के पास से गिरफ्तार किया ।जिसकी जमातलाशी से एक तमंचा,एक कारतूस बरामद हुआ ।पूछताछ के दौरान आरोपी बाबूशाह द्वारा बताया गया कि उसके द्वारा घटना को कारित कर दानपात्र को ग्राम खंडिया शमशान घाट के पास झाड़ियों मे फेंक दिया गया था, जिसकी निशानदेही पर दानपात्र को शमशान घाट के पास स्थित झाड़ियों से बरामद किया

### एक नजर

#### महिलाओं को पढ़ाया कानून का पाठ

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेस – 5 अभियान के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गुरुवार को सभी थानों से महिला सुरक्षा दल द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन,112 आपातकालीन सेवा,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया के बारे में बताया।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो सगे भाइयों की मौत, कोहराम

- गांव में छाया मातम,परिजनों का रो रोकर बुरा हाल



सर्वेश व अरविंद का फाइल फोटो।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** वसीरनगर निवासी दो सगे भाइयों की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे में बड़े भाई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छोटे भाई ने अगले दिन इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। गुरुवार को दोनों भाइयों की अर्थी एक साथ उठी और अंतिम संस्कार किया गया।

मिलक नगर निवासी सर्वेश पुत्र ओंकार और अरविंद पुत्र ओंकार 27 मई को मिलक से गोरा हेमराजपुर थाना मीरगंज जा रहे थे। क्योरार जीरो प्वाइंट के निकट एक पिकअप में तेज गति से उनकी बाइक में टक्कर मार दी हादसे में सर्वेश की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल अरविंद को अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के दौरान अगले दिन उसकी भी मौत हो गई। मृतक सर्वेश की 1 साल की मासूम बेटी है मासूम बेटी के सिर से पिता का साया हटने मृतक की पत्नी विलख विलख कर रोने लगी दोनों भाइयों के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद एक ही समय पर अंतिम संस्कार किया गया। दो बेटों की एक साथ अर्थी उठने से परिवार और पूरे मोहल्ले में कोहराम मच गया। घर में मातम छा गया और हर आंख नम थी। प्रभारी निरीक्षक मनीराम ने बताया कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने नौ घंटे में किया निर्माणाधीन होटल से चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

- बुधवार रात नौ बजे सूचना मिलने पर गुरूवार सुबह छह बजे एक कंटेनर के साथ चोरी का माल बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**भोट।** थाना पुलिस ने हाईवे किनारे निर्माणाधीन होटल से चोरी के मामले का सूचना मिलने के नौ घंटे के भीतर खुलासा कर दिया ।पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का माल व एक कंटेनर बरामद किया है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों का पुलिस ने चालान कर दिया है।



भोट पुलिस द्वारा चोरी के माल के साथ गिरफ्तार आरोपी। –जागरण मोर्चा

थाना क्षेत्र के मुंडिया गांव निवासी दिलशाद ने बुधवार रात करीब नौ बजे रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि वह मोंगा ढाबा के पास हाईवे किनारे होटल का निर्माण करा रहे हैं। 26 मई की रात में अज्ञात चोर करीब डेढ़ क्विंटल सरिया और होटल पर खड़ी कैंटर से एक बैटरी चोरी कर ले गए। काफी तलाश के बाद भी सामान नहीं मिल पाया है। पुलिस ने दिलशाद की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह त्यागी ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह करीब छह बजे सूचना मिली थी कि एक कंटेनर में निर्माणाधीन होटल से चोरी का माल भरकर कुछ लोग मनकरा गांव की ओर जा रहे हैं।

जिसके बाद पुलिस ने मनकरा गांव से कुछ पहले कंटेनर के आगे जीप खड़ी कर कंटेनर को रूकवा लिया और कंटेनर से निर्माणाधीन होटल से चोरी का माल बरामद होने पर कंटेनर सवार बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र के निवासी राजू और गुरमीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बरामद ट्रक को सीज कर दोनों आरोपियों का चालान कर दिया है।

## सड़क हादसे में कंपनी के अकाउंटेंट की मौत

- टांडा-बाजपुर मार्ग पर हुआ भीषण हादसा





हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार को देखते लोग व मृतक का फाइल फोटो। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित मढ़ी मन्दिर के निकट बुधवार रात करीब 10:30 बजे एक सड़क दुर्घटना में उजाला सिग्नेश कंपनी के अकाउंटेंट जितेंद्र की मौत हो गई। वे हल्द्वानी में कंपनी की नई ब्रांच में जॉइनिंग लेकर मुरादाबाद लौट रहे थे, तभी उनकी कार टांडा-बाजपुर मार्ग पर सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जोरदार टक्कर मार गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि जितेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई।

जितेंद्र स्वयं कार चला रहे थे। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया ।बताते हैं कि काशीपुर निवासी जितेंद्र हाल ही में प्रमोशन के बाद हल्द्वानी में कंपनी की नई ब्रांच जॉइन करने गए थे। जॉइनिंग पूरी कर वापस लौटते समय यह हादसा हो गया। मृतक के काशीपुर निवासी पड़ोसी ने बताया कि जितेंद्र उत्तराखंड के काशीपुर के वीर भूमि एन्क्लेव, मानपुर क्षेत्र काशीपुर में परिवार के साथ रहते थे। वे मुरादाबाद में कार्यरत थे। परिवार में उनकी पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं। जितेंद्र अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे।उनके पिता एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी हैं। जितेंद्र तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। एक भाई शिक्षा विभाग में शिक्षक है तथा दूसरा भाई निजी क्षेत्र में कार्यरत है।जितेंद्र की अचानक मौत की सूचना मिलते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया है।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दुर्घटना की सही वजह का पता लगाया जा रहा है।

## तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**स्वार।** दुष्कर्म पीड़िता की फोटो आरोपी युवक के साथ जोड़कर फेसबुक और इंस्टाग्राम पर अपलोड करने तथा परिवार को धमकाने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अब इस मामले में पुलिस ने शुरू कर दी गई है।

तहरीर में पीड़िता के पिता ने बताया कि वर्ष 2024 में उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी, जिसमें गांव के ही दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोप है कि आरोपी जमानत पर बाहर आने के बाद परिवार पर लगातार समझौते का दबाव बना रहे हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। 25 मई की रात एक आरोपी ने पीड़िता की फोटो अपने साथ जोड़कर फेसबुक और इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दी। साथ ही आरोपी पक्ष पर गांव में परिवार की बदनामी करने का भी आरोप लगाया गया है।

पीड़ित परिवार ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।कोतवाल अनुपम शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है तथा दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## बच्चे सेवाभाव के साथ साथ मानव धर्म का पालन करते: बलराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारत स्काउट और गाइड के तत्वावधान में निशुल्क शीतल जल सेवा शिविर के आठवें दिन स्काउट और गाइड ने गुरुवार को भी शीतल जल सेवा की ।ईद होने के कारण रोडवेज पर दुकाने बंद और ई- रिक्शा बहुत कम चल रही थी जिससे राहगीर परेशान थे। स्काउट गाइड ने जल सेवा कर उन्हें राहत प्रदान की।

मुसाफिरों ने दिल से आशीर्वाद दिया। जिला मुख्य आयुक्त बलराम सिंह ने अतिथियों का परिचय कराते हुए स्काउटिंग में उनके योगदान और समर्पण के बारे में स्काउट गाइड को बताया कि उनके समय में स्काउटिंग में बहुत मेहनत और परिश्रम करना पड़ता था, बच्चे सेवाभाव के साथ साथ,मानव धर्म का पालन करते थे । सेवाभाव हर स्काउट में कूट कूट कर भरा होता था। कार्यक्रम में कपिल आर्य, अंशुल वैश्य, कुणाल चंद, विशेष कुमार उपस्थित हुए। इस अवसर पर संस्था उपाध्यक्ष कपिल आर्य,अवतार सिंह,बलराम सिंह, ओमप्रकाश सैनी, भुजवीर सिंह, डॉ. अनूप कुमार, जीतू कुमार, नरवंत कौर, प्रणव कुमार, हीरा कली , मनोज कुमार, वीरवती, अब्दुल्ला, नितिन गंगवार, वीरेश, शिवम, विक्रम ,शिव,अंशिका,हुमेरा, खुशी,आस्था, अनम, पाखी अनमोल ,महिमा, कहकशा व अन्य उपस्थित रहे। संचालन जिला सचिव ओमप्रकाश सैनी द्वारा किया गया।





कार्यक्रम में बोलते मुख्य अतिथि। –जागरण मोर्चा

## तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, छात्रा गंभीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिलासपुर। एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल की स्थिति नाजुक होने पर उसे उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है।नगर की गणेश कालोनी निवासी मानसरोवर ने पुलिस को तहरीर सौंपी ।जिसमें उसने बताया कि उनकी पुत्री सुष्मिता बीकाम में एडमिशन लेने के लिए गांव के ही आकाश के साथ बाइक द्वारा मुल्लाखेड़ा जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में एक अज्ञात तेज रफ्तार कार ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सुष्मिता सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद आरोपी कार चालक घायल की मदद करने के बजाय वाहन लेकर मौके से भाग निकला। घटना के तुरंत बाद घायल छात्रा को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां की शिकायत पर अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।







टूर्नामेंट — सद्भावना के गेंदबाज अतीक ने दो विकेट प्राप्त किए

## ताज क्लब ने सद्भावना क्लब को 5 विकेट से हराकर जीता मैच

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** नगर के मंसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित जाफर अली मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के छठे मैच में ताज क्लब और सद्भावना क्लब के बीच मैच खेला गया ।जिसमें ताज क्लब मैच का विजेता बना।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सद्भावना क्लब ने 6 विकेट के नुकसान पर निर्धारित 16 ओवर में 109 रन बनाए ।सद्भावना की ओर से बल्लेबाज मारूफ ने 34 रन, मोहम्मद कमाल ने 16 रन ,इमरान सैफ ने 12 रन बनाए। अतिरिक्त 22 रन बने। ताज क्लब के गेंदबाज बिलाल ने दो विकेट लिए ।वंश, सुहैल, शहाब, अल्तमश ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। ताज क्लब ने 110 रन के टारगेट का पीछा करते हुए 5 विकेट खोकर 15 ओवर में 113 रन बनाए ।उसने यह मैच 5 विकेट से जीत कर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया। ताज क्लब के बल्लेबाज मेराज ने 32 रन, बिलाल ने 18 रन, साहब ने 13 रन और जुनेद ने 12 रन बनाए। सद्भावना के गेंदबाज अतीक ने दो विकेट प्राप्त किए, इमरान सैफ, असद रहमानी और अफसान अंसारी ने एक-एक विकेट प्राप्त किया ।मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ताज क्लब के मेराज को जहीर जिया और कमेटी संयोजक हाजी मुबीन द्वारा प्रदान किया गया। अंपायर जावेद लालू, और उबैस रहे। कमेंटेटर मोहम्मद सईद सागर , जहीर जिया और अब्दुल रज़्ज़ाक़ रहे जबकि ऑनलाइन स्कोर मौलाना जुनैद और आकिब गुल ने की। मैच में भाजपा नेता मकसूद लाला, आयोजक, हाजी मुबीन, इसरार, नाजिम फरीदी, दाऊद, महफूज मुन्ना, अलकमा अमान, इनाम अली, मौलाना शाहफेद, डा० असद रहमानी,तौसीफ आलम वसीखान, जुबैर आलम, कारी रिजवान, जावेद रहमानी, कारी अल्तमश, मोइन अली और हजारों की संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।



खिलाड़ी को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। –जागरण मोर्चा

# मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के : हरीश

## केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचा, भाजपा केवल राजनीतिक संगठन नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक व्यापक अभियान है

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला प्रभारी राजा वर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार ने की।

मुख्य अतिथि राजा वर्मा कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचा है। गरीबों के कल्याण, किसानों की उन्नति, महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं के लिए अवसर सृजन और देश की वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य मोदी सरकार ने किया है।पार्टी कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि सरकार की उपलब्धियों, विकास कार्यों और जनहितकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं तथा अभियान को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से संचालित करें। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक संगठन नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक व्यापक अभियान है, जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भूमिका महत्वपूर्ण है।हरीश गंगवार ने कहा कि आगामी अभियान केवल कार्यक्रमों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे जनभागीदारी का अभियान बनाया जाएगा। कार्यकर्ताओं को गांव, वार्ड और बूथ स्तर तक पहुंचकर जनता से संवाद स्थापित करना होगा तथा सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क कर उनके अनुभवों को समाज के सामने लाना होगा।अभियान के तहत विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण अभियान, मीडिया संवाद कार्यक्रम, जनकल्याण शिविर, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, मोदी सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी, प्राकृतिक खेती कार्यशालाएं, विशेष जनसंपर्क अभियान, स्वच्छता अभियान, प्रगति पथ यात्रा तथा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार की नीतियों, उपलब्धियों एवं विकसित भारत के संकल्प को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।अंत में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत करने, आगामी अभियान को सफल बनाने तथा मोदी सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।



कार्यक्रम में मौजूद भाजपाई। -जागरण मोर्चा



कार्यक्रम के दौरान मंच पर मौजूद मुख्य अतिथि,जिलाध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

### यह रहे मौजूद

अभय गुप्ता, सुभाष भटनागर, काशीराम दिवाकर,सुनीता सैनी, मोहन कुमार लोधी, रविंद्र सिंह रवि,अर्जुन रस्तोगी, विवेक रुहेला, करतार सिंह लोधी, संतोष सिंह खैरा, प्रदीप गुप्ता, विकास दीक्षित, आकाश सक्सेना, दीपक गुप्ता, सुरेश बाबू गुप्ता, अमित दिवाकर, आशीष गुप्ता, पारुल अग्रवाल, श्रेया मदान, राजकुमार चौहान, पंकज लोधी, संजय यादव, शकुंतला लोधी, विक्रम सिंह, मन्नू सक्सेना, महेंद्र मौर्य, पवन शर्मा, पंकज सैनी, श्वेता शर्मा, अमृता रंधावा, कृष्ण अवतार लोधी, संजय चौधरी, आंगन लोधी, अजय बाबू गंगवार, नरेश सैनी, सरदार देवेंद्र सिंह आदि बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कई मुद्दों को लेकर हुई चर्चा



बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जौनपुर में अधिवेशन वार्षिक होना है। जिसमें अध्यक्ष पद पर लड़ने के लिए केपी सिंह रामपुर पहुंचे। उसके बाद पदाधिकारियों से वार्तालाप की। इस मौके पर मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पवन सक्सेना ने बताया की बैठक में विनय कम्बोज,अंकुर सक्सेना, नितिन राज,नवीन शर्मा आदि थे।

## आचार्य शास्त्री ने सुनाया कथा प्रसंग



कथा सुनाते वाचक।



कथा में मौजूद भक्त व कथा सुनाते वाचक। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** श्री किशोरी नंद गोपाल आश्रम वृंदावन धाम, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के सेवार्थ मानव कल्याण जीवन के लिए ग्राम पिपला शिवनगर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

कथा में भागवत आचार्य शास्त्री श्री श्याम ब्रज बिहारी उर्फ अन्न त्यागी (श्याम बाबा) ने द्वितीय दिवस अपने मुखारविंद से जय-विजय, कश्यप मुनि एवं ज्ञान पर प्रवचन किया। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा धर्म सत्य है। मनुष्य का बिना सत्संग के कल्याण एवं ज्ञान की प्राप्ति नहीं होती है। धर्म और अधर्म की चर्चा करते हुए कथा व्यास ने बताया कि कौरव और पांडवों में धर्म एवं अधर्म का युद्ध हुआ। अंत में धर्म की विजय हुई।भगवान श्री कृष्ण ने कभी युद्ध नहीं लड़ा और पूरा युद्ध मुस्कुराते हुए कराया। मनुष्य को क्रोध से बचना चाहिए। उन्होंने गीता के उपदेशों का भी उल्लेख किया।इस अवसर पर मुनीश चन्द्र तिवारी, प्रधान पति संजय तिवारी, श्याम सुंदर पाठक, ब्रह्मानंद मिश्रा,एकांत दीक्षित, महेंद्र पाल, मुरारी लाल, तिलक राम, राम सिंह पाल, ओमप्रकाश पाल, मास्टर राम बहादुर, तुलसीराम गंगवार, राम बिहारी सहित बड़ी संख्या में भक्तजन एवं महिलाएं उपस्थित रहीं। भक्तों ने भजन-कीर्तन का भी आनंद लिया।

### सार संक्षेप

#### ईद उल अजहा के मौके पर मसवासी में आठ घंटे गुल रही बिजली, पेयजल आपूर्ति प्रभावित

**मसवासी।** ईद उल अजहा के मौके पर गुरुवार को मसवासी क्षेत्र में हाईटेंशन लाइन में ब्रेकडाउन होने से करीब आठ घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। इससे कस्बे समेत आसपास के 32 गांवों के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं बिजली बाधित रहने से कस्बे की पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित रही, जिससे त्योहार के दिन लोगों को पानी के संकट से जूझना पड़ा।बताया गया कि गुरुवार सुबह तेज हवाओं के बीच टांडा-दढ़ियाल के बीच हाईटेंशन लाइन के तारों में पेड़ो की टहनियों टकरा गई जिससे लाइन में अचानक खराबी आ गई। इसके चलते मसवासी नगर सहित बिजारखाता, हसनपुर उत्तरी, पट्टी कला, घोसीपुरा, कुंदन पुर, मुकुंदपुर, सीतारामपुर, अलीगंज, मंसूरपुर, सेमरा लाड पुर, मानपुर उत्तरी, किशनपुर, मौलागढ़, शिकारपुर, शिवनगर, बब्बर पुरी, लोहारा और इनायत गंज समेत 32 गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।त्योहार के दिन सुबह से बिजली न आने के कारण लोगों के घरेलू कार्य प्रभावित रहे। वहीं पेयजल आपूर्ति बंद रहने से नागरिकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से जल्द व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की। अवर अभियंता श्याम सिंह ने बताया कि देर शाम बिजली कर्मियों ने लाइन की खराबी दूर कर आपूर्ति कराई जाएगी।



नमाज अदा करते नमाजी। -जागरण मोर्चा

#### नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में ईद-उल-अजहा की नमाज में उमड़ा अक़ीदतमंदों का सैलाब

**स्वार।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों मे ईद-उल-अजहा के मुबारक मौके पर ईदगाहों और मस्जिदों में अक़ीदतमंदों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही लोग नए कपड़े पहनकर ईदगाह पहुंचे, जहां उलेमा ने ईद की नमाज़ अदा कराई और मुल्क में अमन-चैन, तरक्की और भाईचारे के लिए दुआ मांगी। नमाज़ के दौरान ईदगाह परिसर में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में ईद की खुशी साफ दिखाई दी।लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद-उल-अज़हा की मुबारकबाद दी।उलेमा ने अपने बयान में कहा कि ईद-उल-अज़हा कुर्बानी, भाईचारा और इंसानियत का पैगाम देती है। उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की।त्योहार को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क दिखाई दिया। ईदगाह और आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए और पुलिस बल तैनात रहा। अधिकारियों ने लगातार व्यवस्थाओं का जायजा लिया।ईद की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न होने के बाद लोगों ने अपने घरों और रिश्तेदारों के यहां पहुंचकर त्योहार की खुशियां साझा कीं। स्वार टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। वहीं कोतवाली मार्ग पर मेला लगाया गया जिसमें महिलाओं बच्चों ने जमकर खरीदारी की और झूठों का जमकर लुफ्त उठाया। वहीं ग्रामीण क्षेत्र समोदिया मीरापुर राजा नगर सोनपुर मिलक काजी नगर खेमपुर रसूलपुर अलीपुर उत्तरी अलीपुर जागीर मुंशीगंज आदि ग्रामीण क्षेत्रों में भी ईद उल अजहा का त्यौहार मनाया।वहीं नगर पंचायत नरपत नगर ढूंढा वाला में ईद उल अजहा की नमाज के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष खालिद अली ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद उल अजय की मुबारकबाद दी ।



गले लगा कर ईद उल अजय की मुबारकबाद देते नगर पंचायत अध्यक्ष खालिद अली।

#### शांतिपूर्ण तरीके से अदा हुई ईद की नमाज़

**बिलासपुर।** गुरुवार को ईदगाह में हजारों मुसलमानों ने शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा कर मुल्क व अवाम के लिए दुआ की। जिस पर सबने एक साथ आमीन कहा। इस दौरान पुलिस प्रशासन सजग रहा और ड्रोन से निगरानी होती रही। नमाज के बाद ईदगाह के बाहर खड़े अनेक नेताओं और दूसरे समुदायों के गणमान्य नागरिकों ने गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।इस मौके पर शहर इमाम ने 'खिदमत की नियत' रखने का पैगाम दिया।नगर के माठखेड़ा रोड स्थित ईदगाह में सुबह आठ बजे एकत्र हुए हजारों मुस्लिम नागरिकों को शहर इमाम मौलाना नासिर खां ने ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कराई।नमाज पढ़ने वालों में पूर्व पालिकाध्यक्ष मोहम्मद हसन खां, सांसद प्रतिनिधि अथर अली खां, आरिफ अरोमा, डॉ. जफर खां, शुजाअत खां, याकूब खां, गजाली खां, अनस खां, जैद हसन खां सहित कई नेता व गणमान्य भी शामिल रहे। नमाज के बाद मुल्क व अवाम की तरक्की और खुशहाली की दुआ की गई,जिस पर सभी नमाजियों ने एक साथ 'आमीन' कहा।नमाज के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता सिंह, तहसीलदार शिव कुमार शर्मा, कोतवाल जीत सिंह, कस्बा इंचार्ज योगेश कुमार सिंह और खुफिया अधिकारी सतर्क रहे। ड्रोन से भी निगरानी की जाती रही।

## 'स्टेट बैंक पेंशनर्स हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण'

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** गुरुवार को स्टेट बैंक मुख्य शाखा के बैंकिंग हॉल में स्टाफ पेंशनर्स की एक बैठक का आयोजन बैंक द्वारा किया गया। जिसमें भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा के नवांगतुक मुख्य प्रबंधक परीक्षित कटियार ने कहा कि स्टेट बैंक पेंशनर्स हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इन्हीं के आशीर्वाद से हमारा बैंक निरंतर उन्नति पर चल रहा है।

साथ ही स्टाफ पेंशनर्स की समस्याओं को शिकायत न समझकर सुझाव मानकर उसका वरीयता पर निदान करने का आश्वासन दिया। स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक देवेश मित्रा ने कहा कि अपने कार्यकाल में सभी स्टॉफ पेंशनर्स द्वारा दिए पूर्ण सहयोग के प्रति आभार प्रकट किया। साथ ही कहा कि वह रामपुर में स्टॉफ पेंशनर्स द्वारा मिले सहयोग को कभी भी नहीं भूल पाएंगे। मीटिंग में मुख्य रूप से स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन रामपुर यूनिट के सचिव राम अवतार गुप्ता ने देवेश मित्रा के कार्यकाल की प्रशंसा की। हरिओम सक्सेना ने स्टाफ पेंशनर्स के लिए अपने बैंकिंग संबंधित कार्य करने के लिए मुख्य शाखा मे सुनिश्चित स्थान देने के लिए मुख्य प्रबंधक का धन्यवाद किया। साथ ही उस स्थान को सुव्यवस्थित करने का अनुरोध नवांगतुक मुख्य प्रबंधक से किया जिसको सुव्यवस्थित करने का आश्वासन मुख्य प्रबंधक कटियार द्वारा दिया गया। आज की सभा में डी के सिंह, पतराम सिंह तथा विमल कपूर ने भी मुख्य प्रबंधक मित्रा की प्रशंसा की। सभा का संचालन स्टेट बैंक स्टाफ एसोसिएशन के क्षेत्रीय सचिव कामरेड धनराज ने किया।बैठक में बड़ी संख्या में स्टॉफ पेंशनर्स की सक्रिय भागीदारी रही। मीटिंग काफी सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। मीटिंग के अंत में स्टॉफ पेंशनर्स एसोसिएशन रामपुर यूनिट के सचिव आर ए गुप्ता ने मीटिंग में उपस्थित स्टॉफ पेंशनर्स का संक्षिप्त परिचय नवांगतुक मुख्य प्रबंधक कटियार से कराया।



बैठक को संबोधित करते वक्ता एवं मौजूद पदाधिकारी।। -जागरण मोर्चा

## एसपी ने चौकी धमौरा का किया निरीक्षण

**रामपुर।** गुरुवार को पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा द्वारा थाना शहजादनगर के अंतर्गत चौकी धमौरा का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान चौकी कार्यालय पर बने अभिलेखों में अंकित की जाने वाली प्रविष्टि एवं साफ सफाई को चेक किया गया । साथ ही चौकी परिसर की साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अलावा अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह द्वारा थाना स्वार क्षेत्र में भ्रमण किया। वहीं शान्ति व्यवस्था एवं निर्माणाधीन पुलिस चौकी का जायजा लिया।भ्रमण के दौरान संवेदनशील स्थलों, प्रमुख बाजारों एवं ईदगाह आदि का निरीक्षण कर ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही आमजन से आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील की गई।

## 'सरकार का आभार जताने के लिए अभियान शुरू करेगा प्रधान संगठन'

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन के जिला उपाध्यक्ष व प्रवक्ता काशिफ खां ने कहा है कि संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने पर राज्य सरकार का आभार व्यक्त करने निर्णय लिया है। राज्य से लेकर ब्लॉक स्तर तक आयोजित समारोहों में मुख्यमंत्री और पूरी सरकार की प्रशंसा की जाएगी।

उन्होंने कहा है कि सरकार ने प्रधानों को प्रशासक बनाकर जो उपहार दिया है, उसका रिटर्न गिफ्ट प्रधानों द्वारा सरकार को विधान सभा चुनाव में दिया जाएगा। संगठन द्वारा प्रधानों से सीधा संवाद कर उन्हें बताया जाएगा कि आगामी चुनाव तक प्रधानों को प्रशासक बनाये जाने का जो ऐतिहासिक कार्य उत्तर प्रदेश सरकार ने किया है, उससे प्रधानों की साख बढ़ी है।



जानकारी देते काशिफ खां।

साथ ही गांवों में विकास कार्यों की निरन्तरता का रास्ता भी साफ हुआ है। काशिफ खां ने बताया कि कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अखिलेश सिंह और प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा ने राज्य, मंडल, जनपद तथा ब्लाक स्तरों पर समारोहों का आयोजन कर सरकार का आभार जताने का निर्णय लिया है। संगठन आगे भी पंचायतों की कठिनाइयों के समाधान के लिए संवाद जारी रखेगा।

## पिपला शिवनगर मोड़ पर राहगीरों व श्रद्धालुओं को पिलाया शरबत



राहगीरों को शरबत देते ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** श्री राधा कृष्ण मंदिर ट्रस्ट पिपला शिवनगर के तत्वावधान में गुरुवार को मिलक पटवाई रोड स्थित ग्राम पिपला शिवनगर मोड़ पर शीतल शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

भीषण गर्मी में राहगीरों व श्रद्धालुओं ने शीतल शरबत पीकर राहत महसूस की। कार्यक्रम दोपहर से शाम तक चला और सैकड़ों लोगों ने शरबत ग्रहण किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के संरक्षक विमल मिश्रा ने कहा कि जल सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य है। भीषण गर्मी में प्याऊ लगाना और शरबत पिलाना हमारी भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपरा है। इससे समाज में सेवा और भाईचारे का संदेश जाता है। इस पुनीत अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश पाठक श्याम सुंदर पाठक, ब्रह्मानंद मिश्रा, मूलचंद कश्यप, शैलेंद्र मिश्रा, गोपाल स्वरूप पाठक, अंकुश मिश्रा, शिवम मिश्रा,अनिल शुक्ला,राहुल मिश्रा, मुन्नालाल मौर्य,सहित अन्य भक्तजन उपस्थित रहे। सभी ने सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग किया।

**प्रभात फेरी** आवास विकास कॉलोनी से प्रारम्भ होकर फ्रेंड्स कॉलोनी होते हुए श्री शिव मंदिर पर समाप्त हुई फेरी

## अपनी नींद और ऐशो-आराम को छोड़े प्रभात फेरी से जुड़ रहे लोग : प्रांजल अग्रवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** गुरुवार को प्रभात फेरी श्री शिव मंदिर आवास विकास कॉलोनी से प्रारम्भ होकर फ्रेंड्स कॉलोनी और वी आई पी कॉलोनी मे होते हुए श्री शिव मंदिर पर विश्राम हुई। प्रभात फेरी मे गोवत्स प्रांजल अग्रवाल ने कहा की तीन बार जय जगन्नाथ कहने से हमारा रिश्ता ठाकुर जी से पक्का हो जाता है अतः हमें नित्य कम से कम एक बार तो ये जयघोष करना ही चाहिए।

सनातन मे कोई भी चीज तोड़ने का सन्देश नही देती हमारी संस्कृति केवल जोड़ना सिखाती है और इसी भाव के साथ हम जय जगन्नाथ जय श्रीनाथ का उद्घोष रामपुर की हर गली मे कर रहे है और लोग स्वतः ही जुड़ते जा रहे है और प्रभात फेरी का काफ़िला, प्रेमियों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रभात फेरी का काफिला दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और श्रद्धालुओं का उत्साह देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि सभी को अब श्रीनाथ जी रस कथा का बेसब्री से इंतजार है। लोग स्वयं कहने लगे हैं कि अब कथा के उन दिव्य क्षणों का इंतजार सहन नहीं हो रहा और बस जल्द से जल्द कथा प्रारंभ हो जाए।प्रभात फेरी में सीए राज कुमार अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, अनुश्री अग्रवाल, करिश्मा गुप्ता, मुकुंद चांदीवाला, अमोल पाठक, अचल गुप्ता, शुभ अग्रवाल, देवांश, हर्षल, अंजू अग्रवाल, अंशिका अग्रवाल आदि लोग मौजूद रहे।




गुरुवार को निकाली गई प्रभात फेरी में शामिल लोग। -जागरण मोर्चा

## एक नजर

### गले मिलकर दी ईद की बधाई

**रामपुर।** मस्जिद हाजी हैदर अली खां में गले मिलकरसपा नेता आसिम खान ने ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर उन्होंने कहा ईद उल अजहा त्याग और बलिदान का त्योहार है। हज करने अपने रब को राज़ी करने का सारी दुनिया में शांति और सद्भाव का संदेश देने का त्योहार है। ईद उल अज़हा, उन्होंने कहा कुर्बानी अल्लाह को राज़ी करने का बेहतरीन जरिया है उन्होंने ने दुआ करते हुए कहा सारी दुनियां में अमन चैन रहे भाई चारा रहे लोग एक दूसरे की भावनाओं का आदर और सम्मान करें। ऐसी में कामना करता हूं।



# डीएम व एसपी ने ईदगाहों का किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय



नमाज के दौरान ईदगाह चौराहे पर मौजूद डीएम और एसपी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** जनपद में ईद के पावन पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र कुमार मीणा ने शाहबाद गेट स्थित ईदगाह सहित तहसील स्वार एवं टांडा क्षेत्र में ईदगाहों, मस्जिदों तथा प्रमुख मार्गों एवं आवागमन के रास्तों का सघन एवं व्यापक स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा प्रबंधों का गहनता से मूल्यांकन करते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों/कर्मचारियों को उच्च स्तरीय सतर्कता, अनुशासन एवं पूर्ण जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।विशेष रूप से संवेदनशील स्थलों पर निरंतर निगरानी बनाए रखने, प्रभावी भीड़ नियंत्रण, सुचारु यातायात व्यवस्था तथा कानून-व्यवस्था को हर स्थिति में बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। साथ ही अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी व्यवस्थाएं व्यवस्थित, सुचारु एवं जनहितकारी ढंग से संचालित हों।जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि त्योहार सामाजिक एकता, आपसी सद्भाव एवं भाईचारे के प्रतीक हैं। प्रशासन की प्राथमिकता है कि ईद का पर्व पूरे जनपद में शांति, सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हो। इसके लिए प्रशासनिक एवं पुलिस तंत्र पूरी तरह सक्रिय, सजग एवं प्रतिबद्ध है।

# परम्परागत रूप से मनाया ईद उल अजहा

जागरण मोर्चा कार्यालय



ईद गाह में ईदुल अजहा की नमाज़ अदा करते नमाजी। -जागरण मोर्चा

**टांडा।** नगर में ईद उल अज़हा का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया।ईदगाह सहित प्रमुख मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई।नमाज के बाद मुल्क की तरक्की, सलामती और आपसी भाईचारे के लिए दुआ की गई।इसके बाद लोगों ने कुर्बानी की रस्म अदा की। ईदगाह में इमाम ए शहर मुफ़्ती महमूद आलम ने सुबह 6:30 बजे ईद की नमाज अदा कराई।नमाज से पहले लोगों को ख़िताब करते हुए उन्होंने कहा कि कुर्बानी अल्लाह की रज़ा के लिए करें,इसमें किसी तरह का दिखावा न करें।उन्होंने कहा कि इंसान को हयादार होना चाहिए।हया गुनाहों से रोकती है जबकि बेहयाई गुनाहों की तरफ धकेलती है।उन्होंने अल्लाह के हुक्म के मुताबिक जिंदगी गुज़ारने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बड़े अफसोस की बात है कि हज पर जाने वाले लोग फोटो खींचकर शेयर कर रहे हैं।जबकि उस मुबारक सरजमीन पर हमें बड़ी एहतियात से काम लेना चाहिए। कहा कि हज और कुर्बानी समेत दीगर इबादत में किसी तरह का दिखावा नहीं करना चाहिए।जामा मस्जिद में ख़तीब मुफ़्ती मोहम्मद वसीम क़ासमी ने 7 बजे ईद की नमाज पढ़ाई,जबकि मस्जिद थाने वाली में 07:30 बजे मुफ़्ती निजामुद्दीन ने ईद की नमाज अदा कराई।इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया।

# लोग अपने फायदे के लिए इस्लाम की बातों से दूर होते जा रहे: शहर काजी


## हजरत इब्राहिम,हजरत इस्माइल और हजरत हाजरा की कुर्बानी को मुसलमान यादें रखे



ईदगाह में नमाज अदा करते नामाजी। -जागरण मोर्चा



नमाज के बाद गले मिलकर मुबारबाद देते कांग्रेस जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित।



जामा मस्जिद में नमाज अदा करते नमाजी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** गुरुवार सुबह सात बजे ईदगाह में कार्यवाहक शहर काजी सैयद अनस मियां और जामा मस्जिद में 7:30 बजे जामा मस्जिद के इमाम मौलवी रेहान खां ने नमाज अदा कराई। उसके बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू हो गया। सुरक्षा के लिहाज से ईदगाह पर ड्रोन कैमरों से निगरानी हुई। इसके अलावा डीएम एसपी फोर्स के साथ मौजूद रहे। नमाज के लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी।

गुरुवार को जिले भर में ईद उल अजहा का पर्व मनाया गया। इससे पहले सुबह 7 बजे ईदगाह में शहर काजी अनस मियां ने लोगों को ईद की नमाज अदा कराई। उसके बाद तकरीर को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हजरत इब्राहिम, हजरत इस्माइल और हजरत हाजरा की कुर्बानी को मुसलमान यादें रखे। जिन्होने अल्लाह की रजा के लिए अपने बेटे को भी कुर्बान करने के लिए पीछे नहीं हटे। बेटे की कुर्बानी देना चाही। आज का मुसलमान कुर्बानी के मकसद को भूल चुके हैं। कुर्बानी का मकसद है कि जो चीज आपको सबसे ज्यादा पसंद है। उसको अल्लाह की राह में कुर्बान करो। कुर्बानी के जानवर का खून गिर नहीं पाता है कि अल्लाह उसकी कुर्बानी को अता फरमाता है। आज मुसलमान अपने फायदे के लिए एक दूसरे इंसान के दुश्मन बने हुए हैं। आज इंसान किसी भी मजहब का हो लेकिन वह भाई है। उन्होने कहा कि मुसलमानों को हुजूर की बातों को अपनाना चाहिए।

बच्चों को अच्छी तालीम दे, गुनाहों से तौबा करें। इससे पहले काजी शहर सैयद खुशनूद मियां ने ईदगाह का एक साल का लेखा जोखा बताते हुए कि आज के नौजवान मुसलमान ईदगाह की छत पर चढ़कर पतंग उड़ाते हैं। चौकीदार के मना करने पर उसको धमकाते हैं। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि पतंगबाजी इस्लाम में कहीं जायज नहीं है। इस्लाम की पांच बुनियादी चीजों में हज और कुर्बानी का अलग महत्व है। आज के दिन मैदान-ए अराफात में जो हाजी लोग हज के बाद जमा होते है तो अल्लाह कहता है कि सारी तकलीफें भुलाकर यहां आए है। मैं इनको माफ करता हूं। उसके बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू हो गया। इस दौरान किसी भी प्रतिबंधित जानवर की कुर्बानी न करते हुए साफ सफाई का ध्यान रखे। उसके बाद लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। बाद में घरों पर कुर्बानी शुरू हो गई।



सैयद अनस मियां।



नमाज अदा कराते जामा मस्जिद के इमाम रेहान खां।

# ईद-उल-अजहा की नमाज में अमन-चैन की मांगी दुआ

जागरण मोर्चा कार्यालय


**मिलक।** नगर की मंडी समिति के पास स्थित ईदगाह पर ईद-उल-अजहा की नमाज सुबह 7:30 बजे मुफ्ती कारी नजफ अली ने अदा कराई। नमाज के बाद खुतबा पढ़ा गया और मुल्क में अमन चैन व भाईचारे के लिए हजारों हाथ दुआ के लिए उठे। उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह, क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह परिहार और कोतवाली प्रभारी मनीराम सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल ईदगाह पर तैनात रहा। ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की गई। नगर पालिका की ओर व्यवस्था के लिए अधिशासी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद सहित पालिका कर्मचारी भी मुस्तैद रहे मंडी समिति के पास ईदगाह के अलावा नगर की नसीराबाद मस्जिद में हाफिज अब्दुल वहीद ने नमाज अदा कराई। वहीं क्षेत्र के खाता नगरिया, लोहा, दुगनपुर, क्रमचा, क्योंरार, परम, भैसोडी, धर्मपुरा, मेहंदीपुर धमोरा आदि गांवों में भी ईद-उल-अजहा की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।सभी जगहों पर नमाज के बाद लोगों ने कुर्बानी की रस्म अदा की पुलिस- प्रशासन ने नमाज के दौरान यातायात व्यवस्था भी सुचारू रखी, जिससे लोगों को कोई परेशानी नहीं हुई। ईदगाह पर मुख्य रूप से कारी नजफ अली, जामा मस्जिद इमाम हाफिज याकूब बहीदी, सलीम मलिक, हाजी सईदुल रहमान, डॉ अकील अहमद, पालिका अध्यक्ष पति नरेंद्र सिंह गंगवार, चंद्रभान मित्तल, मुस्तकीम, हाजी अशरफ, इकरार हुसैन, मोहम्मद असलम, नन्हे कादरी, शाकिर कुरैशी, आदि थे।



मस्जिद के इमाम से ईद मिलते हुए किसान नेता मोहम्मद हनीफ वारसी।

# अदा की ईद उल अजहा की नमाज

जागरण मोर्चा कार्यालय



दढ़ियाल की नूरी ईदगाह में नमाज के बाद दुआ मांगते नमाजी। -जागरण मोर्चा

**दढ़ियाल।** नगर में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद उल अजहा की नमाज अदा की। नमाज के बाद मुल्क में अमन, चैन और भाईचारे के लिए दुआ कराई गई। दुआ में हजारों हाथ अल्लाह की बारगाह में उठे। वही नमाज के बाद एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। कुर्बानी कर अपने परिचितों को खाना खिलवाया। नगर में मुरादाबाद मार्ग पर स्थित ईदगाह में ईद उल अजहा की नमाज के लिए सुबह 7 बजे खड़े हुए। ईद उल अजहा की नमाज नायब शहर इमाम मौलाना हस्सान कासमी ने नमाज अदा कराई । जबकि काशीपुर मार्ग पर स्थित नूरी ईदगाह में शहर इमाम मौलाना सलीम अंसारी ने भी 7 बजे नमाज अदा कराई। मुरादाबाद मार्ग पर स्थित ईदगाह में नमाज अदा करने से पूर्व नायब शहर इमाम मौलाना हस्सान कासमी ने कहा कि कुर्बानी का इस्लाम में महत्वपूर्ण इबादत है। यह हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की सुन्नत है । इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार जिलहिज्जा महीने की 10 तारीख की सुबह सादिक से 12 तारीख को सूरज डूबने तक तीन दिन तक ईद-उल- अजहा के मौके पर की जाती है। दुआ में हजारों हाथ अल्लाह की बारगाह में उठे। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के गांव रामपुर धम्मन ,अकबरा बाद, सूरजपुर ,जमालगंज ,चौखंडी, लोदीपुर नायक, कुंडेसरा, भावपुरा, मुवाना, जटपुरा, मिलक, सी टला ,घोसीपुरा ,महुआ खेड़ा आदि गांवो में ईद उल अजहा की नमाज शांतिपूर्वक अदा की गई। नमाज के दौरान सीओ टांडा कीर्ति निधि आनंद ,कोतवाल संदीप मिश्रा ,चौकी प्रभारी बृजेश कुमार,नायब तहसीलदार अमित कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहें।

ईद मुबारक — ईदगाह का माहौल पूरी तरह से रूहानी और रहा शांतिपूर्ण

# मुल्क में अमन चैन की दुआ के लिए ईदगाह में उठे हजारों हाथ

- शाहबाद में शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई बकरीद की नमाज़

जागरण मोर्चा कार्यालय



शाहबाद ईदगाह में नमाज के बाद दुआ मांगते नमाज़ी। -जागरण मोर्चा

**शाहबाद।** शहर समेत देहात क्षेत्र में बकरीद का त्यौहार बड़े ही धूमधाम और शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। शहर के बिलारी रोड स्थित ईदगाह में तय समय पर नमाज़ अदा की गई, जहां हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शिरकत की। शहर इमाम मौलाना सलमान ने ईद-उल-अजहा की नमाज संपन्न पढ़ाई। नमाज के बाद शहर इमाम ने खुतबा पढ़ा और हजारों की संख्या में लोगों ने हाथ उठाकर मुल्क की तरक्की, अमन-चैन और खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। इस दौरान ईदगाह का माहौल पूरी तरह से रूहानी और शांतिपूर्ण रहा। नमाजियों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। बकरीद के त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन बेहद सतर्क नजर आया। ईदगाह और आसपास के इलाकों में सुरक्षा की पुख्ता इंतेज़ाम किए गए। ईदगाह में नमाज के दौरान उपजिलाधिकारी आशुतोष कुमार, क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन और कोतवाल प्रदीप कुमार भारी पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। क्षेत्र में सभी जगहों पर ड्रोन से नजर रखी गई।

## सार संक्षेप



चौकी इंचार्ज से वार्तालाप करते एसपी। -जागरण मोर्चा

### एसपी ने चौकी का किया निरीक्षण

**रामपुर।** बुधवार रात को पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा द्वारा थाना मिलक के अन्तर्गत चौकी रठौंडा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चौकी कार्यालय पर बने अभिलेखों, उनमे अंकित की जाने वाली प्रवष्टियों एवं साफ सफाई को चेक किया।साथ ही चौकी परिसर की साफ–सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओ का बारीकी से अवलोकन कर संबंधित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए । एसपी ने स्पष्ट किया कि चौकी पर आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या को शालीनता से सुना जाए। उसका त्वरित निस्तारण तय किया जाए ।



सैफनी में ईदगाह स्थल पर सामूहिक नवाज के लिए जमा होते लोग।

### ईद उल अजहा शांतिपूर्वक मनाया

**सैफनी।** नगर समेत क्षेत्र में ईद उल अजहा का त्योहार मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोग ईद उल अज़हा की नमाज पढ़ने के लिए 6 बजे से ही नगर में स्थित ईदगाह पर एकत्रित होने लगे, इस बीच शहर इमाम कारी अतीकुर्रहमान ने लोगों को इस्लाम की अहम जानकारियां दीं, और ईद पर जानबर कुर्बान करने के नियम और फायदे समझाये, लोगों से हुकूमत की जारी की गई गाईड लाइन पर कुर्बानी करने का आग्रह किया। नगर समेत क्षेत्र के हज़ारों मुस्लिमों ने ईदुल अज़हा की सामूहिक नमाज अदा की, और मुल्क में अमन, सुकून, सौहार्द्र, और उन्नति की दुआ की। नमाज़ के बाद लोगों ने एकदूसरे के गले मिल कर ईद की मुबारकबाद दी। वहीं नगर के अलावा क्षेत्र के चकफेरी, बैरुआ, छितौनी, सराय महेश, आदि गांवों में भी ईद उल अजहा का त्योहार आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाया गया। वहीं सुरक्षा के दृष्टिगत शांति व्यवस्था के मद्देनजर नगर के प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल मौजूद रहा जबकि अन्य पुलिस बल नगर सहित क्षेत्र में दिनभर गश्त करती रही।

### ईद के मौके पर पुलिस रही अलर्ट



तैनात पुलिस बल।

**मिलक।** ईद को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए गुरुवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह परिहार अपने थाना क्षेत्रों में भ्रमण पर निकले। सीओ ने शांति व्यवस्था ड्यूटी का निरीक्षण कर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया।भ्रमण के दौरान क्षेत्राधिकारी ने संवेदनशील स्थलों, रूट डायवर्जन ड्यूटी पॉइंट एवं ईदगाहों का निरीक्षण किया। ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को सतर्क रहने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और भीड़ प्रबंधन के निर्देश दिए गए। हुड़दंग करने वालों पर तत्काल कार्रवाई होगी।ईद को लेकर पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया है।

### नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया ईद-उल-अजहा



ईद की मुबारकबाद पेश करते नमाजी।

**मसवासी।** नगर मसवासी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में ईद–उल–अजहा गुरुवार को पूरे हर्षोल्लास, अकीदत और भाईचारे के माहौल में मनाया गया। सुबह से ही मस्जिदों और ईदगाहों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने नए कपड़े पहनकर अल्लाह की बारगाह में सजदा किया और मुल्क में अमन–चैन, तरक्की और कौम की खुशहाली के लिए दुआएं मांगीं। ग्राम मानपुर उत्तरी स्थित ईदगाह में भी बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद की नमाज अदा की।मदीना मस्जिद के इमाम कारी जमील ने ईद–उल–अजहा की नमाज अदा कराई। नमाज के बाद उन्होंने अपने बयान में कहा कि कुर्बानी सिर्फ अल्लाह की रजा और उसकी खुशी हासिल करने के लिए की जानी चाहिए। कुर्बानी में किसी भी प्रकार का दिखावा इस्लाम की शिक्षाओं के खिलाफ है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कुर्बानी के दौरान फोटो और वीडियो बनाने से बचें तथा उन्हें सोशल मीडिया या किसी अन्य प्लेटफॉर्म पर साझा न करें। कारी जमील ने कहा कि ईद–उल–अजहा हमें त्याग, बलिदान, इंसानियत और आपसी भाईचारे का संदेश देता है। हमें गरीबों, जरूरतमंदों और बेसहारा लोगों का विशेष ख्याल रखना चाहिए और कुर्बानी के गोश्त में उनका भी हिस्सा शामिल करना चाहिए।

**एक नजर**



## महिला ने दहेज उत्पीड़न का ससुराल पक्ष पर लगाया आरोप

**गजरौला।** एक महिला ने पति और सास, ससुर पर दहेज के लिए उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के खुंगावली गांव निवासी प्रेम सिंह की पुत्री सविता की शादी 06 वर्ष पूर्व सोहरका गांव निवासी गोपाल के पुत्र गुड्डू से हुई थी। शादी में उपहार स्वरूप मोटरसाइकिल भी दी थी, लेकिन आरोप है कि शादी के कुछ दिनों बाद से ही पति और ससुराल पक्ष के लोगों ने सविता को दहेज के लिए परेशान करना शुरू कर दिया। बीते दिन ससुराल पक्ष लोगों ने सविता के साथ मारपीट करके घर से निकाल दिया। अपाचे मोटरसाइकिल और नकदी की डिमांड पूरी न होने तक घर में कदम न रखने की बात कही। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# हर्षोल्लास से मनाया ईद उल अजहा का पर्व ईदगाहों और मस्जिदों में अदा की गई नमाज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर में ईद उल अजहा (बकरीद) धार्मिक आस्था, भाईचारे और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही शहर की सभी ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए मुस्लिम समाज के लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी तथा देश में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की के लिए दुआएं मांगीं।

शहर की बड़ी ईदगाह खुर्जा गेट में सुबह सात बजे ईद की नमाज मौलाना नाजिम ने अदा कराई, जबकि शहर काजी मरगूब कादरी नौशाही ने खुत्बा पेश किया। उन्होंने अपने संबोधन में कुर्बानी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इंसानियत, भाईचारे और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त शहर की अन्य मस्जिदों और ईदगाहों में भी बड़ी संख्या में लोगों ने नमाज अदा की। छोटी ईदगाह सम्भल गेट में सुबह छह बजे मौलाना अमान ने नमाज पढ़ाई।जामा मस्जिद में सुबह सवा सात बजे मौलाना इफ्तेखार मिस्बाही ने नमाज अदा कराई।बड़ी मस्जिद जराई गेट में सुबह पौने सात बजे मौलाना जमीर ने, स्टेशन वाली मस्जिद में सुबह साढ़े छह बजे मौलाना फहीम ने, शेखों वाली मस्जिद लक्ष्मण गंज में हाफिज मुशाहिद ने सुबह सात बजे, मस्जिद सीकरी गेट में सुबह साढ़े छह बजे सूफी नासिर ने ईद की नमाज अदा कराई।अंत में शहर काजी मरगूब कादरी नौशाही ने सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने विशेष रूप से नगर पालिका परिषद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन का सहयोग सराहनीय रहा। ईदगाहों और मस्जिदों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। सीओ दीपक तिवारी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तोमर, ईओ धर्मराज राम, प्रियंका सिंह, पीएससी, दमकल के साथ पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद नजर आया और लगातार व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रहा।नमाज के दौरान और बाद में लोगों ने शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाया।इस दौरान शहर काजी मरगूब कादरी नौशाही, शाहआलम मंसूरी, हाजी कलीम अनवर, शकील वारसी, अशफाक भारती, अब्दुल हमीद सैफी, जफरुद्दीन चौधरी, संजय मदान, खुशनवाज, मुजीब सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



नमाज अदा करते मुस्लिम समाज के लोग। –जागरण मोर्चा



एक दूसरे को ईद मिलकर बधाई देते बच्चे। –जागरण मोर्चा



बड़ी ईदगाह पर लोगों से ईद मिलकर एक दूसरे को मुबारक देते मौलाना व शहर इमाम। –जागरण मोर्चा


## संदिग्ध परिस्थितियों में लॉ के छात्र की मौत

- मानसिक तनाव में चल रहे युवक ने उपचार के दौरान तोड़ा दम, कीटनाशक के सेवन की आशंका

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सम्भल/बहजोई।** जनपद संभल के बहजोई कोतवाली क्षेत्र के गांव पाठकपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जांच में मामला कीटनाशक दवा के सेवन से जुड़ा माना जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार गांव पाठकपुर निवासी 22 वर्षीय मनीष पुत्र मेघ सिंह लॉ का छात्र था और साथ ही जिला न्यायालय चंदौसी में एक अधिवक्ता के साथ प्रैक्टिस भी करता था। परिजनों का कहना है कि मनीष पिछले कुछ दिनों से मानसिक तनाव में चल रहा था। बताया गया कि देर रात उसने संदिग्ध परिस्थितियों में किसी कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। दवा खाने के कुछ ही देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन तत्काल उसे उपचार के लिए मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि युवक ने किन परिस्थितियों में कीटनाशक दवा का सेवन किया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। देर शाम जब युवक का शव गांव पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों की आंखें भी नम हो गईं और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बाद में गांव के मोक्षधाम में युवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है तथा परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।



मृतक मनीष का फाइल फ़ोटो।

## सम्भल में 4080 प्रगणक व 680 सुपरवाइजर मैदान में, घर-घर जाकर जुटाई जा रही सूचनाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**संभल।** भारत सरकार द्वारा आयोजित जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत प्रदेशभर में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य प्रारम्भ हो चुका है। जनपद सम्भल में भी यह अभियान तेजी से संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत प्रगणक एवं सुपरवाइजर घर-घर पहुंचकर आवश्यक जानकारियां एकत्रित कर रहे हैं।

इसी क्रम में विकास खण्ड बहजोई परिसर स्थित मुख्य विकास अधिकारी आवास पर प्रगणक एवं प्राथमिक विद्यालय मऊ कठैर की सहायक अध्यापिका सुनीता कश्यप द्वारा गणना कार्य संपन्न कराया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने अपने आवास से संबंधित आवश्यक एवं निर्धारित जानकारियां उपलब्ध कराईं। जिला प्रशासन के अनुसार जनगणना 2027 के प्रथम चरण के सफल संचालन को जनपद में कुल 4080 प्रगणक तथा 680 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। यह कार्य 22 मई से 20 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा, जिसके दौरान सभी कार्मिक घर-घर जाकर आंकड़े संकलित करेंगे। प्रशासन ने जनपदवासियों से अपील की है कि जनगणना के दौरान पूछे जाने वाले सभी 33 प्रश्नों के सही, सटीक एवं पूर्ण उत्तर उपलब्ध कराएं। अधिकारियों ने बताया कि जनगणना से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न विकास योजनाओं, नीतियों एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाती है। साथ ही नागरिकों से यह भी अनुरोध किया गया है कि वह प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को आवश्यक सहयोग प्रदान करें, ताकि यह महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य पारदर्शी, व्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सके।



सीडीओ से जानकारी लेती प्रगणक।

## युवक ने महिला के साथ किया दुष्कर्म, दोस्तों ने बनाई वीडियो

- महिला के पति ने आरोपी व तीन-चार अज्ञात के विरुद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ क्षेत्र के एक गांव में युवक ने महिला के साथ दुष्कर्म किया। जबकि आरोपी युवक के साथियों ने घटना की वीडियो बना लिया। इसके बाद आरोपी ने महिला को ब्लैकमैल करके कई बार दुष्कर्म किया है। महिला के पति ने एक नामजद सहित तीन-चार अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला के पति ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि गांव का युवक बिंटू काफी समय से उनकी पत्नी पर बुरी नजर रख रहा था। उसे आते-जाते बुरी नियत से छेड़ा करता था और अश्लील हरकतें करता था। कई बार समझाने का प्रयास किया लेकिन युवक नहीं माना। महिला कई दिन से परेशान व डरी हुई थी, तो उसने पत्नी से कारण पूछा, तो उसकी पत्नी ने बताया कि गगांव का युवक अपने तीन-चार दोस्तों के सात एक माह पहले रात 10 बजे जब घर पर अकेली थी, तब जबरन घर में घुस आया और महिला के साथ दुष्कर्म किया। जबकि आरोपी के दोस्तों ने घटना की वीडियो बना ली। इसके बाद आरोपी ने वीडियो को दिखाकर ब्लैकमेल करके महिला के साथ कई बार दुष्कर्म कर चुका है। साथ ही किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दे चुका है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी बिंटु व उसके तीन-चार दोस्तों के विरुद्ध कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

## पैदल हाइक में बच्चों ने खोजे चिन्ह

### एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में भारत स्काउट गाइड के तृतीय सोपान का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में भारत स्काउट गाइड में तृतीय सोपान का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को चौथे दिन गाइड कमिश्नर संगीता भार्गव द्वारा भारत स्काउट गाइड का ध्वजारोहण करके बच्चों को हरी झंडी देते पैदल हाइक का शुभारंभ किया। सुबह 7 बजे जिला संगठन आयुक्त स्काउट गाइड मीनू सिंह ने बच्चों के साथ एक दिवसीय हाइक निकाली। जिसमें बच्चे पैदल यात्रा करते हुए एबीसी किड्स मांटेसरी से प्रारंभ होकर मार्गदर्शक चिन्हों के द्वारा पैदल हाइक करते हुए एसएम इंटर कालेज पर पहुंच समाप्त हुई। भारत स्काउट गाइड के बच्चों ने खोज के चिन्हों के द्वारा अपना मार्ग दर्शन किया। इसी के साथ ट्रेनिंग काउंसलर नीलम कुमारी एवं ट्रेनिंग काउंसलर पंकज कुमार ने एसएम इंटर कालेज पहुंचकर पेड़ की ठंडी छांव में बैठकर बच्चों के साथ अंताक्षरी, खो-खो, रस्सीकूद, कबड्डी, दौड़, संदेश पास आदि खेलों का आयोजन किया गया। इसके बाद बच्चों ने जलपान कर पानी पिया। इस शिविर में कई विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया।



पैदल हाइक निकालते बच्चे। –जागरण मोर्चा

## 36 लाख की वित्तीय अनियमितता में सारंगपुर प्रधान पर कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**संभल।** विकास खंड पवांसा की ग्राम पंचायत सारगपुर में विकास कार्यों में कथित वित्तीय अनियमितता पाए जाने पर जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार प्रतिबंधित कर दिए हैं। जांच में प्रथम दृष्टया 36,06,702 रुपये की अनियमितता सामने आई है।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत सारंगपुर निवासी सोमपाल पुत्र खुशीराम एवं अन्य ग्रामीणों ने जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल से शिकायत कर ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों में अनियमितताओं का आरोप लगाया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने जांच जिला पंचायत राज अधिकारी को सौंपी तथा तकनीकी परीक्षण के लिए ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के सहायक अभियंता को नामित किया। जांच रिपोर्ट में सामने आया कि संबंधित कार्यों से जुड़े वित्तीय, प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृति पत्र, टेंडर, कोटेशन, बिल-वाउचर समेत आवश्यक अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए। स्थलीय एवं अभिलेखीय परीक्षण 36 लाख 6 हजार 702 रुपये की धनराशि प्रथम दृष्टया वित्तीय अनियमितता पाई गई। जांच में ग्राम प्रधान रामवती के साथ तत्कालीन ग्राम सचिव को भी जिम्मेदार माना गया है। जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 95(1)(छ) एवं पंचायत राज नियमावली 2001 के तहत कार्रवाई करते हुए ग्राम प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारों पर रोक लगा दी है। साथ ही अंतिम जांच के लिए उपनिदेशक कृषि संभल और अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को जांच अधिकारी नियुक्त कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

## अक्रूरजी पुरम कालोनी में दो मकान के चोरों ने तोड़े ताले

### दोनों ही मकान पड़े हैं खाली, 24 मई की रात एक मकान में 7 लाख रुपये हो चुकी है चोरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** अक्रूरजी पुरम कालोनी में चोरों ने दो मकानों के ताले तोड़ लिए। दोनों ही मकानों में कोई नहीं रहता। मकान मालिक अन्य स्थान पर रहते हैं। एक मकान कुछ सामान रखा था। जबकि दूसरे मकान का ताला तोड़ लिया मगर चोर ताला नहीं टूट सका। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची। उक्त कालोनी में 24 मई की रात चोरों एक मकान से 7 लाख रुपये की नकदी व जेवर चोरी कर चुके हैं। घटना से कालोनीवासियों में दहशत व्याप्त है।

अक्रूरजी पुरम कालोनी निवासी चंद्रहंस के मकान से चोर 24 मई की रात 7 लाख रुपये की नकदी व जेवर चोरी कर ले गए थे। घटना की जानकारी होने पुलिस ने मौके पर पहुंच जानकारी थी। उक्त घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद भी हुई थी। अब कालोनी में दो मकानों के ताले टूटने की घटना सामने आई है। खुर्जा गेट निवासी नीरज अग्रवाल पुत्र अनिल अग्रवाल का अक्रूरजी पुरम कालोनी में मकान है। जो पिछले 4 माह से खाली पड़ा है। वह खुर्जा गेट वाले मकान में रहते हैं और फिलहाल परिवार के साथ बाहर गए हुए हैं। इनके पड़ोसी रविकांत ने बताया कि बुधवार की रात 2.30 बजे किसी ने उनकी खिड़की पर पत्थर मारा था। बाहर आकर देखा तो कोई नजर नहीं आया। गुरुवार की दोपहर 12 बजे नीरज अग्रवाल की टंकी का पानी निकल रहा था। तो देखा कि उनके पर लगे ताला का कुंडा टूटा है। यह जानकारी उन्होंने कालोनी के अन्य लोगों को दी। तो आसपास के लोग एकत्र हो गए। मकान में कोई खास सामान नहीं था। मगर नीरज के बाहर होने से यह जानकारी नहीं हो सकी कि चोर मकान से क्या सामान ले गए।

वहीं दूसरी घटना अनीता वार्ष्णेय के मकान में हुई। वह हाथी खाने वाले मकान में रहती है। जबकि कालोनी में उनका मकान बनवा रखा है। जिस पर वह कभी-कभी आती रहती है। उन्होंने बताया कि उनके गेट पर लगा ताला टूटा था, मगर चोर ताला चोर नहीं तोड़ सके। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घटना से कालोनीवासियों में दहशत है। कालोनीवासी शुक्रवार को पुलिस के उच्चाधिकारियों से मिलेंगे।



अक्रूजी पुरम कालोनी में घटना के बाद आपस में वार्ता करते कालोनीवासी।

## पेड़ पर तार से लटका मिला इलेक्ट्रिशियन का शव

- दुकान से निकला युवक रातभर घर नहीं पहुंचा, सुबह जंगल में मिला शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**संभल।** रायसत्ती थाना क्षेत्र के गांव सदीरनपुर निवासी 18 वर्षीय युवक का शव गुरुवार सुबह जंगल में पेड़ पर बिजली के तार से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। खेतों की ओर जा रहे किसानों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार मोहित कुमार 18 वर्ष पुत्र नरेश कुमार मझावली अड्डे पर इन्वर्टर मरम्मत की दुकान चलाता था। बताया गया कि बुधवार शाम करीब 4 बजे वह दुकान खुली छोड़कर किसी काम से गया था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने दुकान और आसपास उसकी तलाश की, मगर उसका कोई सुराग नहीं लगा। गुरुवार सुबह परियावाली पुलिस चौकी क्षेत्र के जंगल में मोहित का शव पेड़ पर बिजली के तार से लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस और परिजन मौके पर पहुंच गए।

पुलिस ने शव नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। सीओ डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मोहित तीन भाइयों में सबसे छोटा था।

**आयोजन** विनायक कालोनी में धूमधाम से मनाई गई क्रांतिकारी वीर सावरकर की जयंती

## महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाज सुधारक, राजनेता व दार्शनिक थे वीर सावरकर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवम सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में महान स्वतंत्रता सेनानी, क्रांतिकारी वीर सावरकर की जयंती विनायक कालोनी में धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम सभी कार्यकर्ताओं ने चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि क्रांतिकारी विनायक दामोदर सावरकर महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाजसुधारक, चिंतक, लेखक, कवि, प्रखर वक्ता, राजनेता,दार्शनिक, हिंदू महासभा के संस्थापक थे। उन्होंने बंगाल विभाजन के बाद विदेशी वस्त्रों की होली जलाई। 1909 में मदन लाल ढींगड़ा द्वारा विलियम हट कर्जन वायली को गोली मार दिए जाने के बाद उन्होंने लंदन टाईम्स में एक लेख लिखा था। जिस पर लंदन में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया, दो बार उनको आजीवन कारावास दिया गया। यह दो दो बार आजीवन कारावास विश्व के इतिहास में पहली बार हुआ था। 1937 में वह अखिल भारतीय हिंदू महासभा के अध्यक्ष चुने गए। वीर सावरकर की सोच 70-80 वर्ष आगे की और अखंड भारत बनाने की थी। पुणे विश्वविद्यालय ने उन्हें डी लिट की मानद उपाधि से अलंकृत किया। 26 फरवरी 1966को क्रांतिकारी वीर सावरकर का स्वर्गवास हो गया। उनके नाम पर डाक टिकट जारी किया गया। पोर्ट ब्लेयर के विमान क्षेत्र का नाम वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा रखा गया। उनके नाम पर देश में कई संस्थान की स्थापना हुई । सृष्टि सिंह एवं पंड़ित बृजेंद्र प्रसाद तिवारी ने कहा कि वीर सावरकर का त्याग और देश को आजाद कराने के लिए संघर्ष देशवासियों को सदैव याद रहेगा। इस दौरान नगर अध्यक्ष पंड़ित सच्चिदानंद शर्मा, रश्मि शर्मा, सत्यप्रिया मिश्रा, डाक्टर शिवांगी मिश्रा, राम सिंह, गोपी सिंह, हर्ष तिवारी, उत्कर्ष तिवारी ने विचार व्यक्त किए।



विनायक दामोदर सावरकर की जयंती मनाते पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

## ईद-उल-अजहा पर प्रशासन अलर्ट, शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ त्योहार

### डीएम व एसपी ने ईदगाहों का किया निरीक्षण, ड्रोन कैमरों से रखी गई पैनी नजर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सम्भल/बहजोई।** ईद-उल-अजहा पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जनपद सम्भल में प्रशासन एवं पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

गुरुवार को जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने थाना हयातनगर क्षेत्र के कमलपुर सराय स्थित मुख्य ईदगाह का भ्रमण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर नमाज स्थल, आने-जाने वाले मार्गों, पार्किंग व्यवस्था, बैरिकेडिंग एवं पुलिस ड्यूटी प्वाइंट्स का जायजा लिया तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रशासन द्वारा आधुनिक तकनीक का भी उपयोग किया गया। पूरे क्षेत्र में ड्रोन कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी रखी गई, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। अधिकारियों ने भ्रमणशील रहकर ईदगाह परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों की स्थिति का अवलोकन किया और ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। डीएम अंकित खंडेलवाल ने कहा कि जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग ईद-उल-अजहा का पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम एवं सौहार्द के साथ मनाएं और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। वहीं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने कहा कि जनपद की सभी प्रमुख ईदगाहों एवं मस्जिदों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) कुलदीप सिंह, उपजिलाधिकारी सम्भल सहित प्रशासन एवं पुलिस विभाग के कई अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं तथा त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में सहयोग की अपील की। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में भी पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार गश्त की गई। प्रमुख चौराहों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखाई दिया।

**बहजोई ईदगाह में अदा हुई ईद-उल-अजहा की नमाज**

सुबह 9 :30 बजे सम्पन्न हुई नमाज, प्रशासनिक अधिकारी रहे मौजूद

वहीं जनपद के बहजोई क्षेत्र में भी ईद–उल–अजहा का पर्व धार्मिक उत्साह एवं शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। बहजोई स्थित मुख्य ईदगाह में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एकत्र होकर ईद–उल–अजहा की नमाज अदा की। नमाज सुबह लगभग 9 :30 बजे शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई, जिसके बाद लोगों ने एक–दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और देश एवं समाज में अमन–चैन एवं खुशहाली की दुआ मांगी।

## एक नजर



### ट्रैक्टर की टक्कर से खंभा टूटकर मकान पर गिरा

**हसनपुर।** नगर के कंकर वाले कुआं के नजदीक गुरुवार सुबह ट्रैक्टर की टक्कर से बिजली का खंभा तिरछा होकर मकान पर गिर गया। गनीमत रही कि इस दौरान बिजली नहीं आ रही थी वरना बड़ा हादसा हो सकता था। मोहल्ले के लोगों को कहना है कि नगर पालिका द्वारा कूड़ा उठाने वाले ट्रैक्टर की चपेट में आकर खंभा गिरा। इसके साथ ही मोहल्ले की बिजली ठप हो गई। सूचना पर बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और खंभा व बिजली लाइन दुरुस्त करने में जुट गई। कहा जा रहा है कि संकरी गली से ट्रैक्टर गुजरते वक्त हादसा हुआ। इस मामले में किसी तरह की कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है। 3 घंटे बाद भी मोहल्ले की बिजली ठप है। ईद उल अजहा के मौके पर बिना बिजली लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# आम के पेड़ पर लटका मिला युवक का शव, मचा कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** थाना सैद नगली क्षेत्र के एक गांव स्थित अपने ही आम के बाग में एक युवक का शव प्लास्टिक की रस्सी के सहारे लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर मौके पर पहुंची थाना ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।



मृतक का फाइल फोटो।

गुरुवार की दोपहर थाना सैद नगली के क्षेत्र के गांव वाहपुर निवासी शरद उर्फ कपिल पुत्र मुकेश कुमार 22 वर्षीय का शव गांव से 400 मीटर की दूरी पर स्थित अपने ही आम के बाग में प्लास्टिक की रस्सी से पेड़ पर लटका मिला, शव लटका होने की सूचना पर परिजन एवं ग्रामीण बाग में घटना स्थल पर पहुंचे और प्लास्टिक की रस्सी के सहारे लटके शव को उतार कर नगर के निजी चिकित्सक के यहां ले गए जहां चिकित्सक ने युवक को देखते ही मृत घोषित कर दिया इसके बाद परिजन मृतक के शव को घर ले आए। शरद की मौत का समाचार मिलते ही ससुरालिया भी मृतक के गांव पहुंच गए और उन्होंने परिजनों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाना पुलिस को सूचना दी, सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष संजय प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक शरद की शादी 22 नवंबर को थाना क्षेत्र के कस्बा उझारी निवासी सलोनी पुत्री धर्मेंद्र के साथ हुई थी। मृतक 6 बहन भाइयों में सबसे बड़ा था। मृतक ने इसी वर्ष नगर के एक महाविद्यालय से एम ए की पढ़ाई पूरी की है। मृतक की मां सविता का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक नौकरी की तैयारी कर रहा था। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य इकट्ठे किए। थानाध्यक्ष संजय प्रताप सिंह द्वारा बताया गया कि मृतक की मां की तहरीर पर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है।



फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर साक्ष्य इकट्ठा करते हुए।



मृतक के परिजन विलाप करते हुए। -जागरण मोर्चा



मृतक के घर के बाहर एकत्र ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

## संविदा कर्मी रोडवेज चालक की छत से गिरकर उपचार के दौरान मेरठ के अस्पताल में मौत

**जागरण मोर्चा कार्यालय, हसनपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में नींद के आगोश मैं पेशाब करने के लिए उठे संविदा चालक रोडवेज कर्मी मकान के छत से गिरकर बुरी तरह घायल उपचार के दौरान मेरठ के अस्पताल में मौत। रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव दाउदपुर महरू निशा निवासी कपिल पुत्र दीवान 40 वर्षीय बुधवार की देर रात अपने मकान की छत पर सो रहे थे जैसे ही सम रोडवेज संविदा कर्मी चालक को पेशाब लगा तो वह पेशाब करने के लिए उठे और मकान की छत से नीचे गिर गए। मकान की छत से नीचे गिरते ही वह बुरी तरह घायल हो गए परिजनों के द्वारा घायल को नजदीक के नीजि चिकित्सक के यहां दिखाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे मेरठ रेफर कर दिया जहां गुरुवार की दोपहर बाद उपचार के दौरान मेरठ के अस्पताल में संविदा कर्मी रोडवेज चालक की मौत हो गई मौत की सूचना जैसे ही परिजनों को मिली तो कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे तीन बेटा वह पत्नी को रोते बिलखते छोड़ गया है।





## ईद उल अजहा पर मुस्लिम समाज के लोगों ने मुल्क में चैन और अमन की दुआ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** मुस्लिम समाज के लोगों ने गले लगाकर एक-दूसरे को ईद उल अजहा (बकरीद) की मुबारकबाद दी। नमाज में मुल्क में चैन और अमन की दुआ के बाद परंपरागत स्थानों पर कुर्बानी व मुबारकबाद का सिलसिला शुरू हुआ, जो शाम तक चलता रहा।

गुरुवार को ईद की नमाज अदा करने के लिए मुस्लिम समुदाय के लोग सुबह से ही तैयार हो गए थे। नगर के चौपला, चौहानपुरी सहित नगर में स्थित मस्जिदों और ईदगाह में नमाज अता करने के बाद कुर्बानी का सिलासिला शुरू हो गया। तय स्थानों पर पशुओं की कुर्बानी की गई। इसके बाद मुबारकबाद का सिलसिला शुरू हुआ। लोगों ने घर जाकर और एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। राजनैतिक दलों से जुड़े हुए लोगों ने भी मस्जिदों पर पहुंचकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी। इधर ईद के चलते पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। नगर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी पुलिस की पिकेट तैनात रहीं। सीओ अंजली कटारिया और प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने भी क्षेत्र में भ्रमण करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

# अमन की दुआ के साथ अदा हुई नमाज, उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया त्योहार



ईदगाह पर नमाज अदा करते हुए। -जागरण मोर्चा



शहर इमाम को ईद की बधाई देते अधिकारी। -जागरण मोर्चा



ईद उल अजहा पर गले मिलकर बधाई देते विधायक कमाल अख्तर।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में ईद उल अजहा का त्योहार अकीदत, उल्लास और भाईचारे के माहौल के बीच मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईदगाह और मस्जिदों में नमाज अदा कर मुल्क में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी और एक दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी। घरों में सेवईं और पारंपरिक व्यंजन तैयार किए गए, जबकि मेहमानों की आवभगत का सिलसिला पूरे दिन चलता रहा। वहीं अधिकारियों का काफिला पूरे दिन क्षेत्र में गस्त करता हुआ नजर आया।

गुरुवार को नगर स्थित ईदगाह पर नमाज मुफ्ती मेहराजुद्दीन ने अदा कराई। नमाज के बाद उन्होंने मुल्क और दुनिया में अमन-शांति, भाईचारे और खुशहाली की दुआ कराई।नमाज से पहले मुस्लिम धर्मगुरुओं ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बकरीद का त्योहार त्याग, इंसानियत, भाईचारे और अल्लाह की राह में कुर्बानी का संदेश देता है। उन्होंने लोगों से अमन, मोहब्बत और सादगी के साथ पर्व मनाने तथा जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की। ईदगाह पर नवाज ज्यादा होने के बाद मुस्लिम भाइयों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी, वही ईदगाह पर नगर पालिका परिषद एवं सपा नेता बदर कुरैशी के द्वारा कैंप लगाकर मुस्लिम भाइयों का स्वागत भी किया गया।नमाज के बाद नगर में कुर्बानी का सिलसिला शुरू हो गया। लोगों ने घरों में कुर्बानी कर सुन्नत अदा की। घरों में तरह-तरह के पकवान बने। ईद के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। नगर में पुलिस बल लगातार गश्त करता रहा, जिससे पूरे क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल बना रहा।

## क्षतिग्रस्त हुआ रामगंगा पोषक नहर पर लगा पैंटून पुल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** गजरौला में बने पैंटून पुल मरम्मत के करीब दस दिन बाद क्षतिग्रस्त हो गया। उस पर डाली गई मिट्टी धूल बन कर उड़ गई है। कई स्थान पर बल्लियां भी जगह छोड़ने के कारण गड्ढे बन गए हैं। जान जोखिम में डाल कर लोग पार हो रहे हैं। रामगंगा पोषक नहर पर अलीनगर व दारानगर गांव के बीच लगा पैंटून पुल चार गांवों के ग्रामीणों का मुख्य मार्ग है। इसके अलावा कई गांवों के ग्रामीण खेतों पर आने जाने के लिए इसी पुल से गुजरते हैं। 13 मई की रात ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉली पुल को तोड़ कर नहर में गिर गया था। 17 मई को ट्रैक्टर ट्रॉली बाहर निकाली जा सकी थी। अगले दिन पुल को दोबारा दुरुस्त कर उस पर आवागमन सुचारू किया था। उस पर मिट्टी डाली गई थी। साथ ही कबाड़ बिछाया गया था। करीब दस दिन बाद पैंटून पुल क्षतिग्रस्त होने लगा है। उसकी मिट्टी धूल बनकर उड़ गई और कुछ नहर में गिर गई। इसके अलावा उस पर आवागमन के लिए बिछाई गईं बल्लियां भी जगह छोड़ गई हैं। जिससे बड़े गड्ढे बन गए हैं। उनके कारण पुल से गुजरते समय हादसे का डर बना रहता है। मुरादपुर निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य सोनू गुर्जर, दारानगर के प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक सुरेंद्र सिंह भड़ाना, मंगत सिंह खड़गवंशी आदि ग्रामीणों का कहना है कि पैंटून पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण उससे गुजरते समय हादसे का डर बना रहता है।

## लुधियाना से घर लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, उपचार को ले जाते समय मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक लुधियाना से अपने घर लौटते समय लिंक मार्ग पर अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर युवक बुरी तरह घायल उपचार को ले जाते समय रास्ते में मौत। परिजनों में मचा कोहराम। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा।

रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव दाउदपुर मेहरुल निशा निवासी कुलदीप पुत्र दीवान सिंह 26 वर्षीय पंजाब के लुधियाना में रहकर केक व पेस्ट्री आदि का कार्य करता है।बुधवार की देर रात वह अपनी ससुराल गजरौला से अपनी बुलेट बाइक लेकर अपने घर लौट रहा था।जैसे ही उसकी बाइक गजरौला थाना क्षेत्र के रझौहा व रहमापुर लिंक मार्ग पर पुलिया के निकट पहुंची तो किसी अज्ञात वाहन ने बाईक को टक्कर मार दी टक्कर मारने के बाद अज्ञात वाहन सवार अपने वाहन को लेकर मौके से फरार हो गया।

राहगीरों के द्वारा देर रात घायल हालत में पड़े युवक के मोबाइल के आधार पर परिजनों को सूचना दी। तो परिजन आनंन-फानन में घटनास्थल पर पहुंचे और घायल युवक को लेकर गजरौला जा रहे थे। जहां गजरौला पहुंचने से पूर्व ही युवक की मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। मृतक की शादी 14 माह पूर्व हुई थी जिस पर एक ढाई माह का एक बेटा भी है। सूचना पर पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# अवैध रूप से की जा रही भ्रूण लिंग जांच मामले में पुलिस ने दस लोगों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में अवैध भ्रूण लिंग जांच के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए हरियाणा एवं अमरोहा की संयुक्त टीम ने स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर बुधवार को एक सक्रिय रैकेट का भंडाफोड़ किया था। टीम के द्वारा छह आरोपियों को मौके पर पकड़ा भी गया था। वहीं कोतवाली पुलिस द्वारा सीएचसी प्रभारी डॉक्टर धुर्वेद्र सिंह की तहरीर के आधार पर दस लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव चक की मढैया में गंगा तट बांध के निकट अमर सिंह पुत्र बाबूराम के मकान में भ्रूण लिंग जांच का गैरकानूनी काम चल रहा था। बुधवार की दोपहर को हरियाणा एवं अमरोहा स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा मकान में छापेमारी की गई, छापेमारी के दौरान मकान में पोर्टेबल मशीन के माध्यम से भ्रूण लिंग जांच की जा रही थी, संयुक्त टीम के द्वारा दिल्ली एवं हरियाणा की रहने वाली तीन महिलाएं भ्रूण लिंग जांच करवाते हुए पकड़ी गई।

टीम द्वारा हरियाणा निवासी दलाल रविंदर को भी अपनी कस्टडी में ले लिया था। टीम द्वारा आरोपियों के पास से 1 लाख 33 हजार रुपए की नगदी भी बरामद की थी। टीम के द्वारा पकड़े गए आरोपियों को कोतवाली लेकर आया गया और सीएचसी डॉक्टर धुर्वेद्र सिंह द्वारा दस लोगों के खिलाफ तहरीर दी गई, कोतवाली पुलिस द्वारा तहरीर के आधार पर दस आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी।

प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने सीएचसी प्रभारी की तहरीर के आधार पर गांव करन खाल निवासी विपिन कुमार एवं देवेंद्र, वही चक की मढैया निवासी अमर सिंह एवं उसकी पत्नी सुधा, हरियाणा निवासी रविंद्र सिंह, रवि, ईशा, अमित कुमारी, मोनिका, अनीता आदि के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।



बुधवार को टीम द्वारा पकड़ी गई पोर्टेबल जांच मशीन। -फाइल फोटो

## स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की जयंती पर शरबत का हुआ वितरण



सनातन जागरण मंच शरबत का वितरण करते हुए। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** सनातन जागरण मंच के पदाधिकारी के द्वारा स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की जयंती के अवसर पर स्टॉल लगाकर शरबत का वितरण किया गया तथा राहगीरों एवं दुकानदारों को रोक कर शरबत पिलाया गया। गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी सनातन जागरण मंच के पदाधिकारी के द्वारा गुरुवारको नगर के मेंन बाजार स्थित पुरानी तहसील पर स्टाल लगा शरबत का वितरण किया गया। पदाधिकारी द्वारा राहगीरों को रोग कर शरबत पिलाया गया, वहीं दुकानदारों को भी भीषण गर्मी में राहत महसूस करते हुए शरबत पिलाया गया। सनातन जागरण मंच के पदाधिकारी अंकित गुप्ता द्वारा बताया गया कि मंच के द्वारा प्रत्येक स्वतंत्रता सेनानी की जयंती मनाई जाती है उसी क्रम में वीर सावरकर की जयंती मनाई जा रही है। शरबत वितरण के दौरान सनातन जागरण मंच के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मेढ के विवाद में मारपीट तीन के खिलाफ मुकदमा

**जागरण मोर्चा कार्यालय, हसनपुर।** मेढ के विवाद में हुई मारपीट को लेकर पीड़ित पंकज चौहान की तहरीर पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज।

कोतवाली क्षेत्र के गांव कुड़ी वीरान निवासी पंकज चौहान पुत्र राजीव सिंह ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसका भाई अपने खेत पर पानी चल रहा था तभी गांव के ही तीन पिता पुत्रों ने ने मोनू को फावड़े से हमला कर उसका हाथ काट कर लाठी से घायल कर दिया है। जिसे काफी गंभीर चोट आई है। इसी को लेकर पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि मोनू की तहरीर पर ब्रजपाल सिंह, काविंद्र व कृपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# युवा राष्ट्रीय लोकदल की समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** बुधवार की रात्रि नगर पालिका परिषद के सभागार में युवा राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक कुमार बाफर द्वारा युवा राष्ट्रीय लोकदल की बैठक में जिला अध्यक्ष इरकान अली के कार्यों की समीक्षा की गई। युवा राष्ट्रीय लोकदल द्वारा 29 मई को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि ग्राम ढवारसी, हसनपुर तथा बछरायूं में जोर शोर से मनाने का निर्णय लिया गया। मुख्य अतिथि विवेक कुमार बाफर प्रदेश उपाध्यक्ष युवा रालोद ने जनपद अमरोहा में युवा राष्ट्रीय लोकदल के कार्यों की सराहना की । उन्होंने युवाओं से परिचय प्राप्त किया तथा उनसे संगठन और पार्टी को मजबूत करने हेतु सुझाव आमंत्रित किए तथा पार्टी कार्यक्रमों को भिन्न भिन्न स्थानों पर आयोजित करके राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों का प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय लोकदल रूहेलखंड के क्षेत्रीय महासचिव मुजाहिद चौधरी ने चौधरी जयंत सिंह को किसानों युवाओं महिलाओं सहित सभी वर्गों के कल्याण और विकास को प्रतिबद्ध नेता बताया। बैठक में हसनपुर में किसी चौराहे पर चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया गया। समीक्षा बैठक में बांके सिंह चौहान, गुफरान खान, शहजाद खान, अजीम अली, शारिक पधान, अरबाज खान, राजकुमार चौहान, मोहित सिंह, तस्लीम अहमद, बिपिन कुमार सहित दर्जनों युवा रालोद कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।



समीक्षा बैठक में मुख्य अतिथि का स्वागत करते लोकदल कार्यकर्ता।

## कूड़ा जलाने का विरोध करने पर भाजपा नेता के पिता से मारपीट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**डिडौली।** कूड़ा जलाने का विरोध में भाजपा नेता के पिता से मारपीट और घर में तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस ने गांव के ही चार सगे भाइयों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना डिडौली थाना क्षेत्र के गांव सलारपुर की है। यहां भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सचिन चाहल का परिवार रहता है। दर्ज रिपोर्ट के अनुसार मंगलवार शाम करीब छह बजे सचिन चाहल के पिता चरन सिंह अपने घर के बाहर बैठे हुए थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले नजबुल ने घर के बाहर पड़े कूड़े के ढेर में आग लगा दी। आरोप है कि धुआं उठने पर चरन सिंह ने कूड़ा जलाने का विरोध किया और ऐसा करने से मना किया।

इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। मामला बढ़ने पर नजबुल ने अपने भाइयों मेराजुल, अहमद अली और तौफीक को भी मौके पर बुला लिया। आरोप है कि चारों आरोपी घर में घुस आए और चरन सिंह के साथ मारपीट की। इस दौरान घर में तोड़फोड़ भी की गई। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## तीन श्रद्धालुओं की मौत मामले में उधमसिंह नगर का चालक गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**अमरोहा।** देहात थानाक्षेत्र के कोठी खिदमतपुर स्थित हनुमान मंदिर में बड़े मंगल पर चल रहे रामायण पाठ के दौरान डंपर के कुचलने से पांच वर्षीय मासूम समेत तीन श्रद्धालुओं की मौत के मामले में पुलिस ने हरियाणा नंबर के डंपर चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। बाद में आरोपी डंपर चालक देवेंद्र सिंह निवासी गांव किलावटी थाना कुंडा उत्तराखंड को गिरफ्तार कर लिया है। परिजनों की मांग पर प्रशासनिक अनुमति के बाद मंगलवार की रात में ही तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों ने तीनों शवों का बुधवार की सुबह गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं, हादसे के बाद से तीनों मृतकों के गांवों में मातम पसरा हुआ है।

कोठी खिदमतपुर स्थित हनुमान मंदिर पर ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल के अवसर पर रामायण पाठ और पूजा-अर्चना का आयोजन चल रहा था। शाम करीब साढ़े पांच बजे शुरू हुए कार्यक्रम में कोठी खिदमतपुर, नारायणपुर, छावी, चाऊपुरा समेत आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। भीड़ अधिक होने के कारण मंदिर परिसर के बाहर पंडाल लगाकर श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की गई थी।

मंगलवार शाम करीब छह बजे बजरी से भरा एक तेज रफ्तार डंपर अचानक अनियंत्रित होकर मंदिर की ओर बढ़ गया। डंपर ने पहले सड़क किनारे खड़े पेड़ में टक्कर मारी और इसके बाद पंडाल में बैठे श्रद्धालुओं को रौंदते हुए मंदिर की दीवार तोड़ दी।

## संपादकीय

# हज के बाद जंग !

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप 'अच्छी खबर' तो दे नहीं सके और न ही ईरान के साथ समझौता कर पाए, लेकिन उनके लड़ाकू विमानों ने ईरान के नौसेना बेस पर तीन हमले जरूर कर दिए। इस तरह ट्रंपने युद्धविराम तुड़वा दिया। अमरीकी सेना ने ईरान के बंदर अब्बास बंदरगाह पर हमले कर ईरानी स्पीड नौकाओं को समंदर में डुबो दिया। मिसाइल लॉन्च साइट्स पर भी हवाई हमले कर उन्हें नष्ट कर दिया गया। अमरीकी सेना की दलील है कि ईरानी नौकाएं समंदर में बारूदी सुरंगें बिछा रही थीं, लिहाजा आत्मरक्षा में अमरीका को हमले करने पड़े। इन हमलों और धमाकों में ईरानी आईआरजीसी के 4 जवान हताहत हुए और कुछ घायल भी हुए हैं। ईरान ने इसे युद्धविराम का 'साक्षात उल्लंघन' करार दिया है और अमरीका को 'महान शैतान' माना है। ईरान बेहद गुस्से में है। चूंकि यह 'पवित्र हज' का दौर है, दुनिया भर से 15 लाख से अधिक जायरीन हज यात्रा के लिए मक्का पहुंच चुके हैं। भारत के जायरीनों (तीर्थयात्रियों) का अधिकृत कोटा भी 1.75 लाख से ज्यादा का है, लिहाजा ईरान किसी संभावित युद्ध के दोबारा आगाज के मद्देनजर खामोश है, लेकिन उसने हमलों की पुष्टि की है। युद्धविराम के दौरान अमरीका ने ऐसे हमले किए हैं, लिहाजा युद्धविराम टूट चुका है। सवाल है कि क्या हज के बाद युद्ध नए सिरे से छिड़ेगा? यह बेहद गंभीर, संवेदनशील, मानवीय सवाल है, क्योंकि पूरा विश्व इससे प्रभावित हुआ है। हाहाकार मचा है। ऊर्जा के अलावा खाद्य संकट, उर्वरक संकट, माल के आयात-निर्यात का संकट और अंततः भुखमरी का संकट इस युद्ध के नतीजतन ही है। अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां और विश्व बैंक 'महामंदी' की चेतावनी दे रहे हैं, लेकिन अमरीका और ईरान वैश्विक तबाही को आमादा हैं। अमरीका ने आदतन फिर दोगला प्रहार किया है। एक ओर कतर की राजधानी दोहा में कथित मध्यस्थ देश शांति-समझौते की रूपरेखा पर बातचीत कर रहे हैं, लेकिन दूसरी ओर अमरीकी सेना ने ईरानी पक्ष पर हमले किए हैं? यह किस किस्म की कूटनीति या शांति-संवाद हैं? राष्ट्रपति ट्रंपदावा करते रहे हैं कि ईरान के साथ अमरीका की 95 फीसदी सहमति बन चुकी है। शेष 5 फीसदी पर बातचीत जारी है, लेकिन साथ में यह धमकी भी देते रहे हैं कि यदि ईरान ने करार नहीं किया, तो पहले से भी भयंकर हमले किए जाएंगे। ईरान ने राष्ट्रपति ट्रंपके दावों, सहमतियों और सवंर्धित यूरेनियम संबंधी बयानों को सिरे से खंडित किया है। अब हमलों के बाद और बकरीद के मौके पर ईरान के सुप्रीम लीडर मुज़्तबा खामेनेई का संदेश टीवी पर पढ़ा गया है, जिसमें उन्होंने ट्रंपको चेतावनी दी है कि अब खाड़ी देश अमरीकी सैन्य ठिकानों की 'ढाल' नहीं बनेंगे। अब खाड़ी का यह इलाका अमरीका के लिए 'सुरक्षित पनाहगाह' नहीं रहा है। खामेनेई ने मुस्लिम देशों को एकजुट होने और नई विश्व-व्यवस्था बनाने की अपील भी की है। हमलों के बाद ईरान ने पलटवार कर अमरीका के एम.क्यू.-9 ड्रोन (कीमत करीब 250 करोड़ रुपए) और आर.क्यू.-4 हॉक ड्रोन को मार गिराने का दावा किया है। अमरीका के बेशकीमती एफ-35 फाइटर जेट पर भी मिसाइल से हमला किया गया है। इससे ईरान और सुप्रीम लीडर के मजबूत और आक्रामक मंसूबों को पढ़ा जा सकता है। रक्षा विशेषज्ञों के आकलन हैं कि हज के बाद, यानी आगामी 72 घंटों में, ईरान युद्ध नए सिरे से शुरू हो सकता है। यह भी आकलन है कि 3-4 महीने युद्धविराम का नाटक करने के बाद अमरीका सितंबर-नवंबर के दरमियान फिर हमला कर सकता है। तब तक राष्ट्रपति ट्रंपपर घरेलू दबाव, मध्यावधि चुनावों का तनाव और अमरीका की आर्थिक स्थिति के मद्देनजर जन-विरोध उतना नहीं रहेगा, जितना अब है। दोनों देशों के बीच समझौते के आसार बहुत कम हैं, क्योंकि यूरेनियम, ईरान की जब्त संपत्तियों, पाबंदियों, हमले की क्षतिपूर्ति, होर्मुज जलमार्ग आदि अहम मुद्दे यथावत अनसुलझे रहे हैं। उधर राष्ट्रपति ट्रंपने एक नया खेल शुरू कर दिया है कि सभी खाड़ी देश और वार्ता में जुटे मुस्लिम देश 'अब्राहम समझौते' पर दस्तखत करें और इजरायल को मान्यता दें। खाड़ी के अधिकतर देश सन्नाटे में हैं, क्योंकि वे इजरायल के साथ किसी भी तरह के संबंधों के पक्षधर नहीं हैं। यह युद्ध कब तक जारी रहेगा, यह बात अधिकतर अमरीका के रुख पर निर्भर करती है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को समझना कठिन है, क्योंकि वह कभी युद्धविराम की घोषणा कर देते हैं, और कभी ईरान पर हमले जारी रखने की बात करने लग जाते हैं। अनिश्चय की जैसी स्थिति बनी हुई है।

# सरकारी स्कूलों की आपराधिक उपेक्षा क्यों



नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार देश के एक लाख 19 हजार सरकारी स्कूलों में बिजली नहीं है; 98,592 स्कूलों में लड़कियों के लिए शौचालय नहीं है; चौदह हजार से अधिक स्कूलों में पीने का पानी नहीं है; एक लाख से अधिक स्कूलों में सिर्फ एक अध्यापक एक से अधिक कक्षाओं को पढ़ा रहा है।

स्कूली शिक्षा प्रणाली के संदर्भ में 'नीति' आयोग ने एक विस्तृत रिपोर्ट जारी की है। यह विडंबना ही है कि 'नीट' की परीक्षा में हुई धांधली की धूल में नीति-आयोग की यह रिपोर्ट कहीं खो सी गयी है। इस रिपोर्ट के कुछ आंकड़े सिर्फ चौंकाते ही नहीं, परेशान भी करते हैं। जैसे, यह रिपोर्ट बताती है कि देश में सरकारी और निजी स्कूलों की स्थितियों का अंतर शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र की उपेक्षा को ही उजागर नहीं करता, बल्कि यह भी बता रहा है कि देश के भविष्य को लेकर हमारी चिंताएं कितनी खोखली हैं।

प्रधानमंत्री एक से अधिक अवसरों पर अपने भाषणों में इस आशय के दावे कर चुके हैं कि देश शिक्षा के क्षेत्र में बहुत तेजी से विकास कर रहा है। मसलन, एक भाषण में उन्होंने कहा था कि देश में प्रति सप्ताह एक नया विश्वविद्यालय खुल रहा है, हर रोज एक नया कॉलेज खुल रहा है। प्रधानमंत्री आईआईटी और आईआईएम के विस्तार के दावे भी कर चुके हैं। लेकिन नीति-आयोग की यह रिपोर्ट शिक्षा क्षेत्र की बुनियादी कमजोरियों को उजागर कर रही है। पिछले एक दशक के विश्लेषण पर आधारित यह रिपोर्ट बता रही है कि हमने शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र को सरकारी और गैर-सरकारी में बांटकर समूची शिक्षा प्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिये हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार देश के एक लाख 19 हजार सरकारी स्कूलों में बिजली नहीं है; 98,592 स्कूलों में लड़कियों के लिए शौचालय नहीं है; चौदह हजार से अधिक स्कूलों में पीने का पानी नहीं है; एक लाख से अधिक स्कूलों में सिर्फ एक अध्यापक एक से अधिक कक्षाओं को पढ़ा रहा है। रिपोर्ट में ऐसे और भी कई आंकड़े हैं जो यह बताते हैं कि शिक्षा जैसे बुनियादी क्षेत्र में हम किस तरह की आपराधिक उपेक्षा बरत रहे हैं। उदाहरण के लिए सन् 2017 और 2024 के बीच देश में 87000 से अधिक सरकारी स्कूल बंद हो गये, इसकी तुलना में निजी स्कूलों की जैसे बाढ़-सी आ रही है।

यह सही है कि हाल के कुछ सालों में, विशेष कर कोरोना-काल के बाद सरकारी स्कूलों में दाखिला लेने वालों की संख्या कुछ बढ़ी है, पर इसका कारण शिक्षा का स्तर नहीं, अभिभावकों की आर्थिक विवशता कहीं अधिक है। वैसे, यह भी एक विडंबना ही है कि आज देश में हमारी शिक्षा भी गरीब और अमीर में बंट गयी है। मान लिया गया है कि आर्थिक अभावों से जूझ रहे परिवारों के बच्चों की विवशता है कि वे सरकारी स्कूलों में जाएं जहां पढ़ाई लगभग मुफ्त होती है। आर्थिक स्थिति जरा-सी भी सुधरती है तो यह अभिभावक महंगे स्कूलों की ओर रुख कर लेते हैं। शिक्षा के क्षेत्र का यह बंटवारा हमारी प्राथमिक चिंता होनी चाहिए। स्कूलों में प्राथमिक स्तर पर ही विद्यार्थियों को 'छोटे-बड़े' का अहसास दिलाने वाली हमारी शिक्षा-नीति एक तरह से शिक्षा के अधिकार के हमारे दावों को ही झुठला रही है। हम देश के हर बच्चे के शिक्षा के अधिकार की बात तो करते हैं, पर किस प्रकार की शिक्षा दी जा रही है इस बारे में शायद सोचना ही नहीं चाह रहे। सन् 2021-22 में हुए एक सर्वेक्षण के अनुसार देश में 10,22,386 सरकारी और 3,35,844 निजी स्कूल हैं। यहां निजी स्कूल का मतलब महंगी पढ़ाई और बेहतर सुविधा है। यह कतई ज़रूरी नहीं है कि महंगी पढ़ाई का मतलब अच्छी पढ़ाई ही हो– हां, इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे और पढ़ाने वाले अभिभावक यह अहसास अवश्य जीते हैं कि उनका स्तर 'ऊंचा' है। शिक्षा के क्षेत्र में इस तरह के बीमार सोच का पालन उन सबके लिए चिंता की बात होनी चाहिए जो समता-समानता के दर्शन वाले संविधान के प्रति निष्ठा रखते हैं। 'पढ़ेगा इंडिया बढ़ेगा इंडिया' का नारा देने वाले को इस बात की भी चिंता होनी चाहिए कि 'इंडिया' क्या पढ़ रहा है? कैसी पढ़ाई कर रहा है। दुर्भाग्य से यह चिंता कहीं दिखाई नहीं देती। नीति-आयोग की इस महत्वपूर्ण रिपोर्ट में हमारे स्कूलों की स्थितियों को तो अच्छे ढंग से दिखाया गया है, पर जिस तरह से यह रिपोर्ट अचर्चित ही रही है, वह हमारी चिंता का विषय होना चाहिए।

आखिर हमें दो तरह की शिक्षा की आवश्यकता क्यों है? क्यों नहीं देश के हर बच्चे को एक समान और अच्छे स्तर की शिक्षा मिलनी चाहिए? इस बारे में हमारा छोटा-सा पड़ोसी देश नेपाल भी हमें कुछ सिखा सकता है। सुना है नेपाल की नई सरकार ने हाल ही में देश के सारे निजी स्कूलों को बंद करने का निर्णय लिया है। वहां यह व्यवस्था की जा रही है कि सारी शिक्षा सरकारी स्कूलों के माध्यम से दी जाये ताकि सब बच्चे एक जैसे स्तर की शिक्षा पा सकें। शिक्षा का अधिकार जितना ज़रूरी है, उससे कम ज़रूरी नहीं है शिक्षा का समुचित अवसर मिलना। शिक्षा को निजी और सरकारी में बांटने का मतलब अवसर की समानता के अधिकार को नकारना है। ज़रूरी है कि स्कूली शिक्षा प्रणाली और गुणवत्ता संवर्धन का विश्लेषण करने वाली इस रिपोर्ट पर देश में गहरा और व्यापक चिंतन हो। आज यह सवाल पूछे जाने की आवश्यकता है कि सरकारी स्कूल में पढ़ने का अर्थ घटिया शिक्षा पाना ही क्यों माना जाता है? क्यों नहीं हम सरकारी स्कूलों में ऐसी व्यवस्था कर सकते हैं कि हमारे बच्चे गर्व से कहें कि वे सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं? स्कूलों में पानी हो, बिजली हो, शौचालय हो, अच्छी साफ-सुथरी कक्षाएं हों– और बच्चों को पढ़ाने वाले सक्षम अध्यापक हों, इन अपेक्षाओं को पूरा क्यों नहीं किया जा सकता? क्यों यह नहीं सोचा जाता कि एकल अध्यापक वाले स्कूल में बच्चे उचित शिक्षा कैसे पा सकते हैं?

बात शिक्षा के स्तर की होनी चाहिए। हम विश्व की सबसे बड़ी शिक्षा-प्रणाली वाला देश होने का दावा तो करते हैं, पर हमें इस बात पर शर्म क्यों नहीं आती कि हमारे स्कूलों में पांचवीं कक्षा में पढ़ने वाला बच्चा दूसरी कक्षा का पाठ भी अच्छी तरह से क्यों नहीं पढ़ पाता? निजी स्कूल इन और ऐसे प्रश्नों का उत्तर नहीं हैं। इसका उत्तर सरकारी स्कूलों को सक्षम बनाना है।

# बढ़ती गर्मी नहीं, ये है भविष्य की भयावह चेतावनी



बदलती जलवायु के कारण भारत सहित दुनिया के अनेक हिस्से भीषण हीट वेव की चपेट में है। अब यह संकट पारंपरिक क्षेत्रों से निकलकर तटीय इलाकों तक फैल चुका है। अंधाधुंध शहरीकरण, घटती हरियाली और कंक्रीट के बढ़ते निर्माण से 'अर्बन हीट आइलैंड' का प्रभाव बढ़ रहा है, जिससे दिन और रातें अत्यधिक गर्म हो रही हैं। राजस्थान के बाड़मेर से लेकर दिल्ली की गलियों और विदर्भ के मैदानों तक पारा 45 डिग्री सेल्सियस के स्तर को पार कर चुका है। यह केवल बढ़ते तापमान का आंकड़ा नहीं है बल्कि यह एक गहराता सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट और आर्थिक चेतावनी है। हीट वेव अब केवल मौसमी असुविधा नहीं बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और मानव अस्तित्व के लिए गंभीर संकट बन चुकी है। बढ़ते तापमान, घटती हरियाली और कंक्रीट के फैलते जंगलों ने जीवन को लू की लपटों में समेट दिया है।

मौसम विभाग और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के ताजा आंकड़ों ने एक डरावनी तस्वीर पेश की है। पिछले चार दशकों में हीट वेव (लू) से होने वाली मौतों में 62 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। गौर करने वाली बात यह है कि हीट वेव अब केवल अपने पारंपरिक गढ़ (उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत) तक सीमित नहीं रही बल्कि इसने दक्षिण भारत के उन तटीय इलाकों को भी अपनी चपेट में ले लिया है, जो ऐतिहासिक रूप से कम ताप प्रभावित रहते थे। अध्ययन बताते हैं कि 1981 से 2000 के बीच लू की औसत अवधि जहां 2.5 से 5.5 दिन थी, वहीं 2001 से 2020 के बीच यह बढ़कर 8.5 दिन तक पहुंच गई। लू का भौगोलिक दायरा भी 11.9 लाख वर्ग किलोमीटर से फैलकर 18.1 लाख वर्ग किलोमीटर हो चुका है। यह विस्तार बताता है कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की आशंका नहीं, वर्तमान की कड़वी हकीकत है। हमारे शहर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील हो चुके हैं, जो दिनभर गर्मी सोखते हैं और रात में उसे मुक्त करते हैं, जिससे 'अर्बन हीट आइलैंड' का प्रभाव पैदा होता है। इस तपती आग में सबसे अधिक जोखिम उन लोगों (रेहड़ी-पटरी वाले, निर्माण श्रमिक और दिहाड़ी मजदूर) का है, जो खुले आसमान के नीचे अपना वजूद तलाशते हैं। इनके पास न तो कूलिंग सेंटर की सुविधा है और न ही काम के घंटों में लचीलापन। इसके साथ ही बच्चे और बुजुर्ग इस बढ़ते 'डिस्कंफर्ट इंडेक्स' के सबसे आसान शिकार बन रहे हैं।

वैज्ञानिकों के मुताबिक तापमान में वृद्धि से आगामी वर्षों में हीट वेव, गर्मी का मौसम ज्यादा समय तक रहने और सर्दी के मौसम का समय घटने जैसी स्थितियां पैदा होंगी। इस बारे में वैज्ञानिकों का स्पष्ट कहना है कि जिस जलवायु परिवर्तन के बारे में अब तक हम केवल पढ़ते-सुनते रहे थे, वह अब हमारे सामने आकर खड़ा हो गया है। भारत में मई का महीना गर्म हवाओं (लू) का चरम समय होता है और लू की घटनाओं को भी मौसम में दिन-प्रतिदिन बदलाव का स्वाभाविक हिस्सा माना जाता है लेकिन चिंता की बात यही है कि लू की तीव्रता लगातार वर्ष दर वर्ष बढ़ रही है। पिछले करीब डेढ़ दशकों में 2009, 2010, 2016, 2017 और 2022 भारत में रिकॉर्ड किए गए पांच सबसे गर्म वर्ष रहे। आईएमडी के मुताबिक 15 सबसे गर्म वर्षों में से 11 वर्ष 2008 से 2022 के बीच ही दर्ज किए गए।

यह जानना भी जरूरी कि हीट वेव आखिर है क्या? जैसा कि नाम से ही जाहिर है, हीट वेव अत्यधिक गर्म मौसम की अवधि है, जो प्रायः दो या ज्यादा दिनों तक रहती है। जब तापमान किसी क्षेत्र के सामान्य औसत तापमान से अधिक हो जाता है तो उसे 'हीट वेव' कहा जाता हं। आईएमडी के अनुसार मैदानी इलाकों का अधिकतम तापमान जब 40 डिग्री सेल्सियस तक और पहाड़ी क्षेत्रों का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो लू चलने लगती है और यदि तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो यह खतरनाक लू की श्रेणी में कही जाती है। इसी प्रकार तटीय क्षेत्रों में जब तापमान 37 डिग्री सेल्सियस हो जाता है तो लू चलने लगती है। हीट वेव के कारण लोगों के बीमार होने और हीट स्ट्रोक का खतरा बहुत बढ़ जाता है तथा सैंकड़ों लोगों की मौत हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 1998 से 2017 के बीच हीट वेव के कारण 1.66 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी और यह आंकड़ा अब वर्ष दर वर्ष तेजी से बढ़ रहा है।

आईआईटी खड़गपुर के एक अध्ययन से यह स्पष्ट हो चुका है कि तापमान में वृद्धि तथा लू का मानव शरीर पर व्यापक असर पड़ रहा है। गर्म हवाओं से ब्रेन स्ट्रोक, हृदयाघात, नसों में खून के थक्के जमने की आशंका, स्थायी विकलांगता का खतरा बढ़ जाता है और इससे मृत्यु दर में भी वृद्धि हो सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार, हीट वेव बाढ़ के बाद दूसरी सबसे घातक आपदा है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौतियां पेश कर रही है। लू का असर हृदय तथा फेफड़े जैसे अंगों पर सर्वाधिक पड़ता है, जो बेहद खतरनाक हो सकता है। हीट वेव से ऐसे लोगों की स्थिति और खराब होने की संभावना होती है, जो हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गुर्दे की बीमारी इत्यादि समस्याओं से पीड़ित हैं।

# अपनी जिंदगी तक दांव पर लगा देते हैं बाल श्रमिक



बाल श्रमिक किसी भी मुल्क के लिए अभिशाप कहे जा सकते हैं, कयोकि इससे न केवल बाल श्रमिकों का मानसिक, शारीरिक विकास बाधित होता है, बल्कि उस मुल्क की समूची प्रगति भी एकांगी हो जाती है। सिर्फ कानूनी प्रावधानों से इस सामाजिक समस्या से मुख नहीं मोड़ा जा सकता, कयोकि यह अपने आप में कोई पृथक मसला नहीं, अन्य समस्याओं से उत्पन्न हुई समस्या है।

उन बाल श्रमिकों के हिस्से में सूरज की रोशनी नहीं है। उनके दिन भी रातों की तरह स्याह है। वे बंद जगह में 15-16 घन्टे काम करते हैं और फिर उन्हीं अधेरी कोठरियों में सो जाते हैं। खाने को उन्हें सिर्फ सूखी रोटी और वासी साग मिलता है। पेड, पौधे, तितलियों से भी उन्हें कोई वास्ता नहीं है । उनका वास्ता तो उस मालिक से जिसके जहाँ वे काम करते हैं। राक्षसों की तरह क्रूर मालिक जो इन्हें मारता पीटता है और सिगरेट तक से दाग देता है। बाल श्रमिकों के दिलों दिमाग पर मलिक का खौफ हमेशा बना रहता है। जिस उम्र में बच्चे किस्से कहानियाँ सुनते हैं बाल श्रमिकों को मलिक की गालियाँ सुनने पडती है। इनकी सूनी आंखे और सहमें चेहरे देखकर ही आभास हो जाता है कि इनका जीवन कितना कठोर है। इनके हिस्से में स्कूल, स्लेट, कलम, किताबे, लाडदुलार, खेलकूद कुछ नहीं है, इनका जीवन तो निरंतर काम, मलिक की गालियाँ और पिटाई खाना ही है।

5-8 साल की उम्र से लेकर 14-15 साल तक की उम्र के बच्चे निर्धन होने का खामियाजा भुगत रहे हैं। इन्हें दलाल दूरदराज के गावों से सब्जबाग दिखाकर कारखानों तक ले आते हैं। कई जगह माता पिता द्वारा लिया कर्जा चुकाने के लिए बच्चे श्रमिक बनते हैं। बच्चे अपरहण करके भी लाये जाते हैं। बच्चो के काम करे बिना निर्धन परिवारों की जीविका नहीं चलती।

5 साल के होते ही बच्चे पैसा कमाने के घर से बाहर निकल पडते है। कयोकि गाँव में इनके लिए रोजगार उपलब्ध नहीं है, घरेलू और कुटीर उधोग बंद हो ग ए है। कमोबेश ऐसी स्थिति में बच्चों के सामने अमानवीय स्थिति में काम करने के अतिरिक्त कोई रास्ता ही नहीं शेष रह जाता। गाँव से हर साल हजारों बेरोजगार बच्चे काम की तलाश में निकलते हैं। आजादी के पश्चात हमने जिस तरह की विकास नीति अपनाई है उसने गाँव के आर्थिक समाजिक ढाचे को तहस नहस करके रख दिया है।

# लीजिए, पेश है गजेपी

मैं उन गधों में से नहीं हूं जो गधा होने के बाद भी यह नहीं स्वीकारते कि वे गधे हैं। बेकार के इंटेलिजेंट बन अपने को भी परेशान किए रहते हैं और अपने साथ साथ अपने आसपास वालों को भी। ऐसे में उन्हें जो जरा सा भी गधा कह दो ऐसी दुलत्ती के बदले चौलत्ती मारते हैं कि पूछो ही मत। लेकिन मैं खुले मन से स्वीकरता हूं कि मैं गधा हूं। हां! पर उतना गधा नहीं, जितना अक्सर लोग मुझे समझने की गलती कर बैठते हैं। मैं जो हूं, जितना हूं उसे मजे से स्वीकार कर बहुत से नकली अहों के टकराव से बच जाता हूं। यह दूसरों के स्वास्थ्य के लिए उतना हितकर नहीं होता जितना मेरे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है।

और वही हुआ, जिसका मुझे पूरा पूरा यकीन था। कार वाले तो कार वाले, साइकिल वाले भी हाय पेट्रोल! हाय डीजल! करते सडक़ों पर उतरे और मैं शान से गधे पर। देशभक्ति दर्शाने को वे साइकिल पर चले तो उनके अंगरक्षक और उनको लाइव कवर करने वाले गाडियों में। वे देशहित में पेट्रोल बचा रहे थे और वे गाडियों में उनके आगे पीछे चलते उनको जनता को पेट्रोल बचाते लाइव दिखा रहे थे। कई बार यह सब देख लगता है कि देशभक्ति का जिम्मा केवल हमारे माननीयों के हिस्से में ही क्यों है?

लंच में कल आराम फरमाते, ऑफिस के लॉन की विदेशी घास खाते मेरे गधे ने मुझसे एडवाइस देते कहा, 'गुरु! लगता है, वर्चुअल पार्टियों का दौर आ गया। देखो तो, देशहित में सोशल मीडिया पर वर्चुअल कॉकरोच जनता पार्टी तबाही मचाए है। दो दिन में ही कॉकरोच जनता पार्टी पर सख्ती भी हो गई है। उसके एक्स अकाउंट के बाद उसकी वेबसाइट भी बंद कर दी गई है। इन दिनों पॉपुलैरिटी पाने का इससे बेहतर दूसरा कोई आइडिया नहीं गुरु! वर्ना धरातलीय राजनीति में तो पॉपुलैरिटी पाने के लिए गधों तक के श्री चरणों में नाक रगड़ रगड़ कर लहूलुहान करने पड़ते हैं। देखो तो, उसको चुनौती देने के लिए ओजेपी का अभ्युदय हो चुका है। ऐसे में मन करता है कि बहती गंगा में लोटते क्यों न हम भी वर्चुअल गजेपी बना लें।'

'देखो गधे जी! आइडिया तो अच्छा है, पर अपने यहां न तो वर्चुअल पार्टी कोई मायने रखती है, न वर्चुअल राजनीति। राजनीतिक पार्टी और राजनेता वही जो बाहें चढ़ा चढ़ा कर गिरते मंच से एक दूसरे को सरेआम ललकारें। जब तक किसी चौराहे पर एक पार्टी के कार्यकर्ता दूसरी पार्टी के कार्यकर्ताओं से लाइव न भिड़ें, तब तक अपुन को राजनीति में मजा ही नहीं आता। फिर भी उनके घोषणापत्रों की तरह हमारा घोषणा पत्र क्या होगा? हर पार्टी के अभ्युदय से पहले जनता के हाथों में उसका घोषणापत्र होना जरूरी होता है।'

'होगा क्या! हमारा गधों के अधिकारों पर आधारित घोषणा पत्र होगा। उन गधों के अधिकारों पर जो आज तक सबको अपना भाग्य समझ ढोते रहे। हमारे घोषणापत्र में तमाम पंजीकृत अपंजीकृत गधों को उनके मौलिक अधिकार देने की बात ठाके बजा कर की जाएगी। कुत्ते, सूअर, गिरगिट, रंगे सियारों को मारना ही गजेपी का उद्देश्य होगा ताकि आज तक जो गधे आदमी को गधा समझते रहे, उन्हें उनके गधेपन से मुक्ति मिले।'

# हाइड्रोजन की रफ्तार पर दौड़ेगा आत्मनिर्भर भारत




भारत आज केवल आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर नहीं है,बल्कि विज्ञान, तकनीक, पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में भी विश्व को नई दिशा देने का कार्य कर रहा है। एक समय था जब भारतीय रेल केवल यात्रियों और माल ढुलाई का माध्यम मानी जाती थी,लेकिन आज वही भारतीय रेल आधुनिक भारत की बदलती तस्वीर,तकनीकी आत्मविश्वास और हरित विकास की सबसे बड़ी प्रतीक बन चुकी है।इसी क्रम में भारतीय रेलवे ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम दर्ज कर ली है।हरियाणा के जिंद-सोनीपत रेलखंड पर देश की पहली स्वदेशी हाइड्रोजन फ्यूल सेल आधारित ट्रेन शुरू होने जा रही है। यह केवल एक नई ट्रेन नहीं,बल्कि भारत के ऊर्जा भविष्य,पर्यावरणीय जिम्मेदारी और आत्मनिर्भर तकनीक की नई उड़ान है।भारतीय रेलवे द्वारा स्वीकृत यह 10 कोच वाली अत्याधुनिक ट्रेन 1200 किलोवाट क्षमता वाले इंजन से संचालित होगी तथा इसकी अधिकतम गति 75 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है। इस परियोजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह ट्रेन पर्यावरण को प्रदूषित नहीं करेगी,क्योंकि हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक से चलने वाली इस ट्रेन से केवल जलवाष्प का उत्सर्जन होगा।आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग और बढ़ते प्रदूषण जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है।पेट्रोल और डीजल आधारित परिवहन व्यवस्था ने वायु प्रदूषण को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। ऐसे समय में भारत द्वारा हाइड्रोजन ऊर्जा आधारित रेल सेवा की शुरुआत एक दूरदर्शी और ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।

वर्तमान समय में पूरी दुनिया ऊर्जा संकट की चुनौती से भी जूझ रही है।रूस-यूक्रेन युद्ध,पश्चिम एशिया में तनाव और अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगातार बढ़ती ईंधन कीमतों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि केवल पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भर रहना भविष्य के लिए सुरक्षित नहीं है। भारत जैसे विशाल देश के लिए ऊर्जा आत्मनिर्भरता अब केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं,बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और स्थायी विकास का महत्वपूर्ण विषय बन चुकी है। ऐसे समय में हाइड्रोजन ऊर्जा भविष्य की सबसे बड़ी संभावनाओं के रूप में उभर रही है।हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक में हाइड्रोजन और ऑक्सीजन की रासायनिक प्रक्रिया से बिजली उत्पन्न होती है। इस प्रक्रिया में धुआं,कार्बन या जहरीली गैसें नहीं निकलतीं,बल्कि केवल जलवाष्प उत्पन्न होती है। यही कारण है कि विश्वभर में इसे भविष्य की सबसे स्वच्छ और सुरक्षित ऊर्जा तकनीकों में शामिल किया जा रहा है।

## एक नजर

### सिगरेट नहीं देने पर युवक की हत्या

**लखनऊ।** लखनऊ के विभूतिखंड इलाके में सिगरेट को लेकर हुए विवाद के बाद युवक की पिटाई में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के भाई सौरभ ने बताया कि उनके भाई शिवम 25 मई को अपने चार दोस्तों के साथ निलेश की कार से किसी काम से लखनऊ आए थे। रात में सभी लोग विभूतिखंड स्थित जलवा रिसॉर्ट के पास कार के बाहर खड़े होकर सिगरेट पी रहे थे। इसी दौरान वहां मौजूद कुछ युवकों ने शिवम से सिगरेट मांगी। शिवम ने उन्हें सिगरेट दे दी, लेकिन दोबारा मांगने पर मना कर दिया। आरोप है कि इसी बात पर तीन से चार युवकों ने विवाद शुरू कर दिया।

### प्रदेश में 6 पीसीएस अधिकारियों के तबादले

**लखनऊ।** प्रयागराज के नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह का स्थानांतरण कर उन्हें अपर जिलाधिकारी (वि/रा), मिर्जापुर के पद पर तैनात किया गया है। मुरादाबाद के उप जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह को अब नया नगर मजिस्ट्रेट, प्रयागराज बनाया गया है। उ0प्र0 सहकारी चीनी मिल संघ के प्रधान प्रबंधक श्री गुलशन को मुख्य राजस्व अधिकारी, बलिया के पद पर भेजा गया है, वहीं बलिया के स्थानान्तरणाधीन मुख्य राजस्व अधिकारी श्री सुरेश कुमार पाल को उप निदेशक, बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशालय, लखनऊ के पद पर नियुक्त किया गया है। भदोही की उपजिलाधिकारी सुश्री बरखा सिंह का ट्रांसफर प्रधान प्रबंधक, उ0प्र0 सहकारी चीनी मिल संघ के पद पर हुआ है। प्रतीक्षारत चल रहे दो अधिकारियों को भी नई तैनाती मिली है, जिसमें श्री अविनाश कुमार गौतम को उपजिलाधिकारी, आजमगढ़ और श्री अभिषेक वर्मा को उपजिलाधिकारी, फर्रुखाबाद के पद पर तैनात किया गया है। कानपुर नगर निगम की अपर नगर आयुक्त श्रीमती अमृता सिंह का स्थानांतरण अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), अमेठी के पद पर किया गया है। वाराणसी नगर निगम के अपर नगर आयुक्त श्री अनूप कुमार को स्थानांतरित करते हुए अपर नगर आयुक्त, नगर निगम कानपुर के पद पर जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# प्राकृतिक खेती और जैविक कृषि को बढ़ावा देने की तैयारी में यूपी सरकार

## कृषि और पशुधन की संयुक्त बैठक में बनी रणनीति

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती, जैविक कृषि और गोसंवर्धन को बढ़ावा देने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि सरकार खेती को केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रखना चाहती, बल्कि उसे टिकाऊ, पर्यावरण अनुकूल और आर्थिक रूप से लाभकारी बनाना चाहती है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों के हित में उपयोगी तकनीकों को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू कर उनकी व्यवहारिकता का परीक्षण कराया जाए। यह निर्देश कृषि मंत्री ने बुधवार को विधान भवन में कृषि एवं पशुधन विभाग की संयुक्त रणनीति बैठक में दिए। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह की मौजूदगी में बैठक में गोबर खाद, सीबीजी प्लांट और फर्मेंटेड ऑर्गेनिक मैन्योर (एफओएम) के उत्पादन और उपयोग पर विस्तार से चर्चा हुई। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि गोशालाओं को केवल संरक्षण केंद्र नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और प्राकृतिक कृषि के मजबूत केंद्र के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गोबर और गोमूत्र के वैज्ञानिक उपयोग से गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है और किसानों की खेती की लागत कम की जा सकती है।

### सीबीजी प्लांट और जैविक खाद पर मंथन

बैठक में विशेषज्ञों और संस्थाओं ने गोबर आधारित ऊर्जा उत्पादन, बायोगैस और सीबीजी प्लांट, लिक्विड ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर तथा जैविक खाद उत्पादन के मॉडल प्रस्तुत किए। विशेषज्ञों ने बताया कि इन तकनीकों से मिट्टी की गुणवत्ता और कार्बन स्तर में सुधार होगा तथा रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होगी।

### गांवों में स्वच्छ ऊर्जा बढ़ाने की योजना

बैठक में सुझाव दिया गया कि गांव स्तर पर छोटे और मध्यम आकार के बायोगैस एवं सीबीजी प्लांट स्थापित किए जाएं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा और खेतों की उर्वरता भी बढ़ेगी। अधिकारियों ने कहा कि इन मॉडलों को व्यवस्थित रूप से लागू करने से किसानों की आय बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी।

# एक साल में डेढ़ गुना बढ़ गए सूरज से ऊर्जा लेने वाले महीने भर में रिकॉर्ड 9560 घरों में लगे सोलर पैनल

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** भीषण गर्मी और बिजली किल्लत के चलते राजधानी में एक महीने में रिकॉर्ड 9560 परिवारों ने सौर ऊर्जा को अपनाया है। अब तक किसी भी महीने में इतनी बड़ी संख्या में लोगों ने सोलर प्लांट नहीं लगाया था। साल भर की बात करें तो लखनऊ में सौर ऊर्जा उपभोक्ताओं का आंकड़ा डेढ़ गुना हो चुका है।

यूपी नेडा के आंकड़ों के मुताबिक पीएम सूर्य घर योजना के तहत 23 अप्रैल 2026 तक लखनऊ में कुल 91,003 सोलर प्लांट लगाए गए थे। 25 मई को यह आंकड़ा 9560 बढ़कर 1,00,563 पहुंच गया। इन दिनों रोजाना औसतन 370 सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं। मार्च में प्रतिदिन प्लांट लगाने का औसत 200 था जो अप्रैल में 290 पहुंच गया था। इस आंकड़े में गैर सब्सिडी वाले सोलर पैनल शामिल नहीं हैं।

यूपीनेडा के जिला परियोजना अधिकारी टीकाराम के अनुसार लखनऊ में सोलर पैनल लगाने की संख्या प्रदेश में सर्वाधिक है। दूसरे नंबर पर कानपुर नगर, तीसरे पर वाराणसी और चौथे पर प्रयागराज का नंबर आता है।

हर छत पर हो सोलर तो मांग का दोगुना होगा उत्पादनः सौर ऊर्जा विशेषज्ञ व स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज के महानिदेशक प्रो. डॉ भरत राज सिंह बताते हैं कि 50-60 लाख की आबादी वाले शहर में 15 लाख से ज्यादा घर होंगे। यदि हर घर की छत पर संयंत्र लग जाए तो अकेले लखनऊ में ही 4500 मेगावाट से ज्यादा बिजली का उत्पादन हो सकेगा।

सोलर पैनल लगाने पर ऐसे होती है बचतः एक किलोवाट के सोलर पैनल से महीने में लगभग 150 यूनिट बिजली बनती है। तीन किलोवाट के प्लांट से 450 यूनिट बिजली बनेगी। सात रुपये यूनिट के हिसाब से तीन किलोवाट का बिल 3500 रुपये होता है। एक किलोवाट पर केंद्र व राज्य सरकार दोनों मिलाकर कुल 45 हजार रुपये, दो किलोवाट पर 90 हजार और तीन किलोवाट पर 1.08 लाख रुपये की सब्सिडी देती हैं।

# गृह जनपद वापसी का टूटा सपना : UP में परिषदीय शिक्षकों के ट्रांसफर पर लगा ब्रेक, जनगणना-समायोजन में उलझे तबादले

एजेंसी समाचार




**लखनऊ।** प्रदेश के परिषदीय शिक्षकों के अंतर्जनपदीय तबादलों पर फिलहाल रोक लग गई है। जनगणना कार्य और शिक्षक समायोजन प्रक्रिया के चलते बेसिक शिक्षा विभाग ने स्थानांतरण प्रक्रिया आगे न बढ़ाने का निर्णय लिया है। इससे वर्षों से गृह जनपद जाने का इंतजार कर रहे हजारों शिक्षक-शिक्षिकाओं में निराशा बढ़ गई है।

सरकारी आदेश के अनुसार, जनगणना का पहला चरण 20 जून 2026 तक चलेगा, जबकि दूसरा चरण अगले वर्ष फरवरी में प्रस्तावित है। जनगणना कार्य पूरा होने तक 31 मार्च 2027 तक स्थानांतरण न किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी आधार पर विभाग ने फिलहाल तबादलों पर रोक लगा दी है।

विभागीय अधिकारियों के मुताबिक, वर्तमान परिस्थितियों में एक जिले से दूसरे जिले में शिक्षकों के तबादले संभव नहीं हैं। जबकि शिक्षक संगठनों और जनप्रतिनिधियों की ओर से लगातार स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू करने की मांग की जा रही है। प्रदेश में बड़ी संख्या में शिक्षक 10 से 15 वर्षों से गैर जनपदों में तैनात हैं। पिछली स्थानांतरण नीति में करीब 500 शिक्षकों के ही तबादले हो सके थे, जबकि बड़ी संख्या में शिक्षक वंचित रह गए थे।

इधर, शिक्षक समायोजन मामले में राज्य सरकार ने न्यायालय को बताया है कि विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में आपत्तियां प्राप्त हुई हैं, जिनका सत्यापन और निस्तारण किया जा रहा है। न्यायालय ने सभी आपत्तियों का निस्तारण 20 जून तक पूरा करने और अगली सुनवाई तीन जुलाई 2026 को तय की है। साथ ही स्पष्ट किया है कि अगली सुनवाई तक किसी भी शिक्षक का स्थानांतरण या पुनर्नियोजन नहीं किया जाएगा।

# अमन की दुआओं के साथ अदा हुई नमाज, उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया बकरीद का त्योहार

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ सहित पूरे यूपी में ईद उल अजहा का (बकरीद) का त्योहार अकीदत, उल्लास और भाईचारे के माहौल के बीच मनाया जा रहा है। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने इस मौके पर अलग-अलग जिलों की ईदगाह और मस्जिदों में नमाज अदा कर मुल्क में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी और एक दूसरे को मुबारकबाद दी। घरों में सेवईं और पारंपरिक व्यंजन तैयार किए गए, जबकि मेहमानों की आवभगत का सिलसिला पूरे दिन चलता रहा।

लखनऊ में ऐशबाग ईदगाह में सुन्नी समुदाय की नमाज मौलाना खालिद रशीदी फरंगी महली ने अदा कराई। नमाज के बाद उन्होंने मुल्क और दुनिया में अमन-शांति, भाईचारे और खुशहाली की दुआ कराई। वहीं, शिया समुदाय के लोगों ने बड़ा इमामबाड़ा स्थित आसफी मस्जिद में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की। यहां भी मुल्क की तरक्की, अमन और खुशहाली के लिए दुआएं मांगी गईं।


नमाज से पहले मुस्लिम धर्मगुरुओं ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बकरीद का त्योहार त्याग, इंसानियत, भाईचारे और अल्लाह की राह में कुर्बानी का संदेश देता है। उन्होंने लोगों से अमन, मोहब्बत और सादगी के साथ पर्व मनाने तथा जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की।

पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस और जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। मस्जिदों और ईदगाहों के बाहर पुलिस बल लगातार गश्त करता रहा, जिससे पूरे जिले में शांतिपूर्ण माहौल बना रहा। नमाज के बाद शहरभर में कुर्बानी का सिलसिला शुरू हो गया। लोगों ने घरों में कुर्बानी कर सुन्नत अदा की। घरों में तरह-तरह के पकवान बने और लोगों ने एक-दूसरे को ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद दी। लखनऊ की टीले वाली मस्जिद में नमाज अदा की गई। सभी ने देश में खुशहाली, तरक्की और आपसी भाईचारे की दुआ मांगी। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात की गई और ड्रोन कैमरों से निगरानी की गई। बहराइच जिले में बृहस्पतिवार को अकीदत के साथ ईद-उल-अजहा की नमाज विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में अलग-अलग समय पर पढ़ी गई। लोगों ने नमाज अदा करते हुए देश में अमन व भाईचारे की दुआ मांगी।

# बिजली संकट के बीच उपभोक्ता परिषद का दावा उत्पादन क्षमता में टॉप पांच राज्यों में यूपी पीछे

## उपभोक्ता परिषद ने कहा- सस्ती और आत्मनिर्भर बिजली के लिए बढ़ाई जाए स्टेट सेक्टर की हिस्सेदारी

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** देशभर में पड़ रही भीषण गर्मी और बढ़ते बिजली संकट के बीच उप्र. राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने देश के प्रमुख राज्यों की बिजली उत्पादन स्थापित क्षमता को लेकर बड़ा दावा किया है। परिषद के अध्यक्ष और सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं की संख्या के लिहाज से देश का नंबर-1 राज्य होने के बावजूद उत्तर प्रदेश बिजली उत्पादन क्षमता में शीर्ष पांच राज्यों में सबसे निचले पायदान पर है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में उप्र में लगभग 3 करोड़ 73 लाख बिजली उपभोक्ता हैं, जो देश में सबसे अधिक हैं। इसके बावजूद राज्य अपनी बिजली जरूरतों के लिए निजी और केंद्रीय क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भर बना हुआ है। ऐसे में राज्य सरकार को भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा और सस्ती बिजली उपलब्ध कराने के लिए राज्य क्षेत्रों में बड़े स्तर पर नई उत्पादन इकाइयों की स्थापना करनी चाहिए।

उपभोक्ता परिषद की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, 30 अप्रैल-26 तक देश के शीर्ष पांच राज्यों की कुल स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता में गुजरात 73,627.91 मेगावाट, राजस्थान 61,381.28 ,महाराष्ट्र 59,979.65, तमिलनाडु में 47,989.37 होने के साथ उत्तर प्रदेश 39,034.67 मेगावाट है,जबकि देश की कुल स्थापित विद्युत क्षमता 5,37,264.41 मेगावाट दर्ज की गई है। परिषद अध्यक्ष ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश की सेक्टरवार उत्पादन स्थिति पर नजर डालें तो राज्य क्षेत्र की क्षमता मात्र 9,637.73 मेगावाट है, जबकि निजी क्षेत्र की क्षमता 12,786.74 मेगावाट और केंद्रीय क्षेत्र की क्षमता 16,610.20 मेगावाट है। परिषद का कहना है कि राज्य क्षेत्र की बिजली हमेशा अपेक्षाकृत सस्ती होती है और यही महंगी बिजली खरीद पर रोक लगाने में मदद करती है।

# नौतपा के बीच मौसम विभाग का बड़ा अपडेट, बारिश-आंधी संग गिरेंगे ओले

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नौतपा के बीच मौसम विभाग ने बड़ा अपडेट जारी किया है। 28 से 31 मई के बीच तेज आंधी, बारिश और कई जिलों में ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। पश्चिमी विक्षोभ और नम हवाओं के असर से तापमान 8 से 10 डिग्री तक गिर सकता है। कुछ इलाकों में 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने का अलर्ट जारी हुआ है।

नौतपा के दौरान भीषण गर्मी और तपिश से परेशान उत्तर प्रदेशवासियों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के असर से 28 से 31 मई के बीच प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तेज आंधी, बारिश और गरज-चमक के आसार हैं। कई जिलों में ओलावृष्टि भी हो सकती है।

बारिश और तेज हवाओं के चलते तापमान में 8 से 10 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने का अनुमान है। इससे लोगों को अगले एक सप्ताह तक लू और झुलसाने वाली गर्मी से राहत मिल सकती है। हालांकि इसके बाद फिर से गर्मी बढ़ने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आ रही नम हवाओं के कारण मौसम तेजी से बदल रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश और तराई क्षेत्रों में तेज आंधी को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। कुछ इलाकों में हवाओं की रफ्तार 100 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। फिलहाल गुरुवार को बुंदेलखंड और प्रयागराज क्षेत्र में लू और भीषण गर्मी का असर बना रहेगा।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 28 मई से प्रदेश में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके साथ ही बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आने वाली नम हवाएं मौसम को तेजी से बदल रही हैं। इन परिस्थितियों के कारण प्रदेश में व्यापक स्तर पर बारिश और तेज आंधी की स्थिति बन रही है। मौसम विभाग ने 29 मई के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश और तराई क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है। कुछ स्थानों पर हवाओं की गति 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने का रेड अलर्ट जारी किया गया है।

### ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट

सहारनपुर, शामती, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी।

### 60 से 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली आंधी

सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभत, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी।

# भाजपा के पांच जिलाध्यक्ष घोषित, रमेश प्रसाद गुप्ता को मिली गोरखपुर जिम्मेदारी

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में बचे हुए पांच जिलाध्यक्षों की घोषणा कर संगठन को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। नए पदाधिकारियों को बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों को सफल बनाने की जिम्मेदारी दी गई है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने गुरुवार को प्रदेश के शेष बचे पांच जिलाध्यक्षों की घोषणा कर दी है। इसमें अम्बेडकरनगर, वाराणसी, चंदौली, गोरखपुर महानगर एवं देवरिया के जिलाध्यक्षों की घोषणा की है। दिलीप देव पटेल को अम्बेडकरनगर, राम सकल पटेल को वाराणसी, काशी नाथ सिंह को चंदौली, रमेश प्रसाद गुप्ता को गोरखपुर महानगर एवं काली प्रसाद को देवरिया का जिलाध्यक्ष घोषित किया है।

उत्तर प्रदेश संगठन में आमूलचूल बदलाव के साथ भाजपा जल्द अपनी नई टीम घोषित करेगी। इस नई टीम के जरिये भाजपा की रणनीति सपा के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) का जवाब अपने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अगड़ा) से देने की है।

इस समीकरण को साधने के लिए पार्टी सभी छह क्षेत्रीय इकाइयों के अध्यक्ष और सभी सात मोर्चे के अध्यक्ष के पद में बदलाव के साथ ही राज्य कार्यकारिणी में भी बड़ा बदलाव करेगी। केंद्रीय नेतृत्व की मंजूरी मिलने के बाद राज्य अध्यक्ष पंकज चौधरी अपनी नई टीम की घोषणा कभी भी कर सकते हैं। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक कई दौर की बैठकों के बाद नई टीम का खाका न सिर्फ तैयार कर लिया गया है, बल्कि इसे केंद्रीय नेतृत्व की हरी झंडी भी मिल गई है।

# ओम प्रकाश राजभर ने अमेठी कांड पर सपा को घेरा बोले– अखिलेश यादव भी 'यादव मोह' में अंधे हो चुके हैं

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** अमेठी में विधायक महाराजी प्रजापति के आवास पर हुए बवाल को लेकर मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा में गैर-यादव पिछड़ों और दलितों को केवल वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया जाता है। राजभर ने कहा कि अखिलेश यादव "यादव मोह" में अंधे हो चुके हैं और पार्टी अपनी ही महिला विधायक के मामले में चुप है।

विधायक महाराजी प्रजापति के आवास पर हुए बवाल ने अब उत्तर प्रदेश की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने इस मामले को हथियार बनाते हुए समाजवादी पार्टी और उसके पीडीए फार्मूले पर जोरदार हमला बोला है। सोशल मीडिया पर किए गए उनके तीखे पोस्ट ने अमेठी की सियासत को और गर्मा दिया है।

राजभर ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी में गैर-यादव पिछड़ों और दलितों की भूमिका सिर्फ चुनावी भीड़ जुटाने तक सीमित कर दी गई है। उन्होंने तंज कसते हुए लिखा कि बहुजन समाज के लोगों को सपा में "झंडा-झोला ढोने, दरी बिछाने और वोट देने" का काम सौंपा गया है, जबकि सत्ता, सम्मान और हिस्सेदारी का असली लाभ एक खास वर्ग तक ही सीमित रहता है।

उन्होंने कहा कि अमेठी की घटना ने सपा के भीतर की सच्चाई उजागर कर दी है। एक महिला विधायक और उनके परिवार के साथ कथित मारपीट, गाली-गलौज और धमकी की घटना के बाद भी पार्टी नेतृत्व की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है।

राजभर ने सीधे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए उनकी तुलना महाभारत के धृतराष्ट्र से कर दी। उन्होंने लिखा कि जिस तरह धृतराष्ट्र पुत्र मोह में अंधे हो गए थे, उसी तरह अखिलेश यादव भी "यादव मोह" में अंधे हो चुके हैं। यही वजह है कि अपनी ही पार्टी की महिला विधायक के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार पर भी कार्रवाई नहीं हो रही है।

राजभर ने सपा की पीडीए राजनीति को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों के नाम पर राजनीति करने वाली पार्टी में गैर-यादव पिछड़ों और दलितों को सिर्फ नारे और पोस्टर तक सीमित रखा गया है। जमीन पर उन्हें न सम्मान मिल रहा है और न सुरक्षा।

पोस्ट में राजभर ने तीखी टिप्पणी करते हुए लिखा कि "गुंडों की कोई जाति नहीं होती, लेकिन हर गुंडा सपाई जरूर होता है।" इस बयान के बाद राजनीतिक माहौल और गरमा गया है। सोशल मीडिया पर समर्थक और विरोधी आमने-सामने आ गए हैं। गौरतलब है कि मंगलवार रात विधायक महाराजी प्रजापति के आवास पर हुए हंगामे और हमले के मामले में सपा से जुड़े कई प्रभावशाली नेताओं के नाम सामने आए हैं।

# यूपी में जल गया 'गुजरात मॉडल' का ट्रांसफ़ॉर्मर, जबरदस्ती जोड़े गये तारों से निकल रही चिंगारी : अखिलेश यादव

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश में बिजली संकट को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में बिजली संकट 'गुजरात मॉडल' की विफलता को दर्शाता है।

अखिलेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बृहस्पतिवार को कहा, "उप्र में 'गुजरात मॉडल' का ट्रांसफ़ॉर्मर जल गया है ज़बरदस्ती जोड़े गये तारों में अब चिंगारी निकल रही है मीटर बिना बिजली के दौड़ रहे हैं और भाजपाइयों के पीछे जनता।" इसी पोस्ट में यादव ने सवाल उठाते हुए कहा "बड़ों-बड़ों के प्रशिक्षक ख़ुद ही फ़ेल हो गये हैं, उनके शिष्य का क्या? जनता पूछ रही है कि ये भाजपाई किसी समस्या के आने पर हाथ क्यों उठा देते हैं?" उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में गर्मी के मौसम में हो रही बिजली संबंधी समस्याओं को लेकर विपक्ष की आलोचना के बीच ये टिप्पणी आई है।

अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा की बिजली संकट को नियंत्रित करने में विफलता पर एक समाचार रिपोर्ट भी साझा की। शर्मा गुजरात कैडर के पूर्व आईएएस अधिकारी हैं, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के दौरान पीएमओ (प्रधानमंत्री कार्यालय) गुजरात के मुख्यमंत्री कार्यालय में अपनी सेवा दे चुके हैं।

# पीलीभीत में लापता प्राइवेट टीचर की खेत में मिली लाश, इलाके में सनसनी

**थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम निजाम डांडी निवासी महेंद्र मौर्य पुत्र पुत्तू लाल मौर्य सोमवार से थे लापता**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**जहानाबाद।** प्राइवेट शिक्षक की संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में लाश मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी गई है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। जानकारी के मुताबिक थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम निजाम डांडी निवासी महेंद्र मौर्य पुत्र पुत्तू लाल मौर्य सोमवार से लापता थे। परिजनों ने उनकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दी थी। गुरुवार को उनकी लाश ग्राम रमपुरा मिश्र और हैदरगंज के बीच अटा परसुआ पुल के पास खेत में मिलने से सनसनी फैल गई।


प्राइवेट टीचर का शव मिलने पर रोते बिलखते। -जागरण मोर्चा

मृतक के भाई के अनुसार महेंद्र मौर्य प्राइवेट शिक्षक थे और कई दिनों से घर से गायब थे। शव मिलने की खबर के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाल जहानाबाद जयशंकर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई।

बताया जा रहा है कि मृतक की दो पत्नियों की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। पहली पत्नी से उनके दो बेटियां और एक बेटा हैं। वहीं चर्चा यह भी है कि मृतक के बरेली निवासी तारा नाम की महिला से प्रेम संबंध थे। पुलिस इस पहलू को भी जांच में शामिल कर रही है।

फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और चर्चाओं का माहौल बना हुआ है।

# भरोसे का कत्ल: 18 लाख की ठगी करने वाला शातिर अरुण मौर्य गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** रिश्तों और भरोसे की आड़ में लोगों को लाखों रुपये का चूना लगाने वाले एक शातिर ठग का आखिरकार पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। सुनगढ़ी थाना पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी अरुण मौर्य को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर करीब 18 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप है।

जानकारी के अनुसार, आरोपी अरुण मौर्य लोगों को प्लॉट दिलाने और अपनी निजी मजबूरियों का हवाला देकर झांसे में लेता था। मीठी बातों और भरोसे का फायदा उठाकर उसने अलग-अलग लोगों से लाखों रुपये ऐंठ लिए। जब पीड़ितों ने अपने पैसे वापस मांगे या प्लॉट की रजिस्ट्री की बात की, तो आरोपी लगातार टालमटोल करता रहा। बताया जा रहा है कि आरोपी ने पीड़ितों को गुमराह करने के लिए फर्जी दस्तावेज और कूटरचित कागजात भी तैयार किए थे। ठगी का खुलासा होने पर जब पीड़ितों ने दबाव बनाया, तो आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी तक दे डाली। मामला दर्ज होने के बाद आरोपी लगातार पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। सुनगढ़ी थाना पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही थी। आखिरकार सटीक मुखबिरी और पुलिस की सक्रियता के चलते आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई पूरी कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

## सार संक्षेप

### शराब की दुकानों को दो जगह शिफ्ट करने की तैयारी

**पूरनपुर।** गांव में शराब की दो दुकानों को अन्य जगहों पर शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। डीएम के निर्देश पर आबकारी विभाग ने गांव से शराब की दुकानों को हटाने के लिए कुछ दूरी पर दो स्थान चयनित किए हैं। उन स्थानों का सर्वे पूरा हो गया है। माधोटांडा क्षेत्र के बूंदीभूड़ गांव में पिछले माह देशी और कंपोजिट शराब की दुकानों का आवंटन किया था। शुरुआत से ही ग्रामीणों ने शराब दुकान खोले जाने का विरोध शुरू कर दिया। गांव की महिलाओं ने शराब की दुकानों को सामाजिक माहौल और परिवारों के लिए नुकसानदायक बताते हुए कई बार तहसील और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपे थे। दुकानें खोले जाने पर महिलाएं विरोध में उतर आईं और मौके पर पहुंची तहसील, आबकारी और पुलिस टीम से तीखी नोकझोंक हुई,जो देखते ही देखते टकराव में बदल गई थी। दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चले थे। इसके बाद विधायक बाबूराम पासवान, डीएम ज्ञानेंद्र सिंह और एसपी सुकीर्ति माधव गांव पहुंचे और ग्रामीणों और महिलाओं से बातचीत कर समाधान का आश्वासन दिया था। इसके बाद डीएम के निर्देश पर आबकारी विभाग ने बूंदीभूड़ गांव से शराब की दुकानों को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने के लिए स्थान चयन को सर्वे शुरू किया। अब दुकानो को दूसरी जगह पर ले जाकर खोलने की तैयारी शुरु हो गई है। बंदीभूड़ गांव से शराब दुकानें शिफ्ट करने के लिए सर्वे के दौरान दो स्थान चयनित किए गए हैं। प्रस्ताव तैयार कराया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी कल्पनाथ रजक का कहना है कि सर्वे के दौरान दो स्थान चयनित किए गए हैं।

### रात्रि में बार बार गुल रही हो रही बिजली

**पूरनपुर।** नगर से लेकर देहात तक बिजली आपूर्ति बार-बार बाधित होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। रात भर बिजली आने-जाने का सिलसिला चलता रहता है। जिससे उपभोक्ताओं की नींद खराब हो रही है।उमस भरी गर्मी के बीच बिजली कटौती से छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक दिक्कत उठानी पड़ रही है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि शाम होते ही नगर से लेकर देहात तक बिजली आपूर्ति में व्यवधान शुरू हो जाता है।


फाल्ट ठीक करता कर्मचारी।

रात में कई बार बिजली गुल होने और कम समय के लिए आपूर्ति बहाल होने का सिलसिला चलता रहता है। इससे घरों में लगे पंखे, कूलर और अन्य विद्युत उपकरण बंद हो गए। लगातार ट्रिपिंग होने से लोग रातभर जागने को मजबूर हो रहे हैं,गर्मी के दिनों में पहले से ही बिजली की समस्या बनी हुई है। ऐसे में बार-बार कटौती से लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है। कई घरों में पानी की मोटर नहीं चल पाने से पेयजल संकट भी खड़ा हो गया। मोबाइल फोन चार्ज न होने और इंटरनेट सेवा प्रभावित होने से विद्यार्थियों व कामकाजी लोगों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग की ओर से अघोषित कटौती की कोई पूर्व सूचना नहीं दी जाती। अचानक आपूर्ति ठप होने से उपभोक्ताओं में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि बार-बार बिजली आने-जाने से विद्युत उपकरण खराब होने का खतरा बना रहता है। अधिकारियों से बिजली व्यवस्था में सुधार कर निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है। वहीं बिजली विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि लाइन में तकनीकी फाल्ट आने के कारण आपूर्ति प्रभावित हो जाती है।

### रोटरी क्लब पूरनपुर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन, 200 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान



**पूरनपुर।** रोटरी क्लब पूरनपुर द्वारा आज दिनेश नर्सिंग होम में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 200 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा का परिचय दिया। शिविर का शुभारंभ रोटेरियन डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राजन विद्यार्थी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर रोटेरियन एसपीएस संधू (डिस्ट्रिक्ट चेयर ब्लड डोनेशन), रो. मोहन गुप्ता सीडीएस एवं नगर पालिका अध्यक्ष रोटेरियन शैलेंद्र गुप्ता (असिस्टेंट गवर्नर) विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में संस्थापक डॉ. दिनेश गुप्ता, क्लब अध्यक्ष नीरज गुप्ता, सचिव राजेश रस्तोगी, संदीप खंडेलवाल, राजेश खन्ना, हर्ष गुप्ता, संजीव गुप्ता, विनय, श्याम खंडेलवाल, राम गुप्ता, दीपक बंसल, दीपक अग्रवाल, चंद्रपाल जैन, अनूप गुप्ता, आलोक सिंघल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। रोटरी क्लब के सदस्य संदीप खंडेलवाल ने इस अवसर पर एक विशेष वीडियो संदेश के माध्यम से लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील की। वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे जरूरतमंद लोगों को नया जीवन मिलता है।

### जगंल से सटे गांवो में बंदरों का आतंक से लोग परेशान

**पूरनपुर।** जगंल से सटे गांवो में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। जिससे आमजन का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। घुंघचाई, सिमराया,कालाबोझ, भगवंतापुर, लोहन्ना सोहन्ना सहित अन्य गांवो में बंदरों के झुंड खुलेआम घूम रहे हैं और लोगों के घरों में घुसकर खाने-पीने का सामान नुकसान पहुंचा रहे हैं। ब्यापारियों की दुकानो पर पहुंच कर नुकसान कर रहे है। छतों पर सूख रहे कपड़े फाड़ देना,रसोई में घुसकर खाद्य सामग्री बिखेर देना और छोटे बच्चों को डराना अब आम बात हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह और शाम के समय बंदरों का आतंक और बढ़ जाता है। जिससे लोग अपने घरों के दरवाजे और खिड़कियां बंद रखने को मजबूर हैं। क्षेत्र के निवासियों ने बताया कि कई बार बंदरों ने राह चलते लोगों पर हमला भी किया है, जिससे कई लोग घायल हो चुके हैं। विशेष रूप से बच्चे और बुजुर्ग सबसे अधिक प्रभावित हैं। अभिभावक अपने बच्चों को अकेले बाहर भेजने से कतरा रहे हैं।

# वरुण गांधी की आयोजित की गई बैठक

- बैठकर भविष्य की राजनीति व अन्य बिन्दुओं पर चर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** गुरुबार को नगर स्थित होटल मधुबन में टीम वरुण गांधी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में ओएसडी कमलकांत पूरनपुर पहुंचे,जंहा उनका पुष्प-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। बैठक का संचालन उनके निर्देशन में संपन्न हुआ।


टीम वरुण गांधी को दिशा निर्देश देते कमलकांत। -जागरण मोर्चा

बैठक का मुख्य एजेंडा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करना एवं भविष्य की राजनीतिक रणनीति पर विस्तृत विचार विमर्श करना रहा। इस दौरान टीम को संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त बनाने,जनहित के कार्यों में गति लाने तथा पूरनपुर क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु गहन मंथन किया गया। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और जनता की आकांक्षाओं को सर्वोपरि रखते हुए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प दोहराया। बैठक में कार्यकर्ताओं का उत्साह एवं जनसेवा के प्रति समर्पण विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों में जनसंपर्क अभियान को और अधिक व्यापक एवं प्रभावी बनाया जाएगा। साथ ही, केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँचाने हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा। टीम वरुण गांधी पूरी निष्ठा, एकजुटता और सेवा भाव के साथ जनता की आवाज़ बनकर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। अन्य कई बिन्दुओं पर बिस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान पूर्व सांसद प्रतिनिधि संतराम विश्वकर्मा,गिरजा शंकर,सोभित सहित कई लोग मौजूद रहे।

# निरीक्षण कर किसानों को दी गईं सर्वे पर्ची

- गुणवत्ता और पारदर्शिता का किया गया परीक्षण

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** गुरुबार को चीनी मिल क्षेत्र के ग्राम औरंगाबाद व शिकारपुर में संचालित गन्ना सर्वेक्षण कार्य का स्थलीय निरीक्षण खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान गन्ना किसानों को मौके पर ही गन्ना सर्वे पर्ची वितरित की गई तथा सर्वे कार्य की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता का परीक्षण किया गया।


गन्ना सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण करते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

निरीक्षण के समय गन्ना किसानों से अनुरोध किया गया कि वे सर्वेक्षण के दौरान अपनी गन्ना किस्म सही एवं पूर्ण रूप से दर्ज कराएं। सही गन्ना किस्म अंकित होने से आगामी पेराई सत्र में गन्ना तौल,पर्ची निर्गमन एवं गन्ना आपूर्ति में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी तथा किसानों को समय से गन्ना पर्चियां प्राप्त हो सकेंगी।

किसानों को यह भी अवगत कराया गया कि मौके पर दी जा रही सर्वे पर्ची में गन्ना सर्वे से संबंधित समस्त महत्वपूर्ण जानकारियां जैसे गन्ना किस्म, गन्ना क्षेत्रफल, फसल का प्रकार, फसल की दशा, बुवाई का प्रकार आदि अंकित रहती हैं। किसानो को पर्ची का सावधानीपूर्वक अवलोकन कर किसी त्रुटि की स्थिति में तत्काल संबंधित गन्ना पर्वेक्षक को अवगत कराएं। कोई भी किसान भाई गलत सर्वे या गलत गन्ना किस्म दर्ज करने का दबाव गन्ना पर्वेक्षक पर न डाले। सर्वे मे यदि कोई समस्या आती है तो ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, जिला गन्ना अधिकारी या गन्ना विकास विभाग के टोल फ्री नंबर पर सूचना दे, इस अवसर पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पूरनपुर, मुख्य गन्ना अधिकारी पूरनपुर, सर्किल प्रभारी सहित पवन कुमार, रामकुमार, लियाक़त हुसैन, हरेंद्र सिंह, अजीत सिंह एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दहेज के लिए तमंचे से फायरिंग कर विवाहिता को जान से मारने का प्रयास

- ससुरालियों पर सोने की चेन लूटने का आरोप, केस दर्ज

**पूरनपुर/माधोटांडा।** विवाहिता को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया गया। घर में घुसकर तमंचे से फायर कर विवाहिता को जान से मारने का प्रयास किया। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव सुंदरपुर फुल्हर निवासी पूजा देवी की शादी नौ साल पहले सुरेंद्र के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपये की नकदी की मांग करने लगे। पीड़िता का कहना है कि मांग पूरी न होने पर उसे लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। कई बार परिवार के लोगों ने समझौता कराने का प्रयास किया, लेकिन आरोपितों का व्यवहार नहीं बदला। 19-4-2026 को ससुरालियों ने उसके पति के साथ मारपीट की। थाने पर तहरीर देने से ससुराली रंजिश रखने लगे,एक मई को ससुरालियों ने उसको घेर लिया। जान से मारने की नीयत से विवाहिता पर फायरिंग की। जिसमे महिला बाल बाल बची। इसके बाद पति और उसको मारा पीटा। जिससे दोनो घायल हो गए।फायरिंग से खलवली मच गई। महिला अपने पति के साथ माधोटांडा थाने पहुंची और तहरीर दी। आरोप है कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज नही की। और ना ही पुलिस ने मेडिकल कराया। आरोप है कि ससुराली उसके आभूषण लूट ले गए। रिपोर्ट दर्ज ना होने पर महिला ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर श्रीकृष्ण, श्यामा देवी,सुशीला,आरती देवी, कैलाश,उमादेवी,राम प्रताप, माया देवी व कमलेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है। आरोपितों की भूमिका की पड़ताल की जा रही है और जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# खेत से वापस आ रहे ग्रामीण की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** खेत से वापस घर लौट रहे ग्रामीण को तेज गति से रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव बलरामपुर निवासी रामनिवास गुरुवार को किसी काम से खेत पर गया था। समय करीव साढे चार बजे वह खेत से वापस लौट रहे थे। तभी बलरामपुर-पुन्नापुर टांडा मार्ग पर वह एक पेड़ के नीचे छाया में आराम करने के लिए बैठ गया। इसी दौरान तेज रफ्तार व लापरवाही से आ रहे अज्ञात वाहन चालक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद जब तक लोग मौके पर आते तब तक वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। खून से लथपथ पडे ग्रामीण को लोगों ने देखा तो खलवली मच गई। सूचना पाकर परिवार में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर एकत्र हो गए और पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घुंघचाई थाना प्रभारी राजीव कुमार ने वताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, मामले की जांच की जा रही है। तहरीर नही मिली है। पुलिस वाहन चालक की तलाश कर रही है। जल्द ही वाहन चालक की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।घटना से परिवार में चीत्कार मची हुई है। जिनका रोरो कर वुराहाल है।

# शौचालय के विवाद में दो भाइयों के परिवार भिड़े

**पूरनपुर।** मामूली कहासुनी के बाद दो सगे भाइयों के परिवार आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चलने लगे। संघर्ष के दौरान महिलाओं और बच्चों में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस से शिकायत की गई है। थाना सेहरामऊ उत्तरी गांव मुरादपुर माती निवासी उस्मान का अपने भाई से विवाद चला आ रहा था। बताया जा रहा है कि घर के पास बने शौचालय के इस्तेमाल और रास्ते को लेकर दोनों पक्षों में पहले भी कई बार कहासुनी हो चुकी थी। गुरुबार को एक पक्ष द्वारा शौचालय के पास सामान रखने को लेकर विवाद शुरू हुआ। देखते ही देखते दोनों ओर से गाली-गलौज होने लगी और मामला मारपीट तक पहुंच गया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे लेकर आमने-सामने आ गए। महिलाओं ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन गुस्साए लोग नहीं माने। संघर्ष में कई लोगों के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं, झगडे को लेकर खववली मच गई। लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। वमुश्किल लोगों ने विवाद को शांत कराया। सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों से पूछताछ की। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।




ईद मुबारक

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया

# ईद-उल-अजहा पर जनपद में अमन, भाईचारे और अकीदत का माहौल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जनपद भर में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व गुरुवार को अकीदत, उल्लास और भाईचारे के माहौल में शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। शहर से लेकर कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों तक ईदगाहों एवं मस्जिदों में नमाज अदा कर मुल्क की तरक्की, अमन-चैन और खुशहाली की दुआएं मांगी गईं। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। बकरीद के अवसर पर जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने पीलीभीत ईदगाह पहुंचकर नमाजियों से मुलाकात की और ईद की मुबारकबाद दी। उन्होंने जनपदवासियों से पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। इसके बाद अधिकारियों ने ईदगाह चौराहे से बरेली गेट, कोतवाली होते हुए खकरा चौकी तक भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी एवं नगर पालिका के अधिकारी भी मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया एवं क्षेत्राधिकारी पूरनपुर प्रदीप दहिया ने भी थाना पूरनपुर क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था का निरीक्षण किया। पूरनपुर। ईद-उल-अजहा का त्योहार अमन और सुकून के माहौल में मनाया गया। ईदगाह में जामा मस्जिद के इमाम द्वारा ईद की नमाज अदा कराई गई। नमाज से पूर्व मुस्लिम पर्सनल बोर्ड के अध्यक्ष हाफिज नूर अहमद ने तकरीर करते हुए कहा कि आज के बच्चे मोबाइल में अधिक समय बिता रहे हैं और तालीम से दूर होते जा रहे हैं। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को शिक्षा और इस्लामी तालीम देने की अपील की। साथ ही खुले में कुर्बानी न करने और कुर्बानी के फोटो सोशल मीडिया पर साझा न करने की नसीहत दी। पैगाम-ए-अमन काउंसिल के सदर एवं पूर्व सभासद तौफीक अहमद कादरी ने भी लोगों से कुर्बानी के दौरान कानून और सामाजिक सौहार्द का ध्यान रखने की अपील की। मौलाना फजले अहमद नूरी ने मुल्क में अमन-चैन और भाईचारे के लिए दुआ कराई। नगर की विभिन्न मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा की गई, जहां उलेमाओं ने सुन्नत-ए-इब्राहीमी अपनाने और गरीबों की मदद करने का पैगाम दिया। ईदगाह में मुफ्ती अहमद रजा ने नमाज अदा कराई। हाफिज नूर मोहम्मद अज़हरी ने ईद-उल-अजहा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व कुर्बानी, त्याग और इंसानियत की सेवा का संदेश देता है। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर एसडीएम अजीत प्रताप सिंह, कोतवाल पवन कुमार पांडे, सभासद मोहम्मद हनीफ, मोहम्मद शारिक, नादिर रजा बरकाती, मुन्ने मियां अंजना समेत तमाम लोग मौजूद रहे।



शेरपुर कलां। यहां भी पारंपरिक अकीदत और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। नगर की ईदगाह में मौलाना जियाउल मुस्तफा तथा कुरैशियान मस्जिद में मौलाना साजिद रजा ने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और मुल्क की खुशहाली के लिए दुआ मांगी।

त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पहले से अलर्ट रहा। ईदगाह चौराहा समेत प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा तथा अधिकारी लगातार हालात पर नजर बनाए रहे। जनपद भर में ईद-उल-अजहा का पर्व सौहार्द, भाईचारे और शांति के वातावरण में संपन्न होने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली।

# बदहाल बिजली व्यवस्था पर फूटा किसानों का गुस्सा, हाईवे पर लगाया जाम, युवक बोला: आत्मदाह कर लूंगा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** बिसौली क्षेत्र में बिजली कटौती से परेशान किसानों का आक्रोश बुधवार को खुलकर सामने आ गया। परवेजनगर बिजलीघर से आपूर्ति बाधित रहने और लो-वोल्टेज की समस्या से परेशान गुरयारी गांव के किसानों ने बिसौली बिजलीघर पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। गुस्साए किसानों ने हाईवे जाम कर बिजली निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों का कहना था कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। समय से बिजली न मिलने के कारण खेतों की सिंचाई नहीं हो पा रही है, जिससे धान समेत अन्य फसलें सूखने लगी हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं कराया गया। इसी नाराजगी के चलते ग्रामीण बड़ी संख्या में बिजलीघर पहुंच गए।

**युवक ने दी आत्मदाह करने की चेतावनी**

प्रदर्शन के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवक पेट्रोल की बोतल लेकर मौके पर पहुंच गया। युवक ने चेतावनी दी कि यदि जल्द बिजली व्यवस्था सुचारू नहीं की गई तो वह आत्मदाह कर लेगा। युवक के हाथ में पेट्रोल की बोतल देखकर वहां मौजूद लोगों और कर्मचारियों में खलबली मच गई। स्थिति बिगड़ती देख अधिशासी अभियंता नरेंद्र कुमार मौके से चले गए। इससे किसानों का गुस्सा और बढ़ गया। उन्होंने हाईवे पर बैठकर प्रदर्शन तेज कर दिया। प्रदर्शन के चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**इंस्पेक्टर ने किया समझाने का प्रयास**

हाईवे जाम और तनावपूर्ण स्थिति की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया। सूचना पर क्राइम इंस्पेक्टर चमन गिरी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रदर्शन कर रहे किसानों को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्या अधिकारियों तक पहुंचाकर जल्द समाधान कराया जाएगा।

काफी देर तक चले हंगामे के बाद भी किसान अपनी मांगों पर अड़े रहे। देर शाम तक पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी किसानों से वार्ता कर स्थिति को सामान्य कराने में जुटे रहे।

## सार संक्षेप

### विवाहिता की संदिग्ध मौत के बाद जहरीला पदार्थ देकर हत्या का आरोप


पोस्टमार्टम हॉउस पर जानकारी देते परिजन।

**उघैती।** विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद मायके वालों ने जहरीला पदार्थ देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि विवाहिता के पास एक बेटी थी, जिसकी वजह से उसके ससुराल वाले उसके पति की दूसरी शादी करना चाहते थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह साफ न होने पर विरसा सुरक्षित कर जांच के लिए भेजा गया है। मामला उघैती थाना क्षेत्र के कूवरी कामसहाय गांव का है। यहां के रहने वाले राजेश की 23 वर्षीय पत्नी कुसुमा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। कुसुमा की मौत के बाद उसके मायके वालों ने जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि उसके एक बेटी है, जिसकी वजह से ससुराल वाले राजेश की दूसरी शादी करवाना चाहते थे और इसी कारण उन्होंने कुसुमा को जहर देकर मार दिया। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मायके वालों ने बताया कि जरीफनगर थाना क्षेत्र के लाहौरपुरा गांव निवासी उसके पिता जुगल किशोर ने सात साल पहले उसकी शादी राजेश के साथ की थी। शादी के बाद कुसुमा ने एक बेटी को जन्म दिया, लेकिन इसके बाद कोई बच्चा नहीं हुआ। मायके वालों का आरोप है कि परिवार के लोगों को बेटे की चाहत थी, ताकि जमीन इधर-उधर न जाए। इसी वजह से वे दूसरी शादी कराना चाहते थे और कुसुमा को जहर देकर मार दिया। वहीं कुसुमा के पति राजेश का कहना है कि गांव के ही एक व्यक्ति से उसका झगड़ा हो गया था। वह शिकायत करने के लिए जा रहा था, तभी पत्नी बीच-बचाव करने लगी। इसके बाद अकेला शिकायत करने थाने जा रहा था तभी कुछ लोगों ने बीच बचाव कर कर घर वापस भेज दिया। घर लौटने के बाद पत्नी की हालत बिगड़ गई और उसके मुंह से झाग निकल रहे थे। राजेश ने जहर देने के आरोप से इनकार किया है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह साफ न होने पर विरसा सुरक्षित कर जांच के लिए भेजा गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, जांच और मायके वालों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### किशोरी को कार में डालकर ले जाने वाले युवक समेत कई पर मुकदमा

**बदायूं।** नाबालिग किशोरी को कार में डालकर ले जाने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों का आरोप है कि किशोरी दुकान पर सामान लेने गई थी, तभी आरोपी उसे जबरन अपने साथ ले गए। परिवार ने आरोपी युवक के पिता पर कार्रवाई न करने का दबाव बनाने का भी आरोप लगाया है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है और किशोरी की तलाश की जा रही है। मामला सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले का है। यहां रहने वाली एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 15 मई की रात करीब नौ बजे उनकी 16 वर्षीय बेटी घर के पास दुकान पर गई थी। आरोप है कि मोहल्ला कटरा ब्राह्मपुर निवासी कौशल पुत्र अरविंद अपने साथी के साथ कार से आया और किशोरी को जबरन गाड़ी में डालकर ले गया। काफी तलाश के बाद जानकारी हुई कि कौशल उसे अपने साथ ले गया है। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि पहले भी कौशल किशोरी को बहला अपने साथ ले जा चुका है। किशोरी की मां ने बताया कि उनके पति जब दिल्ली से वापस लौटे तो उन्होंने आरोपी कौशल के पिता अरविंद से फोन पर बातचीत की। आरोप है कि अरविंद ने कार्रवाई न करने की बात कहते हुए लड़की वापस दिलाने का भरोसा दिया। काफी तलाश के बाद भी किशोरी का कोई पता नहीं चला तो परिवार ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने कौशल और उसके साथी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और किशोरी की बरामदगी के लिए तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मुठभेड़ में तीन बदमाश गिरफ्तार, गोली लगने से दो घायल, पुलिस ने लूटकांड का किया खुलासा

## पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से लूटा गया माल, नकदी और अवैध हथियार किए हैं बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। -जागरण मोर्चा


घायल आरोपी व बरामद सामान। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** इस्लामनगर इलाके में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान दो बदमाशों के पैर में गोली लगी और एक हेड कांस्टेबल भी घायल हो गया।

इस्लामनगर इलाके में हुई लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान दो बदमाशों के पैर में गोली लगी, जबकि एक हेड कांस्टेबल भी घायल हो गया। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से लूटा गया माल, नकदी और अवैध हथियार बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, 16/17 मई की रात ग्राम सुंदरनगर में लूट हुई थी। अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पुलिस लगातार बदमाशों की तलाश में जुटी थी। बुधवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि संदिग्ध बदमाश ग्राम कंधरपुर स्थित एक बंद पड़े ईंट भट्टे के पास हैं। पुलिस टीम ने घेराबंदी की। खुद को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षार्थ गोली चलाई, जिसमें दो बदमाश घायल हो गए। मुठभेड़ के दौरान हेड कांस्टेबल अमित कुमार भी घायल हुए। घायल पुलिसकर्मी और बदमाशों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**ये बदमाश हुए गिरफ्तार**

पुलिस ने मौके से तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान नदीम उर्फ शाकिर, आस मोहम्मद और सद्दू के रूप में हुई है। ये सभी सिरौली, बरेली के निवासी हैं। नदीम उर्फ शाकिर और आस मोहम्मद के दाहिने पैर में गोली लगी है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से एक जोड़ी सफेद धातु की पाजेब, दो ओम लॉकेट, एक पीली धातु की अंगूठी, सात हजार रुपये नकद और एक टॉर्च बरामद की है, साथ ही दो तमंचे 315 बोर, दो जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस भी मिले हैं।

**गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी**

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण हृदेश कठेरिया ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने संभावना जताई कि गिरोह के अन्य सदस्य भी जल्द पुलिस की गिरफ्त में होंगे। पुलिस मुठभेड़ और बरामदगी के संबंध में अलग से अभियोग पंजीकृत किया गया है। आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### अनियंत्रित रोडवेज बस ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, पांच घायल

**सहसवान।** नियंत्रित रोडवेज बस ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा सवार पांच लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

हादसा गुरुवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे नगर के मध्य बदायूं-मेरठ हाईवे के जहांगीराबाद चौराहे पर हुआ। बदायूं की ओर से आ रही रोडवेज बस ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा में बैठे मोहल्ला अकबराबाद निवासी रतन, चोब सिंह, राज कपूर, मोहल्ला जहांगीराबाद निवासी अनुज और नयागंज निवासी टिंकू घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि ई-रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घायलों को तत्काल सीएचसी पहुंचाया गया। यहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### ईओ की कुर्सी पर युवक को बैठाकर बनाई रील, वीडियो वायरल होने से मचा बवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** नगर पंचायत उसावां में एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें नगर पंचायत में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर तैनात राजू सक्सेना के रिश्तेदार अभिषेक सक्सेना को अधिशासी अधिकारी (ईओ) की कुर्सी पर बैठाकर रील बनाते हुए दिखाया गया है। वीडियो सामने आने के बाद कस्बे में चर्चा का माहौल है और लोगों ने मामले में कार्रवाई की मांग उठाई है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत कार्यालय जैसी सरकारी संस्था में जिम्मेदार पद की कुर्सी पर किसी बाहरी व्यक्ति को बैठाकर वीडियो बनाना सरकारी गरिमा और कार्यालयीन अनुशासन के विपरीत है। उनका कहना है कि अधिशासी अधिकारी की कुर्सी प्रशासनिक अधिकार और जिम्मेदारी का प्रतीक होती है, इसलिए इस प्रकार की हरकत से पद की गरिमा को ठेस पहुंची है। वायरल वीडियो को लेकर कस्बे के लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि वीडियो की सत्यता की पुष्टि होती है तो संबंधित कर्मचारियों और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में सरकारी कार्यालयों में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों। फिलहाल वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। मामले को लेकर नगर पंचायत प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# बारह साल विश्वास और विकास के, जनता के भरोसे की पहचान बने :राजीव

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते सदर विधायक। -जागरण मोर्चा

**बदायूँ।** भाजपा कार्यालय पर आगामी 05 जून से 21 जून 2026 तक चलने वाले "बारह साल विश्वास के, विकास के, जन कल्याण के" अभियान को लेकर आयोजित जिला कार्यशाला को जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12वर्ष भारत के स्वाभिमान, सुशासन, सेवा और जनकल्याण के स्वर्णिम अध्याय के रूप में याद किए जा रहे है। इन वर्षों में देश ने विकास, सुरक्षा, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान सम्मान एवं युवाओं के सशक्त भविष्य की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने कहा मोदी सरकार ने अंत्योदय के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि "बारह साल विश्वास के, विकास के, जन कल्याण के" अभियान संगठन की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मंडल स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित होगा। 13 जून को जिला स्तर पर मीडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। 14 से 16 जून तक ब्लॉक स्तर पर जन कल्याण शिविर लगाए जाएंगे, जिनमें विभिन्न सरकारी योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि 16 जून को विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिनमें समाज के प्रबुद्ध एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। वहीं 17 जून को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिससे आमजन सरकार के विकास कार्यों से अवगत हो सकें। उन्होंने आगे बताया कि 18 एवं 19 जून को किसान मोर्चा द्वारा प्राकृतिक खेती कार्यशाला आयोजित की होगी, जिसमें किसानों को प्राकृतिक खेती, जैविक उत्पादों, तथा आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। कार्यशाला में प्रगतिशील किसानों एवं कृषि विशेषज्ञों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 08 से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत समाज के प्रबुद्ध एवं विशिष्ट लोगों से संपर्क किया जाएगा।

सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा "बारह साल विश्वास के, विकास के, जन कल्याण के" अभियान भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए जनता के बीच जाकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाने का महत्वपूर्ण अवसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने सेवा, सुशासन, सुरक्षा और विकास के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। आज भारत विश्व पटल पर मजबूत नेतृत्व और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अभियान के दौरान बूथ स्तर तक सक्रिय भूमिका निभाते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, गरीब कल्याण कार्यक्रमों एवं विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगा। उन्होंने आगे कहा भाजपा का मूल मंत्र सेवा, संगठन और राष्ट्र प्रथम की भावना है, जिसे कार्यकर्ता समाज के बीच निरंतर मजबूत करने का कार्य करेंगे।

जिला कार्यशाला में मंच का संचालन जिला महामंत्री जोगेंद्र सिंह पटेल ने किया।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख शिशुपाल शाक्य, ब्लॉक प्रमुख वीरेन्द्र राजपूत, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुभाष चंद्र गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अनेकपाल सिंह, चैयरमैन कछला जगदीश लोनिया आदि पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।


**त्यौहार** अकीदत से मनाया गया ईद-उल-अजहा का त्योहार, मस्जिदों और ईदगाहों में अदा की गई नमाज, डीएम एसएसपी समेत अधिकारी लेते रहे हर पल की जानकारी

# जिले भर में अक़ीदत के साथ मनाया गया ईद उल अजहा का पर्व

- शहर में डीएम व एसएसपी ने ईदगाह पहुंचकर सुरक्षा का कराया अहसास

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिले भर में ईद-उल-अजहा का त्योहार गुरुवार को जिलेभर में अकीदत के साथ मनाया गया। मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी। इसके बाद कुर्बानी का दौर शुरू हुआ। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। डीएम अवनीश राय एवं एसएसपी अंकिता शर्मा ने भारी पुलिस बल के साथ ईद-उल-अजहा के अवसर पर ईदगाह, मस्जिदों पर नमाज को सकुशल संपन्न कराने तथा शांति-सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत नगर क्षेत्र की विभिन्न ईदगाह,मस्जिदों पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।


बिसौली में नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग। -जागरण मोर्चा


पूर्व मंत्री आबिद रजा ईद पर लोगों के गले मिलते हुए। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** ईद उल अजहा का पर्व बड़े ही उत्साह और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह से ही मस्जिदों और ईदगाह में नमाज अदा करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद ने ईदगाह पहुंचकर लोगों को मुबारकबाद दी।

नमाज से पहले मुस्लिम धर्मगुरुओं ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बकरीद का त्योहार त्याग, इंसानियत, भाईचारे और अल्लाह की राह में कुर्बानी का संदेश देता है। नगर की ईदगाह में ईद की नमाज काजी इज़हारुल हक अशरफी ने अदा कराई। वहीं बिलाल मस्जिद में ईद की नमाज हाफिज शादाब रजा उवैसी ने, हाजी बाबा खानकाह में अदा कराई। नगर की जामा मस्जिद में हाफिज अब्दुल मुक्तदिर अहमद ने, कादरी मस्जिद में मौलाना अफलाक रजा उवैसी ने नमाज अदा कराई। नफीस मस्जिद में हाफिज मजहर खान ने, मदीना मस्जिद में मौलाना रफीक खां ने ईद की नमाज अदा कराई। मुंसिफी वाली मस्जिद में हाफिज इमरान ने नमाज अदा कराई। इधर ग्राम पपगांव में ईद की नमाज मौलाना असलम रजा नूरी, गांव दवतोरा ईदगाह में ईद की नमाज मौलाना तस्लीम रजा ने अदा कराई। लक्ष्मीपुर की बिलाल मस्जिद में हाफिज अब्दुल हकीम रिज़वी ने नमाज अदा कराई। ग्राम मौजमपुर की ईदगाह में ईद की नमाज हाफिज अब्दुल हक रिजवी ने अदा कराई। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद द्वारा बकरीद को लेकर साफ सफाई और अपशिष्ट निस्तारण के लिए विशेष निर्देश जारी किए गए। इधर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। ईदगाह मैदान सहित नगर की प्रमुख मस्जिदों पर पुलिस बल तैनात रहा।

**सैदपुर।** कस्बे में ईद उल अजहा का त्योहार अक़ीदत के साथ मनाया गया। कस्बे में साफ सफाई चाक चौबंद करने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष इशरत अली खान ने एक दिन पहले से ही सफाई कर्मचारियों को निर्देश देते हुए गली-गली सफाई अभियान चलाया गया। गुरुवार सुबह ईदगाह मस्जिदों में लोगों ने श्रद्धा भाव के साथ नवाज अदा की। अध्यक्ष ने शरबत वितरण से लेकर अन्य उपहार भी कस्बे के लोगों को भेंट किए। ईदगाह पर जाकर लोगों से ईद की मुबारक पेश की और लोगों के गले मिले।

### पूर्वमंत्री आबिद रजा ने ईदगाह पहुंचकर नमाजियों के गले मिलकर दी ईद उल अज़हा की मुबारकबाद

**बदायूं।** पूर्वमंत्री आबिद रज़ा ने ईद उल अज़हा की नमाज ईदगाह में अदा की। ईदगाह पर पूर्व मंत्री आबिद रज़ा की ओर से हर साल की तरह इस बार भी एक कैंप लगाया गया। इस कैम्प में पूर्वमंत्री आबिद रजा साहब के साथ बदायूं लोक सभा सांसद आदित्य यादव के निजी सचिव अनिल गोस्वामी, आज़मगढ़ के सांसद धर्मेंद्र यादव के निजी सचिव अवधेश यादव ,आज़मगढ़ के सांसद धर्मेंद्र यादव के निजी सचिव विपिन यादव और ने लोगो से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और भाईचारे की मिसाल पेश की। पूर्व मंत्री आबिद रजा ने सभी नमाजियों के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। पूर्व मंत्री आबिद रजा के साथ उनके बड़े बेटे दयान रजा और छोटे बेटे अदान रजा भी मौजूद रहे। नमाज अदा करने के बाद सभी नमाजियों ने पूवमंत्री आबिद रज़ा के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। युवाओ में पूर्वमंत्री आबिद रज़ा के साथ सेल्फी लेने की होड़ लगी रही। नमाज के बाद पूर्वमंत्री आबिद रज़ा ज़िला काज़ी हज़रत अतीफ मिंया कादरी साहब से मिलने उनके आवास पहुँचे । इस अबसर पर बदायूं लोकसभा सांसद आदित्य यादव के निजी सचिव अनिल गोस्वामी, आजमगढ़ सांसद धर्मेंद्र यादव के निजी सचिव अवधेश यादव, विपिन यादव, ओमवीर सिंह यादव, हर्षित यादव, सभासद अनवर खां, सभासद छोटा, सभासद मुशाहिद, सभासद भूरे पीर जी, फ़रहत सिद्दीकी, अनीस सिद्दीकी, कौसर अली, युनुस अल्वी, सी एल गौतम एडवोकेट, अमन यादव, फहीम, बब्लू रिजवान सहित नगर पालिका स्टाफ आदि लोग मौजूद रहे।

# वैभव सूर्यवंशी के वैभवशाली प्रदर्शन में छिपी यशस्वी की चमक? अंबाती रायुडू ने दे डाली टीम छोड़ने की सलाह




**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने अपने विस्फोटक प्रदर्शन से सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। इस बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने बड़ा बयान देते हुए कहा है कि यशस्वी जायसवाल को अब राजस्थान रॉयल्स छोड़कर किसी दूसरी टीम में जाना चाहिए, ताकि वह वैभव सूर्यवंशी की छाया से बाहर निकल सकें।

यशस्वी जायसवाल साल 2020 से राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा हैं। उन्होंने अब तक टीम के लिए 82 मैचों में 2592 रन बनाए हैं। हालांकि, मौजूदा सीजन में उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। जायसवाल ने 15 मैचों में 426 रन बनाए, लेकिन लगातार बड़ी पारियां खेलने में नाकाम रहे।

वहीं, दूसरी ओर युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 680 रन बनाए हैं और फिलहाल ऑरेंज कैप उनके पास है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबले में भी दोनों बल्लेबाजों के प्रदर्शन में बड़ा अंतर देखने को मिला। जायसवाल ने 29 गेंदों में 29 रन बनाए, जबकि सूर्यवंशी ने उसी संख्या की गेंदों पर 97 रन ठोक दिए। ईएसपीएनक्रिकइन्फो पर बातचीत के दौरान अंबाती रायुडू ने कहा कि यशस्वी जायसवाल खुद एक बड़े मैच विनर खिलाड़ी हैं, लेकिन राजस्थान में उन्हें वह स्पेस नहीं मिल पा रहा है जिसकी उन्हें जरूरत है। रायुडू ने कहा, 'उन्हें टीम बदलनी चाहिए। वह हर बार वैभव सूर्यवंशी के साथ बल्लेबाजी करते हुए दब नहीं सकते। यशस्वी खुद एक स्टार खिलाड़ी हैं। अगर वह किसी दूसरी टीम में जाएंगे तो अपने दम पर मैच जिता सकते हैं।' उन्होंने आगे कहा कि सूर्यवंशी जैसा खिलाड़ी हमेशा सुर्खियों में रहेगा और उसके साथ ऐसा सीनियर बल्लेबाज होना चाहिए जो उससे प्रतिस्पर्धा महसूस न करे।

जब रायुडू से पूछा गया कि जायसवाल के लिए कौन-सी टीम बेहतर हो सकती है, तो उन्होंने मुंबई इंडियंस का नाम लिया। रायुडू ने कहा, 'मुंबई इंडियंस, जायसवाल के लिए एक अच्छी टीम हो सकती है।' दरअसल, मुंबई इंडियंस में रोहित शर्मा अपने करियर के आखिरी दौर में हैं। ऐसे में भविष्य को देखते हुए टीम को एक आक्रामक भारतीय ओपनर की जरूरत पड़ सकती है और जायसवाल उस भूमिका में फिट बैठ सकते हैं। अगर यशस्वी जायसवाल आगामी सीजन से पहले ऑक्शन पूल में आते हैं, तो कई फ्रेंचाइजी उन पर बड़ी बोली लगा सकती हैं।

## विश्वकप में दिखेगा भारतीय महिला अधिकारियों का दम, आईसीसी पैनल में चार नाम शामिल




**नई दिल्ली।** आगामी महिला टी20 विश्व कप 2026 के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 18 सदस्यीय ऑल-फीमेल मैच ऑफिशियल्स पैनल की घोषणा कर दी है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत की चार महिला अधिकारियों को जगह मिली है, जिनमें अनुभवी मैच रेफरी जीएस लक्ष्मी भी शामिल हैं। यह लगातार तीसरा महिला टी20 विश्व कप होगा, जिसमें पूरी तरह महिला मैच ऑफिशियल्स की नियुक्ति की गई है। टूर्नामेंट का आयोजन 12 जून से इंग्लैंड और वेल्स में होगा।

आईसीसी द्वारा जारी सूची में भारत की जीएस लक्ष्मी को मैच रेफरी बनाया गया है, जबकि वृंदा राठी और जनानी एन को अंपायरों के पैनल में शामिल किया गया है। इनके अलावा गायत्री वेणुगोपालन भी टूर्नामेंट में अंपायरिंग करती नजर आएंगी। आईसीसी के अनुसार, यह चयन अधिकारियों के प्रदर्शन, अनुभव और निर्णय क्षमता के व्यापक मूल्यांकन के आधार पर किया गया है।

आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजोग गुप्ता ने कहा, 'महिला टी20 विश्व कप 2026 के लिए चुना गया यह पैनल क्रिकेट के हर क्षेत्र में प्रतिनिधित्व बढ़ाने की आईसीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।' उन्होंने आगे कहा कि मैच अधिकारियों के चयन में निष्पक्ष और साक्ष्य-आधारित प्रक्रिया अपनाई गई है।

टूर्नामेंट के दौरान कुल 33 मुकाबलों में 14 अंपायर और चार मैच रेफरी ड्यूटी निभाएंगे। 2024 संस्करण के नौ अधिकारी इस बार भी वापसी कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया की क्लेयर पोलोसाक सबसे अनुभवी अंपायर होंगी, जो अपने छठे महिला टी20 वर्ल्ड कप में अंपायरिंग करेंगी। वहीं जैकलीन विलियम्स और किम कॉटन पांचवीं बार इस टूर्नामेंट का हिस्सा बनेंगी।

भारतीय महिला टीम अपने अभियान की शुरुआत 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ हाई-वोल्टेज मुकाबले से करेगी।

## ऑरेंज कैप की दौड़ में सभी से आगे हुए सूर्यवंशी, सुदर्शन कर पाएंगे वापसी?




**मुल्लांपुर।** आईपीएल 2026 के एलिमिनेटर मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को 47 रनों से हराया। आरआर की जीत के नायक वैभव सूर्यवंशी रहे, जिन्होंने 29 गेंदों में 97 रनों की आतिशी पारी खेली। 15 वर्षीय बल्लेबाज ने अपनी इस तूफानी पारी के साथ ही ऑरेंज कैप की दौड़ में खुद को सभी से आगे कर लिया है।

वैभव ने साई सुदर्शन की बादशाहत को खत्म कर दिया है। वैभव आईपीएल 2026 में खेले 15 मुकाबलों में 45 की औसत और 242 के स्ट्राइक रेट से 680 रन बना चुके हैं। वहीं, गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज सुदर्शन 652 रनों के साथ दूसरे नंबर पर खिसक गए हैं। एलिमिनेटर मैच में सिर्फ 18 रन बनाने वाले सनराइजर्स हैदराबाद के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन इस सीजन सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में 624 रनों के साथ तीसरे नंबर पर काबिज हैं। वहीं, गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल 14 मुकाबलों में 618 रन बनाकर लिस्ट में चौथे नंबर पर काबिज हैं। एसआरएच के बल्लेबाज ईशान किशन 15 मुकाबलों में 602 रन बनाकर पांचवें स्थान पर मौजूद हैं। वहीं, विराट कोहली 15 मुकाबलों में 600 रनों के साथ छठे नंबर पर हैं, जबकि केएल राहुल 593 रन बनाने के बाद सातवें स्थान पर हैं।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार का पर्पल कैप पर कब्जा बरकरार है। भुवनेश्वर 15 मुकाबलों में 18.15 की औसत से 26 विकेट अपने नाम कर चुके हैं। गुजरात टाइटंस के गेंदबाज कगिसो रबाडा 15 मुकाबलों में 26 विकेट के साथ दूसरे पायदान पर मौजूद हैं। जोफ्रा आर्चर 24 विकेट लेकर तीसरे स्थान पर चल रहे हैं, जबकि चेन्नई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज 14 मुकाबलों में 21 विकेट के साथ चौथे नंबर पर हैं। वहीं, सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाज ईशान मलिंगा 20 विकेट चटकाकर पांचवें स्थान पर काबिज हैं।

# हार्दिक पांड्या ने डिलीट किया इंस्टाग्राम अकाउंट?



**नई दिल्ली।** भारतीय ऑलराउंडर और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या उस समय चर्चा में आ गए, जब उनका इंस्टाग्राम अकाउंट अचानक दिखना बंद हो गया। कई यूजर्स को उनके प्रोफाइल पर 'यूजर नॉट फाउंड' का मैसेज दिखा, जबकि कुछ लोगों को अकाउंट बिना प्रोफाइल फोटो और पोस्ट्स के नजर आया।

सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स ने दावा किया कि उन्हें हार्दिक पांड्या का अकाउंट नहीं मिला। इंस्टाग्राम पर हार्दिक का नाम सर्च करने पर 'यूजर नॉट फाउंड' का मैसेज दिखा, जबकि कुछ ने दावा किया कि उन्हें अकाउंट बिना प्रोफाइल फोटो और पोस्ट्स के नजर आया। सोशल मीडिया पर इस घटना के बाद तरह-तरह की अटकलें लगने लगीं। कुछ यूजर्स ने दावा किया कि हार्दिक ने अपना अकाउंट डिलीट कर दिया है, जबकि कुछ का मानना था कि उन्होंने अकाउंट अस्थायी रूप से डीएक्टिवेट किया था। हालांकि, कुछ घंटों बाद उनका इंस्टाग्राम अकाउंट फिर से सामान्य रूप से दिखाई देने लगा।

हार्दिक पांड्या के इंस्टाग्राम अकाउंट के अचानक गायब होने की घटना ऐसे समय में हुई है, जब उनकी टीम मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2026 में बेहद खराब प्रदर्शन किया। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने 14 में से सिर्फ चार मुकाबले जीते और 10 टीमों की तालिका में नौवें स्थान पर रही। टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद हार्दिक को सोशल मीडिया पर लगातार आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। उनकी कप्तानी पर सवाल उठे और निजी जिंदगी को लेकर भी कई तरह की चर्चाएं सामने आईं। हाल ही में अभिनेत्री महिका शर्मा के साथ उनकी सगाई की अफवाहों ने भी सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरी थीं। हाल ही में हार्दिक पांड्या ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा की थी, जिसके बाद उनके चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में शामिल होने की चर्चाएं तेज हो गईं। तस्वीर में उनके फोन पर दिख रहे '07:07' टाइमस्टैम्प को लेकर फैंस ने कई तरह के कयास लगाए। इसी बीच पूर्व भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने भी एक्स पर एक पोस्ट करते हुए लिखा, 'पथिराना, 07:07 & स्टोक्स।' इसके बाद हार्दिक के मुंबई इंडियंस छोड़ने की अफवाहों को और बल मिला। कुछ रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया कि हार्दिक ने इंस्टाग्राम पर मुंबई इंडियंस और टीम के कई खिलाड़ियों को अनफॉलो कर दिया है। हालांकि, इस मामले पर अभी तक हार्दिक या फ्रेंचाइजी की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

हार्दिक पांड्या के लिए आईपीएल 2026 व्यक्तिगत रूप से भी निराशाजनक रहा। उन्होंने आठ पारियों में सिर्फ 146 रन बनाए और गेंदबाजी में केवल तीन विकेट हासिल किए। पूर्व भारतीय बल्लेबाज वसीम जाफर ने कहा कि मुंबई इंडियंस को हार्दिक को टीम में बनाए रखना चाहिए, लेकिन कप्तानी किसी और खिलाड़ी को सौंपने पर विचार करना चाहिए। जाफर ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'मैं हार्दिक को कप्तान नहीं बनाऊंगा, लेकिन उन्हें जरूर रिटेन करूंगा। मैं चाहता हूं कि वह खुलकर खेलें और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें।'

## चेक बाउंस के मामलों में मिलेगी राहत या चलेगी आपराधिक कार्यवाही? तीन जजों की बेंच करेगी फैसला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चेक बाउंस से जुड़े मामलों में आईबीसी मोरेटोरियम लागू होने के अहम सवाल को तीन जजों की बेंच के पास भेज दिया है। जानिए क्या दिवालिया प्रक्रिया में कंपनियों को आपराधिक मामलों से राहत मिलेगी।

जब कोई कंपनी दिवालिया होने की कगार पर हो और उसके खिलाफ रिकवरी की कार्यवाही रुकी हुई हो, तो क्या उसके द्वारा दिए गए चेक के बाउंस होने पर भी उसे कानूनी छूट मिलेगी? भारत के कॉरपोरेट और बैंकिंग जगत से जुड़े इस बेहद अहम सवाल को सुप्रीम कोर्ट ने अब 3 जजों की एक बड़ी बेंच के पास विचार के लिए भेज दिया है। सुप्रीम कोर्ट को यह तय करना है कि इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (IBC) यानी दिवालिया कानून के तहत मिलने वाले 'मोरेटोरियम' (कानूनी कार्यवाही पर रोक) का फायदा क्या नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स (NI) एक्ट की धारा 138 (चेक बाउंस) के तहत चल रहे आपराधिक मामलों में भी मिलेगा या नहीं। दिवालिया कानून के तहत, जब भी किसी डिफाल्टर कंपनी के खिलाफ दिवालिया प्रक्रिया शुरू होती है, तो उसके खिलाफ चल रहे सभी रिकवरी मामलों पर रोक लगा दी जाती है।




## दो सेट जीतने के बाद भी हार गए यानिक सिनर, भीषण गर्मी बनी विलेन



**नई दिल्ली।** फ्रेंच ओपन 2026 में बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जब विश्व नंबर-1 यानिक सिनर दो सेट की बढ़त के बावजूद अर्जेंटीना के जुआन मैनुअल सेरुंडोलो से हारकर दूसरे दौर से बाहर हो गए। भीषण गर्मी और फिटनेस समस्याओं से जूझते सिनर मैच के दौरान पूरी तरह लड़खड़ा गए, जबकि सेरुंडोलो ने शानदार वापसी कर करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

फ्रेंच ओपन 2026 में गुरुवार को टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जब विश्व नंबर-1 यानिक सिनर को अर्जेंटीना के गैर-वरीय खिलाड़ी जुआन मैनुअल सेरुंडोलो ने पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में हराकर बाहर का रास्ता दिखा दिया। भीषण गर्मी में खेले गए इस मुकाबले में सिनर शारीरिक रूप से पूरी तरह जूझते नजर आए और शुरुआती बढ़त के बावजूद मैच गंवा बैठे।

इस मुकाबले में सिनर ने शुरुआती दो सेटों में शानदार खेल दिखाते हुए मैच पर पूरी पकड़ बना ली थी। इटली के स्टार खिलाड़ी ने अपनी दमदार बेसलाइन स्ट्रोक्स और आक्रामक खेल के दम पर पहले दो सेट 6-3 और 6-2 से आसानी से जीत लिए थे। हालांकि तीसरे सेट में मैच का रुख अचानक बदल गया। सिनर 5-1 की बढ़त पर थे और जीत से केवल एक गेम दूर थे, तभी उन्हें चक्कर आने और डिहाइड्रेशन की शिकायत हुई। पेरिस की तेज गर्मी में सिनर की हालत बिगड़ती चली गई और उन्होंने मेडिकल टाइमआउट भी लिया।

मेडिकल ब्रेक के बाद सिनर पहले जैसे नहीं दिखे। उनकी मूवमेंट काफी धीमी हो गई और लंबे रैलियों में वह संघर्ष करते नजर आए। इस मौके का फायदा उठाते हुए जुआन मैनुअल सेरुंडोलो ने शानदार वापसी की। अर्जेंटीना के खिलाड़ी ने कोर्ट के कोनों में सटीक शॉट्स लगाए और लगातार ड्रॉप शॉट्स के जरिए सिनर को दौड़ाया। फिटनेस से जूझ रहे सिनर कई बार गेंद तक पहुंचने की कोशिश भी नहीं कर पाए। सेरुंडोलो ने तीसरा सेट 7-5 से जीतकर मुकाबले में वापसी की और इसके बाद चौथे व पांचवें सेट में पूरी तरह हावी रहे। उन्होंने चौथा सेट 6-1 और पांचवां सेट भी 6-1 से अपने नाम कर मैच 3-6, 2-6, 7-5, 6-1, 6-1 से जीत लिया।

फ्रेंच ओपन के हालिया संस्करणों में खिलाड़ियों को लगातार भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा है। इस बार टूर्नामेंट आयोजकों ने शीर्ष खिलाड़ियों के लिए कम से कम एक मैच दिन के सत्र में खेलना अनिवार्य किया था। सिनर का यह पहला डे-सेशन मुकाबला था, जिसमें वह गर्मी से पूरी तरह जूझते नजर आए। इस हार के बाद फ्रेंच ओपन में खिलाड़ियों की सुरक्षा और वेलफेयर को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं।

## भारत की दमदार शुरुआत, धाविका निपाम ने 100 मीटर में जीता कांस्य पदक



**नई दिल्ली।** भारतीय युवा महिला स्प्रिंटर निपाम ने अंडर-20 एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार शुरुआत करते हुए महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक अपने नाम किया। चार दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन निपाम ने बेहतरीन प्रदर्शन कर भारत को पदक दिलाया।

18 वर्षीय निपाम शुरुआत में ब्लॉक्स से थोड़ी धीमी निकलीं, लेकिन बाद में शानदार वापसी करते हुए 11.62 सेकंड का समय निकाला और तीसरे स्थान पर रहीं। उत्तर प्रदेश की रहने वाली निपाम के नाम अंडर-20 महिला 100 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी दर्ज है। उन्होंने अप्रैल में आयोजित एक घरेलू प्रतियोगिता में 11.53 सेकंड का समय निकालकर यह रिकॉर्ड बनाया था। पदक जीतने के बाद निपाम ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'टीम के लिए कांस्य पदक जीतकर मैं बेहद उत्साहित हूं।' निपाम भारतीय 4x100 मीटर रिले टीम का भी हिस्सा हैं और उन्हें इस प्रतियोगिता में एक और पदक की उम्मीद है।

## पीवी सिंधू का शानदार प्रदर्शन जारी, क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं; सात्विक-चिराग भी जीते



**सिंगापुर।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का शानदार प्रदर्शन जारी है और वह सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। सिंधू ने गुरुवार को महिला एकल वर्ग के मुकाबले में जापान की रिको गुंजी को 37 मिनट तक चले मुकाबले में 21-9 21-12 हराया और अगले दौर में प्रवेश कर लिया। सिंधू के लिए आगे की राह आसान नहीं होने वाली है क्योंकि उन्हें अंतिम आठ दौर में कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त आन सी यंग का सामना करना पड़ेगा।

भारत की चौथी वरीयता प्राप्त पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को हालांकि, क्वार्टर फाइनल में जाने के लिए मेहनत करनी पड़ी। उन्होंने चीनी ताइपे के ली झी हुएई और यांग पो सुआन की जोड़ी को 21-15, 11-21, 21-18 से हराया। सात्विक-चिराग का सामना अब मलयेशिया के खाई जिंग कांग और आरोन ताई की जोड़ी से होगा।




जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail : www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।